

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 261 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 30 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## राम मंदिर मुद्दे पर सियासत तेज, भाजपा-सपा आमने-सामने

**समाज जागरण**

लखनऊ। राम मंदिर में चंदा गड़बड़ी के आरोपों को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव भाजपा पर लगातार हमलावर हैं। वहीं भाजपा पलट-वार की तैयारी में है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि भाजपा अब मथुरा और काशी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर विपक्ष को घेरने की रणनीति बना रही है।

## भरत तिवारी मौत मामलाः जांच पर उठे सवाल

पटना। भरत तिवारी मौत मामले की जांच पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि शिकायत के बावजूद एफआईआर दर्ज करने में देरी हुई और अब तक आरोपी पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी नहीं हुई। शाहाबाद रेंज के डीआईजी द्वारा की जा रही जांच में ग्राउंड जीरो का दौरा और चश्मदीदों के बयान नहीं लेने पर भी सवाल उठ रहे हैं।

## बांग्लादेश के जरिए भारत की घेराबंदी में जुटा चीन

नई दिल्ली। चीन बांग्लादेश के साथ आर्थिक और सामरिक सहयोग बढ़ाकर भारत की पूर्वी सीमाओं पर अपनी मौजूदगी मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रहा है। रिपोर्टों के अनुसार, बांग्लादेश के मोंगला बंदरगाह के पास 110 एकड़ का आर्थिक क्षेत्र एक चीनी सरकारी कंपनी को दिया गया है, जिसे भारत की सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मिली राहत

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में सोमवार शाम हुई बारिश और तेज हवाओं से लोगों को भीषण गर्मी व उमस से राहत मिली। दिन में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया था, लेकिन बारिश के बाद इसमें गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में मानसून के सक्रिय होने से और राहत मिलने की संभावना है।

# 30 साल का इंतजार खत्मः हरियाणा-राजस्थान के बीच यमुना जल समझौता, शेखावाटी समेत मरुक्षेत्र को मिलेगी नई जीवनधारा

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। करीब तीन दशक से लंबित हरियाणा-राजस्थान यमुना जल परियोजना को सोमवार को निर्णायक मंजूरी मिल गई। नई दिल्ली में दोनों राज्यों के बीच बहुप्रतीक्षित यमुना जल समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। लगभग 34,102 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत राजस्थान को 577 एमसीएम (मिलियन क्यूबिक मीटर) यमुना जल उपलब्ध कराया जाएगा। इससे शेखावाटी सहित राजस्थान के जल संकटग्रस्त मरुक्षेत्रों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

समझौते पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान दोनों राज्यों और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसे राजस्थान के जल इतिहास का ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के विजन में जल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों के बेहतर समन्वय से दशकों से लंबित इस परियोजना को नई दिशा मिली है।




उन्होंने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके समन्वय, संवाद और व्यक्तिगत पहल के कारण दोनों राज्यों के बीच सहमति बन सकी। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिका की भी सराहना की।

### 295.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन बनेगी

परियोजना के तहत हरियाणा स्थित हथिनीकुंड बैराज से लगभग 295.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन के जरिए राजस्थान के चूरू जिले के हंसियावास जलाशय तक पानी पहुंचाया जाएगा। इसके लिए 3.6 मीटर व्यास की तीन भूमिगत पाइपलाइनें, निरीक्षण सड़क, कृत्रिम जलाशय तथा आधुनिक जल प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाएगी। हरियाणा में भी 10 स्थानों पर पेयजल उपलब्ध कराने का प्रावधान रखा गया है।

### डीपीआर तैयार, बनेगा विशेष प्रोजेक्ट वाहन

राजस्थान सरकार परियोजना की विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर केंद्रीय जल आयोग के ई-पीएएमएस पोर्टल पर अपलोड कर चुकी है। हरियाणा सरकार पाइपलाइन अलाइनमेंट को सैद्धांतिक मंजूरी दे चुकी है। परियोजना के निर्माण एवं संचालन के लिए राजस्थान-हरियाणा यमुना वाटर परियोजना एसपीवी (RHYW-SPV) का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना केवल पेयजल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि शेख-ावाटी सहित जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास को भी नई गति देगी। उन्होंने इसे केंद्र और राज्यों के सहयोग से जल सुरक्षा की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम बताया। (इनपुटः आईएएनएस)

**मुख्य बिंदु**

*30 वर्ष पुराने विवाद का समाधान।*
*34,102 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी परियोजना।*
*राजस्थान को मिलेगा 577 एमसीएम यमुना जल।*
*295.5 किमी लंबी भूमिगत पाइपलाइन से पहुंचेगा पानी।*
*शेखावाटी और मरुक्षेत्र के जल संकटग्रस्त इलाकों को मिलेगा लाभ।*
*परियोजना के लिए RHYW-SPV का होगा गठन।*

# राष्ट्रपति ने 105 सैन्य अधिकारियों व जवानों को किया विशिष्ट सेवा अलंकरण से सम्मानित

## रक्षा अलंकरण समारोह-2026 में असाधारण नेतृत्व और राष्ट्र सेवा के लिए मिला सम्मान

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समा-रोह-2026 (द्वितीय चरण) में भारतीय सशस्त्र सेनाओं और भारतीय तटरक्षक बल के 105 अधिकारियों एवं कर्मियों को विशिष्ट सेवा अलंकरण प्रदान किए। इन सम्मानों में 7 सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक, 30 परम विशिष्ट सेवा पदक, 12 उत्तम युद्ध सेवा पदक तथा 56 अति विशिष्ट सेवा पदक शामिल हैं। सम्मान शांति और परिचालन दोनों परिस्थितियों में उत्कृष्ट नेतृत्व, असाधारण पेशेवर दक्षता तथा राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किए गए।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में थल सेना, नौसेना, वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने सभी सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उत्कृष्ट सेवाएं देश की रक्षा क्षमता को मजबूत बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### थल सेना के कई वरिष्ठ अधिकारियों को मिला अति विशिष्ट सेवा पदक

अति विशिष्ट सेवा पदक पाने वालों में एयर मार्शल तरुण चौधरी, लेफ्टिनेंट जनरल नीरज वर्ष्णेय, विकास रोहेला, हरबिंदर सिंह वंड्रा, मोहिंदर पाल सिंह, रणजीत सिंह, अजय कुमार, शमशेर सिंह विर्क, आदित्य विक्रम सिंह राठी, हरपाल सिंह और पुनीत आहूजा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

### नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के अधिकारी भी सम्मानित

नौसेना से वाइस एडमिरल आनंद



वाई. सरदेसाई, रजत कपूर, श्रीनिवास कुदारावल्ली, सुशील मेनन और अनिल जग्गी को अति विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया। वायु सेना के एयर मार्शल मेहताब सिंह देसवाल, के.ए.ए. संजीब और एस. श्रीनिवास राव को भी इस सम्मान से अलंकृत किया गया। भारतीय तटरक्षक बल के अतिरिक्त महानिदेशक डॉनी माइकल को भी अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

### सूबेदार एच. होकाटो सेमा को मिला विशेष सम्मान

मेजर जनरल स्तर के अनेक अधिकारियों के साथ 9 असम रेजिमेंट के सूबेदार एच. होकाटो सेमा को भी अति विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया। किसी जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) को इस स्तर का सम्मान मिलना विशेष उपलब्धि माना जा रहा है।

### उत्तम युद्ध सेवा पदक से भी नवाजे गए अधिकारी

उत्तम युद्ध सेवा पदक प्राप्त करने वालों में दक्षिणी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, एयर मार्शल मनीष खन्ना, लेफ्टिनेंट जनरल प्रशांत श्रीवास्तव, राजन शरावत, अभिजीत एस. पेंढारकर, गंभीर सिंह तथा प्रसन्न किशोर मिश्रा शामिल हैं। इन अधिकारियों को महत्वपूर्ण परिचालन क्षेत्रों में उत्कृष्ट नेतृत्व और युद्धकालीन सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा अलंकरण समारोह भारतीय सशस्त्र सेनाओं की पेशेवर उत्कृष्टता, अनुशासन और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति उनके अटूट समर्पण का प्रतीक है।

(इनपुट : आईएएनएस)

# होर्मुज संकट में भी नहीं डगमगाई भारत की ईंधन आपूर्ति, ऊर्जा सुरक्षा की मजबूत रणनीति बनी ढाल




**समाज जागरण**

नई दिल्ली। होर्मुज जलडमरूमध्य में लंबे समय तक बने संकट के बावजूद भारत में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी जैसी ईंधन आपूर्ति सामान्य बनी रही। ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यह भारत की मजबूत ऊर्जा सुरक्षा रणनीति, आपूर्ति स्रोतों के विविधीकरण और बेहतर सरकारी समन्वय का परिणाम है। उनका कहना है कि संकट के दौरान भी देश में ईंधन की उपलब्धता पर न्यूनतम असर पड़ा और आम उपभोक्ताओं को किसी बड़े संकट का सामना नहीं करना पड़ा।

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) की पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक वर्तिका शुक्ला ने कहा कि होर्मुज संकट ने भारत के ऊर्जा क्षेत्र की मजबूती को साबित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय रहते कच्चे तेल के वैकल्पिक स्रोत विकसित किए और ऊर्जा अवसंरचना में निवेश बढ़ाया, जिसके कारण आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं का खुदरा बाजार पर बेहद सीमित असर पड़ा।

वहीं, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एम.के. सुराना ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य में शिपिंग बाधित होने के बाद अधिकांश विशेषज्ञों को आशंका थी कि आयातित कच्चे तेल पर निर्भर भारत में गंभीर ईंधन संकट पैदा हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि अनुमान लगाया जा रहा था कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की भारी कमी होगी, जिससे परिवहन और औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित होंगी। लेकिन भारत ने न केवल ईंधन आपूर्ति को सामान्य बनाए रखा, बल्कि नागरिकों को किसी प्रकार की राशनिंग या आपातकालीन प्रतिबंधों का सामना भी नहीं करना पड़ा।

सुराना के अनुसार, दुनिया के कई देशों को ऑड-ईवन फ्यूल राशनिंग, घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) को अनिवार्य बनाने और पेट्रोल पंपों के समय सीमित करने जैसे कदम उठाने पड़े, जबकि भारत में ऐसी कोई नौबत नहीं आई।

**मुख्य बिंदु**

*होर्मुज संकट के बावजूद भारत में ईंधन आपूर्ति रही सामान्य।*
*पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता पर नहीं पड़ा बड़ा असर।*
*विशेषज्ञों ने सरकार की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति की सराहना की।*
*40 से अधिक देशों से कच्चे तेल के आयात ने संकट का असर कम किया।*
*मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर समन्वय से बनी रही निर्बाध आपूर्ति।*

# सपा की साइकिल चलेगी तो दंगा ही कराएगी : सीएम योगी

## पीलीभीत में 569 करोड़ की 66 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास, 2500 विस्थापित परिवारों को नागरिकता और भूमि अधिकार पत्र वितरित

**समाज जागरण**

पीलीभीत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पीलीभीत में समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "जनता जनार्दन ने समाजवादी पार्टी की साइकिल पंचर कर दी है, क्योंकि यह साइकिल चलेगी तो दंगा कराएगी, कर्फ्यू लगाएगी और बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाएगी।" उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों में दंगाइयों को सरकारी विमान से बुलाकर सम्मानित किया जाता था, जबकि आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित है।

मुख्यमंत्री ने पीलीभीत के बरखेड़ा और बीसलपुर विधानसभा क्षेत्रों में 569 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 66 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से विस्थापित 2500 हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन परिवारों को भारतीय नागरिकता एवं भूमि अधिकार पत्र भी वितरित किए। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, प्रमाण पत्र और सहायता सामग्री प्रदान की।




### 56 वर्षों का इंतजार हुआ खत्म

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 56 वर्ष पहले धार्मिक उत्पीड़न के कारण पूर्वी पाकिस्तान से भारत आए हजारों परिवारों को अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सम्मानपूर्वक नागरिकता और भूमि का अधिकार मिला है। उन्होंने कहा कि अब इन परिवारों को कोई भी बेदखल नहीं कर सकेगा और उन्हें सरकारी विभागों की अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### कांग्रेस पर विभाजन का ठीकरा फोड़ा

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की सत्ता लोलुपता के कारण देश का विभाजन हुआ। उन्होंने कहा कि यदि उस समय कांग्रेस नेतृत्व दृढ़ रहता तो देश का बंटवारा नहीं होता और लाखों हिंदू, सिख, बौद्ध एवं जैन परिवारों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाजन के बाद भी कांग्रेस ने विस्थापित परिवारों की कभी सुध नहीं ली।

### सीएए का किया बचाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू होने से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न के कारण भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन परिवारों को नागरिकता मिलने का रास्ता खुला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने सीएए का विरोध कर इन प-रिवारों के अधिकारों का भी विरोध किया।

### 'बबुआ' पर कसा तंज

सपा पर हमला जारी रखते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि "12 बजे सोकर उठने वाले और सैफई तक सीमित रहने वाले बबुआ के पास गरीबों की पीड़ा सुनने का समय कहां था।" उन्होंने कहा कि यदि पिछली सरकारों ने पीलीभीत के विकास पर ध्यान दिया होता तो यहां मेडिकल कॉलेज, बेहतर सड़कें और पर्यटन सुविधाएं पहले ही विकसित हो चुकी होतीं।

### 'अब माफिया जान की भीख मांग रहे हैं'

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में माफिया खुलेआम घूमते थे, जमीनों पर कब्जा करते थे और दंगे होते थे। उन्होंने दावा किया कि आज हालात बदल चुके हैं और "माफिया गले में तख्ती लटकाकर जान की भीख मांग रहे हैं तथा ठेला लगाकर जीवनयापन करने की बात कह रहे हैं।"

# कांग्रेस का अयोध्या दौरा आस्था कम, आडंबर अधिक

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार लखनऊ ( उ. प्र.)**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया मोड़ आ गया है। जो कांग्रेस वर्षों से रामलला से दूरी बनाकर चलती रही, जिसके नेता अयोध्या जाने से परहेज करते रहे, वही कांग्रेस अब रामलला के मंदिर में चंदा चोरी की आँच में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए अयोध्या की ओर दौड़ पड़ी है। 30



जून को लखनऊ से एक 9 सदस्यीय कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल अयोध्या के लिए रवाना होगा। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में यह दल सुबह 9 बजे लखनऊ से रवाना होगा। इस दल में सांसद किशोरी लाल और राकेश राठौर शामिल हैं, जबकि सांसद उज्ज्वल रमण और तनुज पुनिया पहले से ही अयोध्या में मौजूद रहेंगे। इस दल का मकसद रामलला के दर्शन-पूजन के साथ-साथ मीडिया के सामने चंदा चोरी प्रकरण को और




हवा देना है। सवाल यह उठता है कि जिस पार्टी के नेता कभी प्रभु श्रीराम को काल्पनिक बताते थे और जिसने सुप्रीम कोर्ट तक में राम मंदिर निर्माण के खिलाफ दलीलें दीं, उसका यह अचानक राम प्रेम क्यों जाग उठा? इस प्रश्न का उत्तर उत्तर प्रदेश के आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में छिपा है। यह मामला उत्तर प्रदेश में सियासी बवाल बन गया है, क्योंकि अगले साल 2027 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में हर दल इस मुद्दे पर अधिकतम राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ में लगा हुआ है। कांग्रेस को लग रहा है कि चंदा चोरी के इस मामले में उसे भाजपा को घेरने का सुनहरा अवसर मिला है, क्योंकि इस पूरे घोटाले की जड़ें सीधे भाजपा समर्थित ट्रस्ट से जुड़ी हैं।

कांग्रेस नेता अजय राय और आराधना मिश्रा ने कहा कि भाजपा-आरएसएस ने देश के करोड़ों रामभक्तों की आस्था के साथ बड़ा छल किया है और धर्म के नाम पर एक संगठित लूट को अंजाम दिया है। अजय राय ने तो यहाँ तक दावा किया कि इस महाघोटाले के लिए सीधे तौर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिम्मेदार हैं, क्योंकि उनके प्रधान सचिव रहे नृपेंद्र मिश्र को श्रीराम मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया गया। कांग्रेस की माँग है कि इस पूरे मामले की इलाहाबाद हाई कोर्ट के सिटिंग जज द्वारा समयबद्ध जाँच करवाई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो।पूरे घटनाक्रम में एक और दिलचस्प पहलू है। अजय राय ने दावा किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या तब गए, जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उनसे पहले वहाँ जा चुके थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब योगी को पता चला कि कांग्रेस वहाँ पहुँच गई है, तभी वे अयोध्या पहुँचे। यह बयान दशार्ता है कि कांग्रेस इस दौरे को केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि एक सुविचारित राजनीतिक दाँव के रूप में देख रही है। कांग्रेस को इस मामले में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर भरोसा नहीं है और इसीलिए वह अयोध्या पहुँचकर मीडिया के सामने इस मुद्दे को जीवित रखना चाहती है।

उधर, इसी दौरान समाजवादी पार्टी की भी अपनी अलग रणनीति चल रही है। जैसे ही 8 लोगों की गिरफ्तारी हुई, अखिलेश यादव ने इसे सीधे योगी सरकार की नाकामी और भाजपा के चरित्र से जोड़ दिया। अयोध्या के सांसद और सपा नेता अवधेश प्रसाद ने कहा कि उनकी पार्टी और अखिलेश यादव, जिन्होंने इस मुद्दे को उजागर किया, ने इस बड़े घोटाले की उच्च-स्तरीय जाँच की माँग की है। सपा खुद को इस मामले में पहलकर्ता के रूप में स्थापित करना चाहती है, क्योंकि उसका दावा है कि यह मुद्दा पहले उसी ने उठाया था।अब जब कांग्रेस भी इसी मैदान में उतर आई है, तो सपा और कांग्रेस के बीच एक अघोषित प्रतिस्पर्धा छिड़ गई है। दोनों दल एक-दूसरे से आगे निकलकर रामभक्तों की नाराजगी को भुनाना चाहते हैं। सपा, जो यूपी में कांग्रेस की सहयोगी है, यह नहीं चाहती कि कांग्रेस इस मुद्दे पर उसकी जमीन काट ले। अखिलेश यादव ने कहा कि आस्था के साथ इतनी बड़ी धोखाधड़ी की कल्पना कौन कर सकता था? जिन लोगों ने दूसरों पर चोरी के झूठे आरोप लगाए, भगवान ने अब उनकी अपनी असली चोरी सबके सामने ला दी है।

दूसरी ओर, भाजपा और योगी सरकार इस सारे घटनाक्रम पर पैनी नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में राम मंदिर के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, रामभक्तों पर गोली चलाई थी और राम नवमी पर दंगे कराए थे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग बुरी नीयत से यह मुद्दा उठा रहे हैं। अगर किसी के पास कोई सबूत है, तो एसआईटी को सौंप दें। योगी ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार पूरी निष्पक्षता से जाँच कर रही है और दोषी किसी भी सूरत में नहीं बचेंगे।भाजपा ने सपा के चंदा चोरी वाले नैरेटिव को काउंटर करने की रणनीति अपनाई है। इसके तहत पहला, प्रशासनिक स्तर पर कड़ा रुख अपनाकर, और दूसरा, राजनीतिक रूप से मथुरा का मुद्दा उछालकर। योगी ने अखिलेश को सीधे ललकारा कि मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण की भूमि पर अपना स्टैंड साफ करें। यह रणनीति विपक्ष को रक्षात्मक मुद्रा में लाने की है।

अब प्रश्न यह है कि कांग्रेस को इस पूरे सियासी खेल से वास्तव में कितना लाभ होगा? सच यह है कि कांग्रेस का यह चरित्र परिवर्तन उत्तर प्रदेश की जनता को अच्छी तरह याद है। जो पार्टी दशकों तक राम मंदिर आंदोलन के विरोध में खड़ी रही, जिसके नेताओं ने राम सेतु को काल्पनिक बताया, जिसने कोर्ट में मंदिर निर्माण को रोकने की कोशिश की, उस पार्टी का अचानक रामलला के दरबार में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ना एक राजनीतिक विवशता अधिक है, न कि आस्था का प्रकटीकरण।हाँ, इतना जरूर है कि चंदा चोरी के इस मामले ने भाजपा और उसके नेताओं की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान जरूर लगाया है और विपक्ष को एक ठोस राजनीतिक हथियार दिया है। लेकिन यूपी की राजनीति में राम के नाम पर मिलने वाला श्रेय अक्सर उसी को मिलता है, जिसकी साख पहले से जुड़ी हो, और यहीं कांग्रेस की सबसे बड़ी सीमा है।

# मानसून का बदलता मिजाज

**महेन्द्र तिवारी**



भारत में मानसून केवल एक मौसमी घटना नहीं है, बल्कि यह देश की आत्मा, अर्थव्यवस्था और कृषि का मुख्य आधार है। वर्ष 2026 में भी करोड़ों देशवासी इस जीवनदायिनी वर्षा की बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, इस वर्ष मानसून ने अपने निर्धारित समय पर दस्तक दी थी, जिससे आरंभ में कृषकों और नीति निमार्ताओं में भारी उत्साह देखा गया था। मई के अंतिम सप्ताह में केरल के तट पर वर्षा की पहली बूंदों के साथ इस यात्रा का आरंभ हुआ था, लेकिन जून के मध्य में आकर इसकी गति अप्रत्याशित रूप से मन्द हो गई। इस मन्दता ने देश के कई हिस्सों में जल संकट और भीषण ग्रीष्म लहर जैसी स्थितियों को जन्म दिया, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। हालांकि, प्रकृति का यह चक्र सदैव परिवर्तनशील रहता है और जून के उत्तरार्ध में इसमें एक बार फिर व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है, जिसने नई आशाएं जगा दी हैं।

जून महीने के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो यह स्पष्ट होता है कि इस वर्ष जून का महीना सामान्य की तुलना में काफी सूखा रहा है। 15 जून से 23 जून के बीच मानसून की प्रगति लगभग थम सी गई थी, जिसके कारण संपूर्ण देश में सामान्य से लगभग 40 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई। यह कमी विशेष रूप से मध्य और उत्तर-पश्चिम भारत में अधिक महसूस की गई, जहां तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था। इस अवधि में जलाशयों के जल स्तर में तेजी से गिरावट आई और धान की नर्सरी तैयार करने वाले किसानों की चिंताएं बढ़ गईं। कृषि क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना था कि यदि मानसून की यह सुस्ती जुलाई के प्रथम सप्ताह तक खिंच जाती, तो इससे खरीफ की फसलों के उत्पादन पर गहरा प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था, लेकिन समय रहते मौसम के मिजाज में सुधार हो गया।

मौसम वैज्ञानिकों ने जून के महीने में आई इस सुस्ती के पीछे कई जटिल वैश्विक और स्थानीय वायुमंडलीय कारकों को उत्तरदायी माना है। सबसे प्रमुख कारण हिंद महासागर के ऊपर मैडेन जूलियन ऑसिलेशन का कमजोर होना था, जो बादलों और चक्रवातों के निर्माण की एक वैश्विक प्रणाली है। इसके अतिरिक्त, अफ्रीका के पूर्वी तट से भारत की ओर नमी से भरी हवाएं लाने वाली सोमाली जेट स्ट्रीम की गति भी इस बार काफी धीमी पाई गई। एक अन्य महत्वपूर्ण भौगोलिक कारक पश्चिम एशिया से आने वाली गर्म और शुष्क हवाएं थीं, जिन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप के मध्य भाग पर एक उच्च दबाव का क्षेत्र निर्मित कर दिया था। इस उच्च दबाव के कारण समुद्र से आने वाली नम हवाएं बादलों का रूप नहीं ले पा रही थीं और जो बादल बन भी रहे थे, वे वाष्पीकृत होकर बिखर जा रहे थे।

इन तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच, 23 जून 2026 के बाद वायुमंडलीय दशाओं में एक तीव्र और सकारात्मक परिवर्तन देखा गया। हिंद महासागर में हवाओं के दबाव में कमी आई और सोमाली जेट ने पुनः अपनी स्वाभाविक गति प्राप्त कर ली। इसके परिणामस्वरूप, दक्षिण-पश्चिम मानसून ने एक बार फिर से अत्यंत तीव्र रफ्तार पकड़ ली है और यह देश के उन हिस्सों की ओर तेजी से बढ़ रहा है जो अब तक सूखे की मार झेल रहे थे। वर्तमान में मानसून की उत्तरी सीमा गुजरात के सूरत, मध्य प्रदेश के इंदौर और मंडला, झारखंड के डाल्टनगंज और बिहार के मोतिहारी शहर से होकर गुजर रही है। मौसम विज्ञानियों का अनुमान है कि अगले 2 से 3 दिनों के भीतर परिस्थितियां पूरी तरह से अनुकूल हो जाएंगी, जिससे मानसून गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के शेष बचे हुए भू-भागों को पूरी तरह से आच्छादित कर लेगा।

देश की राजधानी दिल्ली और उसके आस-पास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, हरियाणा, पंजाब तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रहने वाले नागरिकों के लिए मौसम विभाग ने राहत भरा पूवार्नुमान जारी किया है। 29 जून 2026 से लेकर 2 जुलाई 2026 के बीच इन क्षेत्रों में मानसून के आगमन की पूरी संभावना बन चुकी है। मौसम कार्यालय ने इन क्षेत्रों के लिए विशेष सतर्कता संदेश जारी किया है, जिसके अनुसार इन दिनों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और मध्यम से भारी वर्षा होने की प्रबल आशंका है। इस संभावित वर्षा से पिछले कई हफ्तों से जारी असहनीय उमस और अत्यधिक तापमान से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। राजधानी और उसके समीपवर्ती नगरों में स्थानीय प्रशासन ने भारी वर्षा की स्थिति में जलभराव से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

यदि हम पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत की स्थिति पर दृष्टि डालें, तो वहां की परिस्थितियां देश के अन्य भागों से सर्वथा भिन्न और गंभीर हैं। असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम जैसे राज्यों में मानसून की सक्रियता अत्यंत तीव्र बनी हुई है। मौसम विज्ञान विभाग ने इन पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के लिए अत्यधिक भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। आंकड़ों के अनुसार, अगले 3 से 4 दिनों में इन राज्यों के कुछ स्थानों पर 7 से 20 सेंटीमीटर तक अत्यंत भारी वर्षा होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इतनी अधिक मात्रा में होने वाली वर्षा के कारण ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के जल स्तर में तीव्र वृद्धि होने की आशंका है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो सकता है। स्थानीय आपदा प्रबंधन बलों को पूरी तरह से मुस्तैद रहने का निर्देश दिया गया है।

भारत के पश्चिमी तट और मध्यवर्ती राज्यों में भी मानसून की सक्रियता में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों, विशेषकर कोंकण और गोवा, तथा कर्नाटक के तटीय जिलों में पिछले 48 घंटों से निरंतर वर्षा हो रही है। मध्य भारत के छत्तीसगढ़ और विदर्भ क्षेत्रों में भी व्यापक रूप से झमाझम वर्षा का दौर आरंभ हो चुका है, जिसने वहां की तप्त धरती को शीतलता प्रदान की है। बिहार और झारखंड में भी मेघगर्जन और बिजली चमकने के साथ तेज वर्षा की गतिविधियां दर्ज की जा रही हैं, जहां हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा आंकी गई है। यह वर्षा न केवल कृषि कार्यों के लिए संजीवनी का काम कर रही है, बल्कि इससे शहरी क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति में भी सुधार होने की पूरी उम्मीद है।

कृषि प्रधान भारत के लिए मानसून का यह पुनरुद्धार किसी वरदान से कम नहीं है। जून की कमी को देखते हुए, जुलाई के महीने में होने वाली वर्षा पर संपूर्ण देश की नजरें टिकी हुई हैं। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में होने वाली यह व्यापक वर्षा देश में खरीफ फसलों, मुख्य रूप से धान, मक्का, बाजरा, दलहन और तिलहन की बुआई के लिए अत्यंत उपयुक्त समय पर आ रही है। यदि जुलाई के पूरे महीने में वर्षा का वितरण समान और संतुलित रहता है, तो जून में हुई 40 प्रतिशत की कमी का कृषि उत्पादन पर कोई दीर्घकालिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। देश के प्रमुख जलाशयों में पानी की आवक बढ़ने से आगामी महीनों में पनबिजली उत्पादन और सिंचाई व्यवस्था भी सुचारू रूप से संचालित हो सकेगी, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगी।

निष्कर्षतः, वर्ष 2026 का मानसून भारतीय उपमहाद्वीप में अपनी अनिश्चित प्रकृति का एक और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। शुरूआती दौर की सुस्ती और उसके बाद आई इस तीव्र तेजी ने यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक विज्ञान और उन्नत पूवार्नुमान प्रणालियों के बावजूद प्रकृति के इस विशाल चक्र को पूरी तरह समझना आज भी एक बड़ी चुनौती है। फिर भी, वर्तमान वायुमंडलीय संकेत अत्यंत उत्साहजनक हैं और यह विश्वास दिलाते हैं कि आने वाले दिन पूरे देश के लिए समृद्धि और खुशहाली लेकर आएंगे। देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोग, चाहे वे खेतों में काम करने वाले किसान हों या महानगरों में रहने वाले कामकाजी नागरिक, सभी इस समय बादलों की गड़गड़ाहट और वर्षा की फुहारों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# नैतिकता और साहित्य सामाजिक संरचना के महीन रेशे।




आज का युग विज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का युग है। मनुष्य ने विकास के अनेक शिखर छू लिए हैं, किंतु यदि उसके भीतर नैतिक मूल्यों का ह्रास हो जाए तो यह विकास विनाश का कारण भी बन सकता है। ऐसे समय में साहित्य समाज को मानवीय मूल्यों से जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर सामने आता है।साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद ने कहा था कि साहित्य वही है जिसमें उच्च चिंतन, स्वतंत्रता का भाव, सौंदर्य का सार और जीवन की सच्चाइयों का प्रकाश हो।

साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं होना चाहिए बल्कि मनुष्य के चरित्र-निर्माण का माध्यम हो।रवीन्द्रनाथ ठाकुर का विश्वास था मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति उसकी मानवता ही है।

साहित्य इसी मानवता को जागृत करता है। वह मनुष्य को दूसरे के दुःख को अपना दुःख समझना सिखाता है।

भारतीय संस्कृति में नैतिकता को धर्म का मूल माना गया है। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सहिष्णुता जैसे मूल्य केवल धार्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं इन्हें साहित्य ने जन-जन तक पहुँचाया है। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस के माध्यम से मयार्दा, कर्तव्य और आदर्श जीवन का संदेश दिया, वहीं कबीर ने पाखंड का विरोध करते हुए प्रेम और सत्य का मार्ग दिखाया।

साहित्य सामाजिक यथार्थ का आईना ही नहीं, उसका मार्गदर्शक भी है।यह कथन केवल एक उक्ति नहीं, मानवीय सभ्यता का सत है। जिस समाज में नैतिकता और साहित्य का सम्मान होता है, वहाँ संवेदनाएँ फलती हैं, न्याय आदर प्राप्त करता है और मनुष्य केवल भौतिक रूप से नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से भी समृद्ध होता है। नैतिकता मनुष्य के चरित्र का आधार है, जबकि साहित्य उसके हृदय की रक्त वाहिनी है। दोनों का समन्वय ही किसी सभ्य समाज का वास्तविक मूल है।

महात्मा गांधी का प्रसिद्ध कथन है कि
सत्य और अहिंसा ही मेरे जीवन का धर्म है। उनके विचारों पर साहित्य का गहरा प्रभाव था। उन्होंने अनेक ग्रंथों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को नैतिकता का उदाहरण बनाया।

रूसी साहित्यकार लियो टॉल्स्टॉय का मानना था कि
सच्ची कला मानवता को जोड़ती है। उनकी रचनाएँ केवल कहानियाँ नहीं, बल्कि नैतिक चेतना की पाठशाला हैं। इसी प्रकार मैक्सिम गोर्की ने साहित्य को संघर्षशील समाज की आवाज बताया।

हिंदी के महान कवि रामधारी सिंह दिनकर ने लिखा मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है। यह बात केवल प्रेरणा नहीं देती, बल्कि आत्मविश्वास और नैतिक साहस का भी संदेश देती है। आज समाज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है,भ्रष्टाचार, हिंसा, उपभोक्तावाद, पारिवारिक विघटन, पर्यावरण संकट और सामाजिक असहिष्णुता। इन समस्याओं का समाधान केवल कानून से संभव नहीं है। जब तक मनुष्य के भीतर नैतिक चेतना जागृत नहीं होगी, तब तक स्थायी परिवर्तन नहीं आएगा। यह कार्य साहित्य ही कर सकता है, क्योंकि वह सीधे मनुष्य के हृदय से संवाद करता है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में यदि साहित्य और नैतिक शिक्षा को समान महत्व दिया जाए तो भावी पीढ़ी केवल सफल ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिक भी बनेगी। एक वैज्ञानिक, डॉक्टर, शिक्षक, प्रशासक या राजनेता तभी समाज का हित कर सकता है जब उसके भीतर नैतिकता का प्रकाश हो।

आज सोशल मीडिया और त्वरित सूचना के युग में साहित्य की भूमिका और भी बढ़ गई है। साहित्य हमें ठहरकर सोचने, आत्ममंथन करने और सही-गलत का विवेक विकसित करने की प्रेरणा देता है। वह मनुष्य को केवल बुद्धिमान नहीं, बल्कि विवेकवान बनाता है। मूलतः नैतिकता समाज की आत्मा है और साहित्य उसकी चेतना। जहाँ नैतिकता होगी, वहाँ विश्वास होगा; जहाँ साहित्य होगा, वहाँ संवेदना होगी। विश्वास और संवेदना मिलकर ही आदर्श समाज का निर्माण करते हैं। इसलिए यदि हमें समृद्ध, न्यायपूर्ण और मानवीय भारत का निर्माण करना है तो साहित्य और नैतिक मूल्यों को जीवन तथा शिक्षा के केंद्र में स्थान देना ही होगा।

समापन में महात्मा गांधी के विचार थे आप स्वयं वह परिवर्तन बनिए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। यही परिवर्तन साहित्य की संवेदना और नैतिकता के आलोक से संभव है। साहित्य मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है और श्रेष्ठ मनुष्य ही श्रेष्ठ समाज तथा श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण करता है।

संजीव ठाकुर वरिष्ठ पत्रकार, लेखक, चिंतक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

# लुप्त होते जुगनू...!

*अरे, कहाँ गए वे जुगनू सारे,*
*जो रातों को दीप जलाते थे।*
*खेतों, बागों व ताल किनारे,*
*चुपके-चुपके ही मुस्काते थे।*

*"बचपन" की गर्म हवाओं में,*
*उनकी वे झिलमिल यादें थीं।*
*अंधियारी पगडंडियों पर वो,*
*मानो छोटी-छोटी ज्योतें थीं।*

*अभी तो जंगल सूने लगते हैं,*
*ये नदियाँ भी कुछ मौन हुईं।*
*मिट्टी की वो भीगी-सी खुशबू,*
*ना जाने किस कोने में खोई।*
*बढ़ता प्रकाश, धुआँ, प्रदूषण,*
*सभी छीन रहे उनका संसार।*
*कीटनाशक की कड़वी बारिश,*
*कर जाती जीवन को लाचार।*
*यह जुगनू केवल कीट नहीं हैं,*
*प्रकृति के कोमल से प्रहरी हैं।*
*उनकी झिलमिल से ही सजती,*
*धरती की सुंदर गोद सुनहरी है।*

*आओ फिर से संकल्प करें हम,*
*प्रकृति की धरा का सम्मान करें।*
*जल, जंगल और मिट्टी बचाकर,*
*पुनः इन जुगनुओं का मान करें।*
*जिस दिन फिर से ये रात अँधेरी,*
*झिलमिल दीपों से भर जाएगी।*
*अपनी बचपन की खोई दुनिया,*

*फिर से इस "धरती" पर आएगी।*
*संजय एम तराणेकर*
*(कवि, लेखक व समीक्षक)*
*इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)*

# बैटरी अपशिष्ट नियमों से बढ़ सकती हैं EV की कीमत

बैटरी अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2022 बैटरी उत्पादकों (और आयातकों) को यह जिम्मेदारी सौंपता है कि वे पुरानी पड़ चुकी बैटरियों को एकत्रित करें, उनका पुनर्चक्रण अथवा नवीनीकरण सुनिश्चित करें और नई बैटरियों में पुनः प्राप्त सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करें। हालांकि सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैनुफैक्चरर्स (सायम) ने हाल ही में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को चेतावनी दी है कि इस प्रारूप का अनुपालन इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की कीमतों को 3 से 5 फीसदी तक बढ़ा सकता है और औसतन 35 से 40 किलोवॉट-घंटा (केडब्ल्यूएच) बैटरी पैक की लागत में 8,000 से 25,000 रुपये तक का इजाफा कर सकता है। ऐसे समय में जब भारत में ईवी का प्रसार अभी भी सीमित है तो यात्री कारों में लगभग 2 से 3 फीसदी और दोपहिया व तीन-पहिया वाहनों में कहीं अधिक लागत बढ़ाने वाले नियम उपभोक्ताओं द्वारा इसे अपनाने की गति को धीमा कर सकते हैं। साथ ही, ये सरकार के व्यापक अकार्बनीकरण लक्ष्यों को कमजोर करने का जोखिम पैदा करते हैं।

दूसरी ओर, बैटरी निमार्ता चिंतित हैं कि सबको एक ही तराजू में तौलने वाला यह अनुपालन ढांचा घरेलू बैटरी उत्पादन की व्यावसायिक व्यवहार्यता को कमजोर कर सकता है। पैनासोनिक एनर्जी इंडिया ने चेतावनी दी है कि मौजूदा नियम भारत में उसके एकमात्र ड्राई-सेल जिंक-कार्बन बैटरी निर्माण संयंत्र को बंद करने पर विवश कर सकते हैं क्योंकि अनुपालन लागत लाभ से अधिक हो सकती है और कुछ मामलों में पुनर्चक्रण की बाध्यता पुनः प्राप्त सामग्रियों के मूल्य से भी अधिक महंगी पड़ सकती है।

कंपनी ने यह भी संकेत किया है कि नियम विभिन्न रसायन संरचनाओं वाली बैटरी श्रेणियों के बीच पर्याप्त भेद नहीं करते। इसके अलावा छोटे आकार की बैटरियों को एकत्र करने के लिए कोई मजबूत तंत्र भी नहीं है।

वाहन क्षेत्र की चिंता यह है कि मौजूदा नियम विनिमार्ताओं को आठ वर्षों के उपयोग के बाद 70 फीसदी बैटरियों को एकत्रित करना शुरू करने के लिए बाध्य करते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# सड़क सुरक्षा को लेकर डीएम सख्त, अवैध पार्किंग-ओवरलोडिंग पर नियमित अभियान के निर्देश

## स्कूल बसों की फिटनेस और चालकों की स्वास्थ्य जांच अनिवार्य, ब्लैक स्पॉट सुधारने पर जोर

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। जनपद गौतमबुद्धनगर में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि सामाजिक और कानूनी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और तीनों प्राधिकरणों के अधिकारियों को अवैध स्टैंड, अवैध पार्किंग, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



उन्होंने दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक सुधार कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे करने, अवैध कट बंद कराने तथा सड़क सुरक्षा संकेतकों को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि केवल कार्रवाई से दुर्घटनाएं नहीं रुकेंगी, बल्कि लोगों में जागरूकता भी जरूरी है। इसके लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक इकाइयों और सार्वजनिक स्थानों पर हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने ईडीएआर पोर्टल पर सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित सभी मामलों की समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पीड़ितों को मुआवजा और बीमा दावों का निस्तारण शीघ्र हो सके।

उन्होंने परिवहन विभाग को शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी स्कूलों में विद्यालय यान सुरक्षा समिति के माध्यम से अभियान चलाने, स्कूल बसों की फिटनेस तथा चालकों की आंख और स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के कोई भी स्कूल बस सड़क पर नहीं चलनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने जनपद की प्रमुख सड़कों और यातायात प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर होल्डिंग एरिया चिन्हित करने के भी निर्देश दिए, ताकि यातायात संचालन सुचारु बनाया जा सके।

बैठक के दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा तथा डीसीपी ट्रैफिक की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी भी व्यक्त की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) मंगलेश दुबे, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभय कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सहित पुलिस, प्राधिकरण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 1 जुलाई से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान, डेंगू-मलेरिया रोकथाम पर रहेगा विशेष फोकस

## डीएम ने सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान चलाने के दिए निर्देश, 11 से 31 जुलाई तक चलेगा दस्तक अभियान

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। जनपद गौतमबुद्धनगर में 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू और मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण विशेष अभियान चलाकर जलभराव, मच्छरों के प्रजनन स्थलों और अन्य संभावित कारणों को समय रहते समाप्त करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता बेहद जरूरी है। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर लोगों को बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए। साथ ही सभी विभाग अभियान के दौरान नियमित समीक्षा करते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें।




बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि इस वर्ष अभियान में 'स्टॉप डायरिया कैंपेन' को नए घटक के रूप में शामिल किया गया है। इसके तहत फ्रंटलाइन वर्कर्स अपने साथ ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां रखेंगे, ताकि दस्त के लक्षण मिलने पर मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्त्रियां घर-घर जाकर बुखार, आईएलआई, टीबी, कुष्ठ, फाइलेरिया और दस्त रोग के संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। सभी का विवरण ई-कवच पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा तथा पात्र लोगों की आभा आईडी भी बनाई जाएगी, जिससे उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

इस अभियान में पंचायतीराज, शिक्षा, नगर निकाय, पशुपालन, कृषि, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण भी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, डिप्टी कलेक्टर अभय कुमार सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. आर.के. सिरोहा, जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेक्टर-119 की हाईराइज सोसाइटी के फ्लैट में एसी फटने से लगी आग, बड़ा हादसा टला

### 21वीं मंजिल पर लगी आग पर 8 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू, कोई जनहानि नहीं

नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र स्थित सेक्टर-119 की एक हा-ईराइज सोसाइटी में रविवार को 21वीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में एसी फटने से आग लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया।

पुलिस के अनुसार, आग लगने की सूचना मिलते ही फायर सर्विस की आठ दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया और उसे अन्य फ्लैटों तक फैलने से रोक लिया।

इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग से फ्लैट में कुछ सामान को नुकसान पहुंचा, जबकि समय रहते राहत एवं बचाव कार्य पूरा कर लिया गया।

पुलिस और फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण एसी का फटना माना जा रहा है।

# डीएम ने बैंकर्स को दिए निर्देश, पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता से दें ऋण

## सीडी रेशियो बढ़ाने, स्वयं सहायता समूहों व स्वरोजगार योजनाओं को गति देने पर जोर

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। जनपद गौतमबुद्धनगर की आर्थिक प्रगति को गति देने और सरकारी ऋण योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समिति (डीएलबीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत किया जाए तथा विभागों से प्राप्त ऋण आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि एक समूह को ऋण मिलने से लगभग 10 परिवारों की आजीविका मजबूत होती है। साथ ही मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के पात्र लाभार्थियों को भी समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



### सीडी रेशियो पर जताई नाराजगी

बैठक में समीक्षा के दौरान जनपद का क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) रेशियो 58.01 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कम सीडी रेशियो वाले बैंकों के रीजनल मैनेजरों को पत्र भेजने और दस दिनों के भीतर सभी रीजनल हेड के साथ बैठक कर सुधार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

उन्होंने ब्लॉकवार प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। साथ ही बैंकर्स समिति की बैठकों में संबंधित उप जिलाधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा।

### बीमा और जनकल्याण योजनाओं के प्रचार पर जोर

जिलाधिकारी ने फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना के लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र ग्राहकों को इन योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा।

बैठक के दौरान संबंधित डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और इस संबंध में शासन एवं वित्त विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही आईजीआरएस शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और आधार सेवा केंद्रों के नियमित निरीक्षण के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी, जिला परियोजना निदेशक नेहा सिंह, एजीएम (एलडीओ) जे.एस. कालरा, उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, अग्रणी जिला प्रबंधक राम विनोद कुमार, विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

## सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी और सील की जांच, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि रहे मौजूद

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में त्रैमासिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य द्वार पर लगे ताले की सील की जांच की, जो सुरक्षित एवं यथावत पाई गई। इसके अलावा वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया, जहां सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित मिले। खिड़कियों एवं रोशनदानों की सुरक्षा व्यवस्था की भी बारीकी से जांच की गई।




निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस में तैनात सुरक्षा कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था को लगातार मजबूत बनाए रखने और पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र कोरी, सपा जिला प्रभारी अनूप तिवारी, विधानसभा अध्यक्ष रोहित मंते, सीपीआई के जिला सहसचिव अरुण प्रताप सिंह, बसपा जिला महासचिव राजकुमार सिंह, कांग्रेस जिला सचिव प्रिंस भाटी, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलदार अंसारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार सिंह तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भामाशाह जयंती पर मना 'व्यापारी कल्याण दिवस', उत्कृष्ट करदाताओं को किया सम्मानित

## दादरी विधायक तेजपाल नागर ने भामाशाह पुरस्कार प्रदान किए, व्यापारियों के योगदान को सराहा

**समाज जागरण**

ग्रेटर नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर शासन के निदेर्शानुसार सोमवार को राज्य कर विभाग, जिला प्रशासन एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-148 स्थित राज्य कर कार्यालय में ह्यव्यापारी कल्याण दिवसह्न का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट करदाताओं को भामाशाह पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि दादरी विधायक तेजपाल नागर ने विभिन्न श्रेणियों में सर्वाधिक कर जमा करने वाले प्रतिष्ठानों और उद्यमियों को सम्मानित किया। इनमें पैजेट इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा. लि., सैमसंग डिस्प्ले नोएडा प्रा. लि., ईस्ट वेस्ट सॉफ्टटेक प्रा. लि., एलीवर डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि., लॉन्गचियर मोबाइल (इंडिया) प्रा. लि., सिंगला ऑटो एजेंसीज, बिंदल टेक्नोपॉलिमर प्रा. लि., नॉर्मेट इंडिया प्रा. लि., मैक्स स्क्वायर लिमिटेड, प्लैनेट कास्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, फेनो ऑर्गैनिक, स्केल्टन कंसल्टेंट्स प्रा. लि. तथा ज्योति अरोड़ा शामिल रहे।



इस अवसर पर विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि गौतमबुद्धनगर के व्यापारियों और उद्यमियों का प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने दानवीर भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र और प्रदेश के विकास में सहयोग देने का आह्वान किया।

एडिशनल कमिश्नर राज्य कर संदीप भागिया ने व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में सबसे अधिक जीएसटी संग्रह गौतमबुद्धनगर से होता है, जो जिले की मजबूत औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राज्य कर विभाग व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग देगा तथा विभाग की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार सिंह, विकास जैन, सुरेंद्र नाहटा, एल.बी. सिंह, संजीव शर्मा, अमित उपाध्याय, वीर शेखर चौधरी, मुकेश कक्कड़ सहित व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी, उद्यमी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हापुड़ में रोडवेज बस ने कंपनी बस को मारी टक्कर, 17 महिला कर्मचारी घायल

## मदरसन सुमी कंपनी की बस नोएडा जा रही थी, चालक-परिचालक भी घायल

**समाज जागरण**

हापुड़, 29 जून (समाज जागरण)। थाना हापुड़ नगर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बाबूगढ़ छावनी से नोएडा स्थित मदरसन सुमी कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों को लेकर जा रही कंपनी बस को पीछे से आ रही रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार करीब 17 महिला कर्मचारी घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार, मदरसन सुमी कंपनी की बस रोजाना की तरह महिला कर्मचारियों को लेकर सेक्टर-84, नोएडा स्थित कंपनी जा रही थी। इसी दौरान हापुड़ नगर क्षेत्र में पीछे से आ रही उत्तर प्रदेश रोड-वेज की बस ने कंपनी बस को जोर-दार टक्कर मार दी।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में दोनों बसों के चालक और परिचालक भी घायल हुए हैं, जिनका उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने जल्द ही सामान्य करा दिया।

पुलिस ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# रामलीला मैदान से उठेगी गुर्जर समाज की आवाज, कैबिनेट में प्रतिनिधित्व की मांग तेज

## 31 अक्टूबर को दिल्ली में होगी 'गुर्जर समाज स्वाभिमान रैली', लाखों लोगों के जुटने का दावा

नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने केंद्र सरकार से आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में गुर्जर समाज को कैबिनेट स्तर पर प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। साथ ही समाज के राजनीतिक अधिकारों और सम्मानजनक भागी-दारी के लिए 31 अक्टूबर को दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में ह्यगुर्जर समाज स्वाभिमान रैलीह्न आयोजित करने की घोषणा की गई है।

सोमवार को सेक्टर-61 स्थित एक होटल में आयोजित "राष्ट्र की राजनीति और गुर्जर समाज का समावेश" विषयक विचार गोष्ठी एवं पत्रकार वार्ता में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर देश के विकास और सुरक्षा तक गुर्जर समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, लेकिन राष्ट्रीय राजनीति में समाज को उसके योगदान के अनुरूप प्रतिनिधित्व नहीं मिला।



उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल चुनाव के समय समाज का समर्थन तो लेते हैं, लेकिन सत्ता और संगठन में उचित भागीदारी देने से पीछे हट जाते हैं। उन्होंने केंद्र स-रकार से आगामी कैबिनेट विस्तार में गुर्जर समाज को कैबिनेट मंत्री पद देने की मांग की।

हरिश्चंद्र भाटी ने बताया कि 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली गुर्जर समाज स्वाभिमान रैली में देशभर के विभिन्न राज्यों के अलावा विदेशों से भी समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह रैली किसी राजनीतिक दल के विरोध में नहीं, बल्कि समाज को सम्मानजनक राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सविन्द्र भाटी ने कहा कि अब गुर्जर समाज केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होगा। जो भी राजनीतिक दल समाज को संगठन और चुनावी राजनीति में उचित भागीदारी देगा, समाज उसका समर्थन करेगा। उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य से व्यापक जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा।

गोष्ठी में सामाजिक समावेश, युवाओं के सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संगठन की मजबूती और समाज के सर्वांगीण विकास जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि समावेशी लोकतंत्र तभी मजबूत होगा, जब सभी वर्गों को समान अवसर और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व मिलेगा।

कार्यक्रम में महासभा के राष्ट्रीय सचिव अरुण भाटी, राष्ट्रीय सचिव धीरेंद्र वर्मा, उत्तर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुनील भाटी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाज के लोग उपस्थित रहे।

# पानी के बिल पर ब्याज में 40% छूट का आज आखिरी मौका

## 30 जून तक जमा करें बकाया, 1 जुलाई से मिलेगी सिर्फ 30% ब्याज छूट

ग्रेटर नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एकमुश्त समाधान (ओटीएस) योजना के तहत जल शुल्क के बकाया बिल पर ब्याज में 40 प्रतिशत छूट पाने का 30 जून अंतिम दिन है। इसके बाद 1 जुलाई से 31 जुलाई तक केवल 30 प्रतिशत और 1 से 31 अगस्त तक 20 प्रतिशत ब्याज छूट का लाभ मिलेगा।

प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बोर्ड बैठक के निर्णय के अनुसार तीन माह के लिए ओटीएस योजना लागू की गई है, ताकि बकायेदारों को राहत मिल सके और जल शुल्क की वसूली बढ़ाई जा सके।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभिन्न श्रेणियों के आवंटियों पर करीब 290 करोड़ रुपये का जल शुल्क बकाया है। इनमें बिल्डर सोसाइटियों पर लगभग 146 करोड़ रुपये, आवासीय आवंटियों पर 65 करोड़ रुपये, संस्थागत श्रेणी पर 50 करोड़ रुपये, उद्योगों पर 14.61 करोड़ रुपये, आवासीय समितियों पर 10 करोड़ रुपये तथा शेष राशि आईटी और कॉमर्शियल आवंटियों पर बकाया है।

प्राधिकरण ने सभी बकायेदारों से अपील की है कि वे 30 जून तक अपना बकाया जमा कर ब्याज में 40 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाएं।

उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एन.जी. रवि कुमार की पहल पर इस वर्ष जल दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई, जबकि पूर्व में हर वर्ष जल शुल्क में 10 प्रतिशत की वृद्धि की जाती रही थी।

# इस्कॉन नोएडा में धूमधाम से मनाया गया भगवान जगन्नाथ स्नान यात्रा महोत्सव

## महाअभिषेक, गज-वेश दर्शन और हरिनाम संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु, 1500 से अधिक भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

नोएडा, 29 जून (समाज जागरण)। सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन नोएडा मंदिर में सोमवार को भगवान श्री श्री जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महा-रानी का स्नान यात्रा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शाम 5 बजे से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान के दिव्य दर्शन किए।

महोत्सव के दौरान भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए तथा दिव्य महाअभिषेक, हरिनाम संकीर्तन, प्रेरणादायक प्रवचन, गज-वेश दर्शन, महाआरती और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और संकीर्तन से आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

इस्कॉन नोएडा के सह-अध्यक्ष वंशीधर दास ने अपने प्रवचन में कहा कि स्नान पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन और अभिषेक में सहभागिता करने से भक्तों को विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है तथा भगवान की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि भगवान वर्ष में केवल एक बार गज-वेश में दर्शन देते हैं। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ और बलदेव को हाथी के स्वरूप में विशेष अलंकरण से सजाया गया, जबकि सुभद्रा महारानी को कमल के पुष्प स्वरूप में अलंकृत किया गया।

महा-आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसके बाद 1,500 से अधिक श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन में भक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया तथा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

# साइबर ठगी के शिकार 12 लोगों को मिली राहत, पुलिस ने लौटाए 1.28 लाख रुपये

## धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर करें कॉल या साइबर पोर्टल पर दर्ज कराएं शिकायत

अयोध्या (समाज जागरण)। साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए अयोध्या पुलिस ने 12 पी-ड़ितों के साथ हुई 1,28,731 रुपये की ऑनलाइन ठगी की रकम वापस कराई है।

पुलिस के अनुसार, अज्ञात साइबर ठगों ने विभिन्न माध्यमों से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनके खातों से रकम निकाल ली थी।

शिकायत मिलने के बाद साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित एजेंसियों के समन्वय से पीड़ितों की 1.28 लाख रुपये से अधिक की राशि वापस कराई।

# विद्यालय समय परिवर्तन व यूपी-टीईटी परीक्षा हेतु अवकाश की मांग

**चन्दौसी, समाज जागरण।**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, जनपद सम्भल ने भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का समय प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किए जाने की मांग की है। इस संबंध में संघ के पदाधिकारियों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सम्भल को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन में 2 जुलाई से 4 जुलाई तक आयोजित होने वाली यूपी-टीईटी परीक्षा में शामिल होने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक अनुमति एवं अवकाश प्रदान करने का भी अनुरोध किया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष कालाराम यादव, जिला महामंत्री डॉ. गौरव मिश्रा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कपूर सहित अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# कविराज दुष्यंत कुमार त्यागी संग्रहालय का निरीक्षण करने इंदौर से टीम पहुंची

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद/ मंडावली । मंडावली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम राजपुर नवादा मे बन रहे कविराज दुष्यंत कुमार त्यागी संग्रहालय की जांच करने नाईट स्क्रयर आकेर्टेक फर्म के इंजिनियर ग्राम राजपुर नवादा पहुंचे।जहां पहले ही तैयार डिजाइन पर के आधार पर कार्य हो रहा है या नहीं इसकी जांच की गयी साथ ही कही कमी पाए जाने पर उसे शीध्र ही सही करने के दिशा निर्देश दिए गए।इस मौके पर फर्म की तरफ से आये इंजिनियर ने पुरे संग्रहालय का निरीक्षण बारीकी से किया। इंदौर से आये आर्किटेक्ट राहुल डावर आर्किटेक्ट ऋतुराज भारती आर्किटेक्ट सैन ने जांच कर अवश्य दिशा निर्देश दिए।उनके द्वारा बताया की लगभग 5 करोड़ 70 लाख की लागत से तैयार हो रहे संग्रहालय में कोई कमी ना आने पाए जिसके लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा की ऐसे महापुरुष जिनकी कवि गजल पुरे विश्व मे विख्यात है उनके जन्म स्थल पर आने का हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ हमारे लिए ये सौभाग्य की बात है। इस मौके सहायक परियोजना प्रबंधक हरिशंकर गुप्ता, भूपेंद्र कुमार, चरण सिंह त्यागी, सुमित त्यागी, नितिन त्यागी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# चंदन के उद्यान का पौधरोपण का शुभारंभ

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। जनपद मुख्यालय से 9 किमी दूर ग्राम कासमपुर कृपाराम में चंदन के उद्यान का शुभारंभ उप कृषि निदेशक डॉ घनश्याम वर्मा, विवेकानन्द दिव्य भारती के अध्यक्ष योगेन्द्र पाल सिंह योगी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। चंदन का उद्यान लगाने वाले सुकृत कवात्रा द्वारा ये उद्यान लगाने से पहले पूरी तैयारी की गई जिसमें चन्दन की खेती संबंधी जानकारी लेना, सिंचाई के लिए ड्रिप लगाना , मिट्टी की जांच व शौधन कराया गया है । इनके द्वारा दो एकड़ से अधिक भूमि में चंदन के 600 पौधे रोपित किए जायेंगे। चंदन के साथ साथ आपके द्वारा आम में बनाना आम, थाई बारह मासी आम , अमरूद, माल्टा, गोल्डन सेवा, अनार, संतरा, लाल आंवला, कुंभकाट नींबू, सफेद जामुन, मीठा करोंदा,चीकू आदि फलों का रोपण भी किया गया है।



उप कृषि निदेशक डॉ घनश्याम वर्मा द्वारा सुकृत कवात्रा को हर प्रकार की विभागीय तकनीकी सहायता का आश्वाशन दिया तथा आशा व्यक्त की कि इससे अन्य किसान भी प्रेरित होंगे। चंदन का रोपण बिजनौर के उज्जवला प्लांटेशने सीईओ द्वारा अपनी देखरेख में क्या रहें हैं और दो वर्ष तक पूरी देखभाल भी उनके द्वारा की जायेगी। योगेन्द्र पाल सिंह योगी द्वारा चंदन रोपण को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि ये ऐसी खेती है जिसे करने से उम्मीद से धन किसान क्या सकते हैं। इस अवसर पर विषय वस्तु विशेषज्ञ आदित्य चौधरी भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय महिला क्रांति दल की सदस्यों ने, कोतवाली क्षेत्र का दौरा किया

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर कोतवाली देहात राष्ट्रीय महिला क्रांति दल की जिला सचिव श्रीमती रश्मि वर्मा के नेतृत्व में महिलाओं का एक प्रतिनिधिमंडल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करौंदा चौधर,हिमपुर, भीमपुर, शालू नगला आदि तमाम क्षेत्रों का दौरा करते हुए महिलाओं को मजबूत करने पर ध्यान आकर्षित कराया गया, तथा महिलाओं से क्रांति दल में जुड़ने का वार किया गया, इस मौके पर ओमवती देवी मिथलेश देवी, अशोक देवी, परमेश्वरी, देवी, रामवती, के अतिरिक्त दो दर्जन से अधिक महिलाएं शामिल रही एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव रश्मि वर्मा ने कहा कि हमारा संगठन महिलाओं के उत्थान के लिए, कार्य, करता है किसी भी महिला का उत्पीड़न किसी कीमत पर भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, उन्होंने सभी महिलाओं से एकता बनाए रखने की अपील की



# रोटरी क्लब संभल मिडटाउन की नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार, समाजसेवियों का हुआ सम्मान

**संभल, समाज जागरण।**

रोटरी क्लब संभल मिडटाउन द्वारा गोल्डन स्पून रेस्टोरेंट में सत्र 2025-26 के समापन, धन्यवाद एवं सम्मान समारोह के साथ सत्र 2026-27 के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने वर्षभर के सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब ने सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए।




समारोह में रक्तदान, कांवड़ सेवा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सद्भावना दिवस, नगर कीर्तन एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अनेक सदस्यों को सम्मानित किया गया। 45 बार स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले रोटेरियन सुमित वार्ष्णेय को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। वरिष्ठ रोटेरियन अवधेश वार्ष्णेय एवं प्रिय रत्न आर्य को समाज सेवा में दीर्घकालीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वहीं नए सदस्यों विपिन गुप्ता, अमित वार्ष्णेय, पवन और क्षितीज का स्वागत किया गया।

सत्र 2026-27 के लिए रोटेरियन सुमित अग्रवाल ने अध्यक्ष तथा रोटेरियन गौरव वार्ष्णेय ने सचिव पद का कार्यभार संभाला। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. प्रशांत वार्ष्णेय ने कॉलर पहनाकर नई टीम को पदभार सौंपा। नव-निर्वाचित अध्यक्ष ने रोटरी की सेवा, मित्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह का समापन फेलोशिप, सौहार्द एवं स्नेहभोज के साथ हुआ।


# कविराज दुष्यंत कुमार त्यागी संग्रहालय का निरीक्षण करने इंदौर से टीम पहुंची

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद/ मंडावली । मंडावली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम राजपुर नवादा मे बन रहे कविराज दुष्यंत कुमार त्यागी संग्रहालय की जांच करने नाईट स्क्रयर आकेर्टेक फर्म के इंजिनियर ग्राम राजपुर नवादा पहुंचे।जहां पहले ही तैयार डिजाइन पर के आधार पर कार्य हो रहा है या नहीं इसकी जांच की गयी साथ ही कही कमी पाए जाने पर उसे शीध्र ही सही करने के दिशा निर्देश दिए गए।इस मौके पर फर्म की तरफ से आये इंजिनियर ने पुरे संग्रहालय का निरीक्षण बारीकी से किया। इंदौर से आये आर्किटेक्ट राहुल डावर आर्किटेक्ट ऋतुराज भारती आर्किटेक्ट सैन ने जांच कर अवश्य दिशा निर्देश दिए।उनके द्वारा बताया की लगभग 5 करोड़ 70 लाख की लागत से तैयार हो रहे संग्रहालय में कोई कमी ना आने पाए जिसके लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा की ऐसे महापुरुष जिनकी कवि गजल पुरे विश्व मे विख्यात है उनके जन्म स्थल पर आने का हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ हमारे लिए ये सौभाग्य की बात है। इस मौके सहायक परियोजना प्रबंधक हरिशंकर गुप्ता, भूपेंद्र कुमार, चरण सिंह त्यागी, सुमित त्यागी, नितिन त्यागी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।




# कीर्तन, नृत्य और पुष्पवर्षा के बीच धूमधाम से निकली 16वीं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा

**नजीबाबाद, बिजनौर, समाज जागरण (मुस्कान खान)।**

श्री हरिसंकीर्तन मंडल के तत्वावधान में रविवार को 16वीं श्री जगन्नाथ रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई। रथ यात्रा के दौरान पूरा नगर "जय जगन्नाथ" के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-पूजन से हुआ, जिसके बाद नजीबाबाद रेलवे स्टेशन परिसर में पंडित मनोज जखमोला और राजेंद्र कुकरेती ने भगवान जगन्नाथ, बलदेव और माता सुभद्रा की आरती कर रथ यात्रा को रवाना किया।



रथ यात्रा में विदेशी महिला भक्तों के संकीर्तन और पारंपरिक भक्ति नृत्य ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। हरिद्वार इस्कॉन मंडल, मुरादाबाद के श्री माखन प्रभु, जगदीश प्रभु सहित विभिन्न संकीर्तन मंडलियों ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पंजाब से आए श्रद्धालुओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर यात्रा की शोभा बढ़ाई।

नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती रथ यात्रा का श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह शरबत और प्रसाद वितरण के शिविर लगाए गए। आयोजन को सफल बनाने में संस्थापक राजीव अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री यदु ऐरन, अमित बत्रा, कमल बंधु, शिवम अग्रवाल, निखिल कालरा, उदित कुमार, विजय चोपड़ा, सुनील राजपूत सहित मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रथ यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की सहभागिता से पूरा नगर आस्था और भक्ति के रंग में सराबोर नजर आया।

# नाबालिग से दुष्कर्म व धमकी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने, दुष्कर्म करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सख्त संदेश गया है।



पुलिस के अनुसार पीड़िता के परिजनों ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाया गया, उसके साथ दुष्कर्म किया गया तथा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना स्योहारा में मुकदमा संख्या 259/2026 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं 137(2), 3(5), 70(2), 127(2), 115(2), 352, 351(3) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5(G)/6 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

मामले की विवेचना के दौरान स्योहारा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए रविवार को दोनों नामजद आरोपियों रीतिन पुत्र किरत एवं सोनू उर्फ सतवीर पुत्र धर्मपाल सिंह, निवासी ग्राम मकनपुर, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्य संकलन एवं अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है।

इस सफल कार्रवाई को थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संजय त्यागी, हेड कांस्टेबल नीतू राणा तथा हेड कांस्टेबल राजू दिवाकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों के मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा तथा ऐसे मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई जारी रहेगी।

# संभल में गुरु स्वीट्स पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, रसमलाई व बूंदी के लड्डू के लिए नमूने

**समाज जागरण**

संभल। जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने सोमवार को सम्भल शहर स्थित प्रसिद्ध मिठाई प्रतिष्ठान गुरू स्वीट्स पर औचक निरीक्षण किया। यह कार्रवाई आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश के निर्देश तथा जिलाधिकारी के आदेश पर की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दुकान एवं कारखाने में साफ-सफाई की व्यवस्था असंतोषजनक पाई। टीम के अनुसार कर्मचारी बिना दस्ताने, एप्रन और हेडगियर के मिठाइयों का निर्माण करते मिले, जो खाद्य सुरक्षा मानकों के विपरीत है। जांच के दौरान बिक्री के लिए रखी गई रसमलाई एवं बूंदी के लड्डू की गुणवत्ता पर संदेह होने पर दोनों खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेज दिया गया। प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।





खाद्य सुरक्षा विभाग ने प्रतिष्ठान को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा-32 के अंतर्गत सुधार नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय सीमा में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं।

विभाग ने कहा कि मिलावटखोरी एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि आम जनता को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

# संत शिरोमणि कबीर साहेब जी की 629वीं प्राकट्य जयंती पर बिजनौर में निकली भव्य शोभायात्रा

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर भुइयार समाज उत्थान समिति (रजि.) बिजनौर एवं भुइयार समाज सेल्फ केयर समिति, बिजनौर के संयुक्त तत्वावधान में संत शिरोमणि कबीर साहेब जी की 629वीं प्राकट्य जयंती के अवसर पर सोमवार को भव्य शोभायात्रा, विचार गोष्ठी, अतिथि सम्मान एवं भंडारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिजनौर जनपद सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों समाजबंधुओं, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । शोभायात्रा का शुभारंभ नूरपुर विधायक रामावतार सैनी, साध्वी प्राची, दिगंबर चौधरी-युवा किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष, इंद्रा सिंह-नगर पालिका अध्यक्ष बिजनोर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8:00 बजे इंद्राबाल भवन , नुमाइश ग्राउंड, बिजनौर से हुआ। इसके पश्चात शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों- कचहरी रोड, विकास भवन, रोडवेज चौराहा, डाकघर चौराहा, नगर पालिका, सिविल लाइन होते हुए राजमिलन बैंक्वेट हॉल पहुँची, जहाँ मुख्य समारोह आयोजित किया गया।गोष्टी का शुभारंभ नगीना विधायक एवं पूर्व मंत्री मनोज पारस ने दीप प्रज्जलित कर किया। कार्यक्रम में कॉन्ट्रैक्ट कॉपोरेशन, विद्युत विभाग, लखनऊ के विपिन कुमार मुख्य अतिथि, आईआरएस तथा असिस्टेंट कमिश्नर, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सुरेन्द्र सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में संत कबीर साहेब के सत्य, समानता, भाईचारे, मानवता एवं सामाजिक समरसता के संदेश को आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए समाज को शिक्षा, संगठन और सामाजिक उत्थान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। पूरे आयोजन के दौरान संत कबीर साहेब के विचारों और सामाजिक एकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया।आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, समाजबंधुओं, स्वयंसेवकों, प्रशासन, पुलिस विभाग, मीडिया प्रतिनिधियों तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में करन पाल सिंह अध्यक्ष एवं अजयपाल सिंह, राजपाल भुइयार, विजयपाल सिंह पूर्व प्रधान भनेड़ा संरक्षक, एवं खजान सिंह , बलवंत सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, बलजीत सिंह महामंत्री, सुभाष सिंह कोषाध्यक्ष, संदीप भुइयार भनेड़ा, महेंद्र सिंह भनेड़ा, नरेंद्र सिंह, भोपाल सिंह, शेर सिंह,सुरेश कुमार, पवन कुमार झिरन, महासिंह, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



# पीपलेश्वर महादेव मंदिर में भक्तिमय वातावरण व आस्था के साथ हुई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना। प्राचीन सिद्धपीठ श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं की प्रगाढ़ आस्था के साथ हवन पूजन उपरांत मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। पंडित आचार्य पंकज देवरानी ने यजमान बने दस दंपत्तियों के साथ पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना व हवन यज्ञ कराया। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्तियों का शाही जलास्नान व पंचामृत से जलाभिषेक किया गया। मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजि विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को भोग लगाया गया।



सोमवार को श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बद्रीनाथ से आए पुजारी पंडित आर्चाय पंकज देवरानी ने भगवान की मूर्तियों का शाही जलास्नान, चरणामृत स्नान, अन्न स्नान,फल स्नान,पुष्प स्नान व घृत स्नान के बाद पंचामृत से जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात सर्वप्रथम शिवलिंग के पास शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई।शिव परिवार की बड़ी मूर्तियों,राधा कृष्ण व बजरंग बली हनुमान जी, राम द्वार। राधा कृष्ण, लक्ष्मी नारायण, भगवा नृसिंह , श्री शनिदेव, मां दुर्गा तथा हरे के सहारे खाटू श्याम आदि की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

धार्मिक अनुष्ठान में बद्रीनाथ से आए पुजारी पंडित पंकज देवरानी ने यजमान मुकेश त्यागी,उनकी पत्नी सुधा त्यागी,अनूप गुप्ता व उनकी पत्नी शालिनी गुप्ता,विकुल व पत्नी मीनू,मनीष शर्मा व पत्नी मीनाक्षी कौशिक,बिजनौर से आए भारत भूषण मित्तल व उनकी पत्नी सरिता मित्तल,सुयश जैन,राजेश अग्रवाल व सुमन अग्रवाल,मुकेश अग्रवाल व शालिनी अग्रवाल,संजय अग्रवाल व निधि अग्रवाल,तृप्ति शर्मा पत्नी अवधेश शर्मा व पुत्र दीपांशु शर्मा, गौरव अग्रवाल व पत्नी कीर्ति अग्रवाल, अनुकूल अग्रवाल व पत्नी शालिनी अग्रवाल के साथ विशेष पूजा अर्चना कराई।कार्यक्रम में मोहित ठाकुर,कलुआ कारीगर, युवराज सिंह, राजू,राजेंद्र चौहान, राकेश त्यागी, उमेश त्यागी, राकेश अग्रवाल एड,सुरेंद्र अग्रवाल, गायत्री वर्मा, निधि अग्रवाल, रेखा शर्मा व मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता समेत दर्जनों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

# रामराज्य की अवधारणा आज भी प्रासंगिक: प्रो. उपेन्द्र

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के भारतीय ज्ञान परम्परा- आईकेएस केंद्र के तत्वावधान में त्रेता युगः धमार्धारित शिक्षा एवम् ऋषि आश्रमों का उदय पर ऑनलाइन 14वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव**

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के सेंटर फॉर वैदिक साइंस में विभागाध्यक्ष एवम् संस्थापक-समन्वयक प्रो. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा, वेद, उपनिषद, वेदांग, उपवेद, पुराण एवम् षड्दर्शन में निहित ज्ञान परम्परा ही भारतीय शिक्षा का मूल आधार हैं। उन्होंने तक्षशिला और पुष्कलावती जैसे प्राचीन शिक्षा केंद्रों, प्रश्नोपनिषद, शिक्षावल्ली, स्वाध्याय, श्रवण-मनन, गुरु-शिष्य परम्परा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, रामराज्य की अवधारणा और नैतिक शिक्षा का महत्व समाज और शिक्षा व्यवस्था के लिए आज भी प्रासंगिक है। प्रो. त्रिपाठी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा- आईकेएस केंद्र के तत्वावधान में त्रेता युगः धमार्धारित शिक्षा एवम् ऋषि आश्रमों का उदय पर ऑनलाइन आयोजित 14वीं राष्ट्रीय कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे।





इससे पूर्व मां सरस्वती की वंदना के संग राष्ट्रीय कॉन्क्लेव का शंखनाद हुआ। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में कला संकाय- शिक्षा विभाग के प्रो. पतंजलि मिश्रा ने बतौर विशिष्ट वक्ता कहा, भारतीय आश्रम केवल निवास की व्यवस्था नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा, आत्मसंयम, कर्मयोग और मोक्ष प्राप्ति की जीवन-पद्धति है।

प्रो. मिश्रा ने छांदोग्य उपनिषद के सत्यकाम जाबाल, विदुर नीति, गार्गी एवम् मैत्रेयी के दार्शनिक संवादों के संग-संग सा विद्या या विमुक्तये की अवधारणा के जरिए भारतीय शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, व्यक्ति का मूल्य उसके ज्ञान, चरित्र और व्यवहार से निर्धारित होता है, न कि उसके पद और संपत्ति से। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने वेब ऑफ साइंस एवम् स्कोपस सरीखी प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित शोधपत्रों, पुस्तकों, पेटेंट और अनुसंधान परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा, भारतीय ज्ञान परम्परा और आधुनिक शोध का समन्वय ही भविष्य की शिक्षा का आधार बनेगा। टीएमयू के आईकेएस केंद्र की कोर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा, त्रेता युग की शिक्षा व्यवस्था केवल ज्ञानार्जन तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसका उद्देश्य चरित्र निर्माण, आत्मानुशासन, कर्तव्यबोध और धर्ममय जीवन मूल्यों का विकास करना था। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार आदि मौजूद रहे। राष्ट्रगान के संग कॉन्क्लेव का समापन हुआ।

# योगी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर करेगी मॉनिटरिंग

**- जल जीवन मिशन की हकीकत परखने के लिए कई जिलों का दौरा करेंगे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह**

**- हर परियोजना की समीक्षा करेंगे चीफ इंजीनियर, लापरवाही मिलने पर होगी सख्त कार्रवाई**

**- यमुना नदी की सफाई के लिए संतों और ग्रामीणों से ली जाएगी मदद, गांवों में होंगे 'जल अर्पण' कार्यक्रम**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 29 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन को केवल योजनाओं तक सीमित न रखकर उसकी जमीनी गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में भी लगातार सक्रिय है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए अब जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह स्वयं गांवों में जाकर नल से जलापूर्ति व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करेंगे।

15 से 25 जुलाई के बीच प्रस्तावित इस विशेष अभियान के तहत जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एक दर्जन से अधिक जिलों के गांवों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे न केवल पेयजल आपूर्ति और पानी की गुणवत्ता की जांच करेंगे, बल्कि ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी जानेंगे। इस अभियान में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उनके साथ रहेंगे।

जलशक्ति मंत्री और विभागीय अधिकारी गांवों में रात्रि विश्राम भी करेंगे। इस दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया जाएगा और योजनाओं की वास्तविक स्थिति का निष्पक्ष आकलन होगा। निरीक्षण के दौरान गांवों में 'जल अर्पण' कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ग्रामीणों को जलापूर्ति व्यवस्था के संरक्षण और संचालन में सहभागी बनाया जाएगा।

**जिलों के दौरे के साथ ग्रामीणों से लिया जाएगा फीडबैक**

15 और 16 जुलाई को जलशक्ति मंत्री ललितपुर, झांसी और जालौन के गांवों का औचक निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 18 और 19 जुलाई को सुल्तानपुर, जौनपुर, मिजार्पुर और सोनभद्र के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर जलापूर्ति व्यवस्था का जायजा लेंगे। इन सभी स्थानों पर वे ग्रामीणों से सीधा फीडबैक लेकर योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन करेंगे।

**यमुना की सफाई के लिए संतों और ग्रामीणों से संवाद**

24 जुलाई को जलशक्ति मंत्री मथुरा में संतों के साथ विशेष संवाद करेंगे।

# 102 एंबुलेंस में गूंजी किलकारी जच्चा-बच्चा स्वस्थ

एचसीवी पॉजिटिव महिला का सुरक्षित प्रसव कराने हेतु सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए किया गया रेफर रास्ते में 102 एंबुलेंस कर्मियों ने कराया सुरक्षित प्रसव।

**समाज जागरण**

बागपत। प्रदेश में संचालित 102 एंबुलेंस सेवा एक बार फिर जीवन रक्षक साबित हुई। सुबह लगभग 04:10 बजे एंबुलेंस के भीतर सुरक्षित प्रसव होने के बाद नवजात शिशु की किलकारी ने पूरे माहौल को खुशियों से भर दिया। खेकड़ा निवासी सहाना (22), पत्नी आसिफ को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू होने लगी तभी अचानक दर्द बढ़ने पर परिजनों ने सीएचसी खेकड़ा में भर्ती करा दिया लेकिन महिला एचसीवी पॉजिटिव होने के कारण सीएचसी का स्टाफ महिला का प्रसव नहीं करा सका इसके उपरांत बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल को महिला को रेफर कर दिया। उपस्थित परिजनों ने 102 एंबुलेस की सहायता ली। सूचना मिलते ही ईएमटी भूपेंद्र और पायलट राहुल कुमार वहां पहुंचे और महिला को अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ने लगी, जिसके बाद पायलट राहुल कुमार ने एंबुलेंस को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर रोक दिया। स्थिति को गंभीर एवं आपातकालीन मानते हुए ईएमटी भूपेंद्र ने बिना समय गंवाए महिला के


वाइटल चेक किए महिला की हालत

गंभीर महसूस हुई इसके उपरांत लखनऊ में हेड ऑफिस में मेडिकल एक्सपर्ट डॉक्टर की टीम से संपर्क किया डॉक्टर अविश द्विवेदी के सलाहनुसार डिलीवरी किट की मदद से एंबुलेंस के भीतर ही प्रसव की पूरी प्रक्रिया संभाली। उनकी सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई के कारण कुछ ही मिनटों में महिला ने एक स्वस्थ नवजात शिशु को जन्म दिया। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा दोनों की स्थिति सामान्य बताई गई और उन्हें आगे की चिकित्सा औड्ट देखभाल के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिजनों ने सुरक्षित प्रसव कराकर मां और बच्चे की जान बचाने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा की खुलकर प्रशंसा की। साथ ही एंबुलेंस कर्मियों ईएमटी भूपेंद्र कुमार और पायलट राहुल कुमार की तत्परता, समझदारी और सेवा भाव की सराहना की। परिजनों ने कहा कि सही समय पर मिली सरकारी एंबुलेंस सेवा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं रही। 102 एंबुलेंस सेवा लगातार ऐसे कई मामलों में जरूरतमंदों को समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान कर रही है, जिससे आम लोगों का भरोसा इस सेवा पर और भी मजबूत हुआ है।

# समाज में मानसिक अशांति, कटुता और रिश्तों में बढ़ रही दूरियां : धीरज यादव

**समाज जागरण बागपत।**
सुप्रसिद्ध समाजसेवी धीरज यादव हरियाखेड़ा ने कहा कि आज के समय में मनुष्य के पास सुविधाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक हैं, इसके बावजूद समाज में मानसिक अशांति, कटुता और रिश्तों में दूरियां बढ़ती जा रहे हैं। धीरज यादव ने बताया कि इसका एक बड़ा कारण यह है कि लोग अपने शब्दों की मयार्दा भूलते जा रहे हैं। बातचीत, जो कभी प्रेम, सहयोग और आत्मीयता का माध्यम हुआ करती थी, आज दूसरों की आलोचना, उपहास और निंदा का साधन बनती जा रही है।किसी व्यक्ति की असफलता, गलती या निजी जीवन पर टिप्पणी करना अब लोगों के लिए सामान्य बात बन चुकी है। यही नहीं, कई बार किसी व्यक्ति की सफलता की सराहना करने के बजाये उसमें खामियां निकालने की कोशिश की जाती है। धीरे-धीरे यह प्रवृत्ति लोगों के व्यक्तित्व का हिस्सा बनती जा रही है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसका जीवन समाज के बीच ही विकसित होता है। वह अपने विचारों और व्यवहार से ही लोगों के बीच सम्मान प्राप्त करता है। मगर जब उसकी वाणी में कटुता और दूसरों को नीचा दिखाने की प्रवृत्ति आ जाती है, तब उसका प्रभाव



केवल सामने वाले व्यक्ति पर ही नहीं, बल्कि उसके अपने व्यक्तित्व पर भी पड़ता है। जो व्यक्ति हर समय दूसरों की कमियां खोजने में लगा रहता है, वह अनजाने में अपने भीतर की असुरक्षा और नकारात्मक सोच को प्रकट कर देता है। कुछ समय के लिए उसे यह लग सकता है कि वह दूसरों से बेहतर है, मगर धीरे-धीरे लोग उसके स्वभाव को समझने लगते हैं और उससे दूरी बनाने लगते हैं। निंदा का स्वभाव बिल्कुल उस दीमक की तरह होता है, जो बाहर से दिखाई नहीं देता, लेकिन भीतर ही भीतर मजबूत लकड़ी को खोखला करता रहता है। उसी प्रकार दूसरों की बुराई करने की आदत भी मनुष्य के चरित्र को अंदर से लगातार कमजोर करती रहती है। जो व्यक्ति दूसरों की गलतियों की चर्चा करता है, वह अक्सर यह भूल जाता है कि सुनने वाला व्यक्ति केवल उन बातों को नहीं सुन रहा होता, बल्कि उसके व्यक्तित्व का भी आकलन कर रहा होता है। लोग सामने से उसकी बातों में रुचि दिखा सकते हैं, लेकिन उनके मन में उसके प्रति सम्मान कम होने लगता है। समाज यह अच्छी तरह समझता है कि जो व्यक्ति आज किसी की बुराई कर रहा है, वह कल किसी और के बारे में भी वैसा ही बोल सकता है। दूसरों की बुराई करना एक ऐसा अवगुण है, जो निंदक के मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को गहराई से प्रभावित करता है। यह न केवल आपसी विश्वास को नष्ट करता है, बल्कि व्यक्ति के अपने व्यक्तित्व को भी कमजोर बनाता है।

# 5 दिन में पेयजल बहाल नहीं हुआ तो जल निगम कार्यालय पर तालाबंदी: भाकियू अखंड

बागपत में अधिकारियों से लिखित आश्वासन लिया, जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान बोले- जनता को बहाने नहीं, पानी चाहिए

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय किसान यूनियन अखंड ने नगर की बदहाल पेयजल व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को नगर पालिका परिषद के मीटिंग हॉल में जल निगम और नगर पालिका अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि 5 दिन में पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो जल निगम कार्यालय पर तालाबंदी और पानी की लाइनें बंद कराने का आंदोलन होगा। दोपहर 2 से 3:30 बजे तक चली बैठक में जल निगम और नगर पालिका के अधिकारी पेयजल आपूर्ति की



जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालते नजर आए। इससे नाराज भाकियू अखंड के जिला संगठन मंत्री दिलशाद खान ने कहा कि जनता अब बहाने नहीं, नियमित और सुचारु पेयजल आपूर्ति चाहती है। पुराने कस्बे समेत कई वार्डों के लोग लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। बैठक में जल निगम की ओर से जेई शेर सिंह राणा, सुपरवाइजर विशाल, अनूप और नगर पालिका से राज बहादुर, एहसान, इरफान समेत अन्य अधि कारी मौजूद रहे। भाकियू अखंड ने अधिकारियों से लिखित आश्वासन लिया। अधिकारियों ने समाधान के लिए 5 दिन का समय मांगा, जिसे संगठन ने अंतिम अवसर के रूप में स्वीकार किया। दिलशाद खान ने चेतावनी दी कि 5 दिन में पुराने कस्बे और सभी प्रभावित वार्डों में नियमित आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो जनहित में बड़ा आंदोलन होगा। संगठन जल निगम कार्यालय पर तालाबंदी करेगा और पानी की लाइनें बंद कराएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन की नौबत आई तो कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी जल निगम और शासन-प्रशासन की होगी। बैठक में जिला सचिव इस्लाम, जिला कार्यालय प्रभारी वाजिद, वार्ड अध्यक्ष कलीम, जीशान, रऊफ, मोमिन, अयूब, इरफान खान, मेहताब, नईम मसूदी, मोबिन प्रधान समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।
भाकियू अखंड ने स्पष्ट किया कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थायी समाधान नहीं हुआ तो जनता के साथ आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

# सिंघावली अहीर के ब्रिगेडियर हुकुम सिंह यादव को मिले उचित सम्मान : महिपाल यादव

**समाज जागरण बागपत।**

अखिल भारतीय यादव महासभा पश्चिम उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता महिपाल यादव ने जनपद बागपत के गौरवशाली इतिहास से जुड़े हुए समाज के सम्मानित लोगों को उचित सम्मान दिलाने जाने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि बागपत के अमीनगर सराय मोड़ का नाम सिंघावली अहीर निवासी ब्रिगेडियर हुकुम सिंह यादव जी के नाम पर रखा जाना चाहिए। महिपाल यादव ने बताया कि 15 अगस्त वर्ष 1947 को देश की आजादी के ऐतिहासिक अवसर पर दिल्ली स्थित इंडिया गेट पर तत्कालीन वायसराय लॉर्ड



माउंटबेटन की मौजूदगी में लाखों लोगों के समक्ष देश का पहला तिरंगा फहराने का गौरव ब्रिगेडियर हुकुम सिंह यादव जी को प्राप्त हुआ था। ऐसे वीर सपूत के नाम पर अमीनगर सराय मोड़ का नामकरण जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात होगी तथा आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति की प्रेरणा मिलेगी। महिपाल यादव ने यह भी मांग की कि बागपत जिला पंचायत की प्रथम अध्यक्ष स्वर्गीय शकुन यादव जी की प्रतिमा जिला पंचायत कार्यालय परिसर में स्थापित की जाए। उनका कहना था कि शकुन यादव जी ने अपने कार्यकाल में जनपद के विकास और ग्रामीण क्षेत्र की उन्नति के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया था। उनकी प्रतिमा स्थापित होना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। महिपाल यादव ने बागपत-मेरठ हाईवे स्थित बालैनी चौक का नाम देशवाल चौक रखने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के आसपास लगभग एक दर्जन गांव देशवाल गोत्र के हैं। देशवाल गोत्र सामाजिक एकता, शिक्षा और कृषि क्षेत्र में लंबे समय से देशहित में कार्य कर रहा है। इस गोत्र के अनेको लोगों ने समाज, सेना, शिक्षा, राजनीति और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महिपाल यादव ने कहा कि यदि इन मांगों को स्वीकार किया जाता है तो यह केवल नाम परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि जनपद बागपत के गौरवशाली इतिहास, समाज के प्रेरणादायी लोगों और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत को सच्चा सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

उन्होंने बागपत कलक्ट्रेट प्रांगण में ब्रिगेडियर हुकुम सिंह यादव की प्रतिमा लगवाने की मांग भी पूरी जोर-जोर के साथ उठाई।

# सेंट फ्रांसिस स्कूल की छात्रा स्मार्टी पंडित ने तैराकी में लहराया परचम

**समाज जागरण बागपत।**
सेंट फ्रांसिस स्कूल की होनहार छात्रा एवं जानी-मानी लिटिल स्टार किड्स मॉडल स्मार्टी पंडित ने तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्री स्टाइल और किक बोर्ड स्पधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल परिवार



में खुशी का माहौल है। कम उम्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी स्मार्टी पंडित न केवल मॉडलिंग की दुनिया में अपनी अलग पहचान रखती हैं, बल्कि पढ़ाई में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। उनके विनम्र स्वभाव, हंसमुख व्यक्तित्व और श्रेष्ठ संस्कारों के कारण वह सभी की प्रिय हैं। पढ़ाई, खेल और मॉडलिंग के बीच संतुलन बनाकर सफलता हासिल करना उनकी मेहनत और अनुशासन का प्रमाण है। इस शानदार उपलब्धि का श्रेय स्मार्टी पंडित ने अपनी माता रजनी मिश्रा, पिता कौशल मिश्रा तथा अपने तैराकी कोच को दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता और कोच ने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया, सही मार्गदर्शन दिया और कठिन समय में भी उनका मनोबल बनाए रखा। इसी प्रेरणा के कारण वह यह मुकाम हासिल कर सकीं। सेंट फ्रांसिस स्कूल के शिक्षकों एवं प्रबंधन ने भी स्मार्टी पंडित की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# विद्यालयी शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की शिक्षा का आधार : डॉ ऋषि पाल

**समाज जागरण बागपत।**
चंडीगढ़ विश्वविद्यालय घड़ुआँ (पंजाब) के सह-प्राध्यापक डॉ ऋषि पाल ने कहा कि वर्तमान समय तकनीक का युग है और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) आधुनिक विज्ञान की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक है। विद्यालयी शिक्षा में एआई का उपयोग लगातार बढ़ रहा है, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों को अनेक लाभ मिल रहे हैं। एआई शिक्षा को अधिक प्रभावी, रोचक, गुणवत्तापूर्ण तथा विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की क्षमता और गति अलग-अलग होती



है। एआई आधारित तकनीक विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन सामग्री और अभ्यास उपलब्ध कराती है, जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक सरल और प्रभावी बनती है। यह विद्यार्थियों की प्रगति का विश्लेषण कर उनके स्तर के अनुसार शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराती है। साथ ही उत्तर-पुस्तिकाओं का त्वरित एवं सटीक मूल्यांकन, स्मार्ट चैटबॉट, वर्चुअल ट्यूटर तथा शैक्षिक एप्लिकेशन विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का तत्काल समाधान कर उनकी सीखने की क्षमता को बढ़ाते हैं। डॉ ऋषि पाल ने बताया कि एआई शिक्षकों के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। यह पाठ योजना तैयार करने, विद्यार्थियों की प्रगति का विश्लेषण करने तथा प्रशासनिक कार्यों को सरल बनाने में सहायता करता है। इसके अतिरिक्त
दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित एवं विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए भी एआई आधारित तकनीक शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बना रही है।

## खेत में चोरी से नीम का पेड़ काटने का लगाया आरोप

**समाज जागरण चांदीनगर।**
रटौल के एक व्यक्ति ने अपने खेत में खड़ा नीम का पेड़ चोरी से काटने का आरोप लगाते हुए खेकड़ा थानें में तहरीर देते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। रटौल निवासी बाकर पुत्र नियाजली ने खेकड़ा थानें में तहरीर देते हुए बताया की उसके खेत रटौल तिगरी के जंगल में रजवाहे के समीप है जहा उसके खेत में नीम का पेड़ खड़ा है सुबह जब वह घूमने गया तो उसके नीम के पेड़ को रटौल निवासी जुल्ली उर्फ जुल्फीकार पुत्र आरिफ ठेकेदार कटवा रहा था। जब उसने कहा की उसका पेड़ क्यों काटा जा रहा है तो उसने बताया की वन विभाग के गौरव के कहने पर उन्हें पेड़ काटा है जब विरोध किया तो वह उससे झगड़ा करने को उतारू हो गये वही जान से मारने की धमकी देने लगे तो उसने अपने पुत्रों बाबर,और इसरार को सूचना दी वह ग्रामीणों को लेकर वहा पहुंचे तो उन्हें देख वह लेवर लेकर फरार हो गया और भविष्य में उसे भूगतने की धमकी दी। पीड़ित ने थानें में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। वही वन विभाग के गार्ड गौरव पर मिलीभगत करके पेड़ कटवाने का आरोप लगाया है।

# नियमों का पालन करने वाले कोचिंग संचालकों को नहीं होने दिया जाएगा परेशान : विनोद जैन

**समाज जागरण बागपत।**

नगर पालिका बड़ौत में आयोजित विचार मंच में लखनऊ के दुखद भीषण अग्निकांड के बाद कोचिंग सेंटर बंद होने के आदेश पर कोचिंग सेंटर के प्रबंधकों एवं अध्यापकों ने अपनी समस्याओं से नायब तहसीलदार विनोद कुमार को अवगत कराया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता विनोद जैन ने कहा कि सभी कोचिंग संचालक अपने संस्थान के लीगल कागजात, फायर एनओसी एवं अन्य




आवश्यक अनुमतियां पूर्ण करके सक्षम अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करें। भाजपा सरकार छात्र हित एवं संचालक हित दोनों का ध्यान रखते हुए नियमानुसार समाधान करेगी। बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, लेकिन नियमों का पालन करने वाले संचालकों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। सरकार सभी के हितों के बारे में सोचती है। इस दौरान बड़ी संख्या में कोचिंग संचालक एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# अभिमन्यु गुप्ता बने अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बागपत में खुशी की लहर

राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल ने की घोषणा, समाजसेवियों ने दी बधाई

**समाज जागरण**

अग्रवाल मंडी टटीरी। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल ने समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया। घोषणा के बाद बागपत में हर्ष की लहर दौड़ गई।सामाजिक-व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। गोपाल गोयल ने कहा कि अभिमन्यु गुप्ता ने समाज सेवा, स्वास्थ्य और संगठन विस्तार में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए यह दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, सत्य भूषण जैन,



नत्थूराम जैन, लायन आलोक भटनागर समेत वरिष्ठजनों ने शुभकामनाएं दीं। लायन संजय गोयल, हंसराज गुप्ता, डॉ. मयंक गोयल ने इसे बागपत के लिए गर्व का विषय बताया। अभिमन्यु गुप्ता ने आभार जताते हुए कहा कि वे सेवा, संगठन विस्तार और युवा सशक्तिकरण के लिए समर्पण से काम करेंगे। "सेवा, संगठन और संस्कार ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति हैं।"

# सपा कार्यालय पर दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई, दी श्रद्धांजलि

त्याग और राष्ट्रप्रेम के प्रतीक को किया नमन, कार्यकताओं ने आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**समाज जागरण**
बागपत। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय बागपत में सोमवार को महान दानवीर, राष्ट्रभक्त और त्याग के प्रतीक दानवीर भामाशाह जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि भामाशाह जी ने अपने अद्वितीय त्याग, उदारता और राष्ट्रप्रेम से इतिहास में अमिट स्थान बनाया। उन्होंने राष्ट्र की अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सर्वस्व समर्पित कर यह संदेश दिया कि देश और समाज के हित से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता। उनका जीवन त्याग,




सेवा और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है, जो आज भी प्रेरित करता है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में भामाशाह जी के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक समरसता, जनसेवा और राष्ट्रहित के प्रति जिम्मेदारी निभाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, सम्मान और सेवा पहुंचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवींद्र देव, संजीव त्यागी, काला प्रधान, महबूब मलिक, शाहरुख खान, भालेन्द्र यादव, राहुल यादव, इरशाद मलिक समेत कई कार्यकर्ता और नेता उपस्थित रहे।

# विनयपुर में पीडीए युवा सम्मेलनः रवि बैसला बोले- यूपी में बनेगी सपा सरकार, अखिलेश बनेंगे मुख्यमंत्री

बागपत के विकास का दावा, पूर्व प्रधान जय भाटी ने कहा- पीडीए परिवार सपा सरकार बनाने को तत्पर

**समाज जागरण**
चांदीनगर। विनयपुर गांव में रविवार को पीडीए युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि रवि बैसला ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि सपा सरकार बनने पर बागपत का विकास होगा। युवाओं द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए। पूरनपुर नवादा के पूर्व प्रधान जय भाटी ने कहा कि पीडीए परिवार अबकी बार मजबूती के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि बागपत में रवि बैसला मजबूती



से सपा के हित में काम कर रहे हैं और जनता उन्हें पसंद करती है। युवाओं ने मुख्य अतिथि रवि बैसला का स्वागत किया। संबोधन में बैसला ने कहा कि समाजवादी पार्टी जन-जन का सम्मान करती है। विरोधी आज सपा की लोकप्रियता से घबराए हुए हैं। उन्होंने याद दिलाया कि समाजवादी सरकार में बागपत के तीन वरिष्ठ लोगों को राज्यमंत्री बनाकर सम्मानित किया गया था। सपा सभी वर्गों का सम्मान करती है।

इस मौके पर रोहित मुखिया, प्रवीण, मुकेश प्रधान, जय भाटी, योगेन्द्र बैसला, ललित, अरूण, नवनीत, प्रमोद, नरेन्द्र समेत कई लोग मौजूद रहे।

# खेकड़ा तहसील में धरने पर बैठे अधिवक्ताओं को सपा का समर्थन, हरसंभव सहयोग का आश्वासन

सपा प्रतिनिधिमंडल ने अधिवक्ताओं से की मुलाकात, मांगों को बताया जायज; सरकार से समाधान की मांग

**समाज जागरण**
खेकड़ा। समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को खेकड़ा तहसील पहुंचकर विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे अधिवक्ताओं से मुलाकात की और उनका समर्थन किया। सपा नेताओं ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनकी मांगों को न्यायोचित बताते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। सपा नेताओं ने कहा कि अधिवक्ता लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होना चाहिए। सरकार को अधिवक्ताओं की मांगों पर संवेदनशीलता के साथ विचार कर जल्द उचित निर्णय लेना चाहिए। समाजवादी पार्टी ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि पार्टी उनके लोकतांत्रिक एवं न्यायोचित आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ी है। उनकी आवाज को संबंधित अधिकारियों



और सरकार तक पहुंचाने के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने अपनी मांगों और समस्याओं से प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव, रवि बैसला, भालेन्द्र यादव, राहुल यादव, परवीन बैंसला समेत कई सपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने का भरोसा दिलाया।

# सेवानिवृत्त एसडीओ ए.एम. सिंह भाजपा में शामिल, विधायक मनीषा सिंह ने दिलाई सदस्यता

**समाज जागरण**

सेवानिवृत्ति एसडीओ ने ली भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता बुढार ।प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकासोन्मुख नेतृत्व एवं जनक ल्याणकारी नीतियों से प्रेरित होकर सोमवार को जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत्त एस.डी.ओ. ए.एम. सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। उन्हें जयसिंहनगर क्षेत्र की



विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने भाजपा की सदस्यता दिलाई

# एलम में आवारा कुत्तों का आतंक, आठ लोगों पर किया हमला, एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन लोगों पर हमले की घटनाएं सामने आने से स्थानीय नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। सोमवार को भी आवारा कुत्तों ने अलग-अलग स्थानों पर आठ लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घायलों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराया तथा एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाए।थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी रविंद्र, सुख पाल, धर्मवीर, अनमोल और परवीन पर आवारा कुत्तों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। वहीं गांव कनियाँन निवासी मेहरदीन तथा गांव दुर्गनपुर निवासी गीता भी कुत्तों के हमले का शिकार हो गए।



इसके अलावा एक अन्य व्यक्ति भी हमले में घायल हुआ। सभी घायलों ने प्राथमिक उपचार के साथ एंटी रैबीज के इंजेक्शन लगवाए।कस्बे के लोगों का कहना है कि कस्बे की गलियों और मोहल्लों में आवारा कुत्तों के झुंड दिनभर घूमते रहते हैं। राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों पर आए दिन हमला कर रहे हैं, जिससे लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।नगरवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई करने तथा उन्हें पकड़वाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कांधला पहुंचे देवेंद्र चौधरी

-संगठन मजबूती का दिया मंत्र

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**



भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी का प्रथम बार कस्बे में आगमन पर दिल्ली बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान नेता चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्य कताओं को संबोधित करते हुए देवेंद्र चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों, गरीबों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में अमित चौहान, अरविंद चौधरी, हरिमोहन चौहान 'मोनू', डॉ. रश्मिकांत जैन, कृष्ण चौहान, नेत्रपाल चौधरी,

संजय पंवार, संदीप सैनी, नौसाद मलिक, सुनील पंचाल, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया। नगर के मोहल्ला पट्टोवाला निकट निर्मल चौराहा निवासी वसीम ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपने भाई सुहैल तथा मां वकीला के साथ अपने मामा के घर मोहल्ला खैलकलां में जा रहा था। तभी मस्जिद वाली गली के मोड पर हारून तथा उसके पुत्रों साहिल, अलीशान व सरफराज ने उन्हें जबरदस्ती रोक लिया, जिसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पांच आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। कोतवाली में पांच आरोपियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने डीएम के अनुमोदन के उपरांत गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें नगर के मोहल्ला आलखुर्द निवासी याहिया उर्फ याहया, उसके भाई उजैफा उर्फ हुजैफा निवासीगण मोहल्ला आलखुर्द के अलावा फैय्याज निवासी मोहल्ला इकबालपुरा आलदरम्यान, इसरार उर्फ कट्टा निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द रेतावाला व नोमान निवासी गांव तितरवाड़ा को नामजद कराया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अवैध हथियारों को क्रय एवं विक्रय करने में शामिल रहे हैं। गैंग लीडर याहिया को बनाया गया है, जो वाईजी किंग ग्रुप चलाता है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सपा ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती

**समाज जागरण**

शामली। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को दानवीर भामाशाह की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके त्याग, दान और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव चौधरी कलीम हसन ने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन समाज सेवा, त्याग और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भामाशाह ने अपने अद्वितीय दान और बलिदान से इतिहास में अमिट पहचान बनाई, जिससे आने वाली पीढ़ियां सदैव प्रेरणा लेती रहेंगी। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भामाशाह के बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में चौधरी शमशेर जंग, सैय्यद मुस्तकीम, चौधरी बोबी प्रधान, प्रवीण कुमार, चौधरी सुफियान, शिवांश खैवाल, वीरपाल सिंह, मुजम्मिल, गोलू चौधरी, उस्मान चौधरी, माज हसन आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्री राम मंदिर में करोड़ों रुपए चोरी के मामले में सीबीआई जांच की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शिवसेना पश्चिम उत्तर प्रदेश इकाई ने अयोध्या स्थित भगवान श्रीराम मंदिर में कथित करोड़ों रुपये की चोरी के मामले की सीबीआई जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर मुख्यमंत्री



के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंडल महासचिव बालिस्टर छांचियान ने कहा कि भगवान श्रीराम मंदिर हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में मंदिर में कथित करोड़ों रुपये की चोरी का मामला अत्यंत गंभीर है। उन्होंने आरोप लगाया कि मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों के बीच संदेह की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाए, ताकि यदि इस मामले में कोई भी दोषी या प्रभावशाली व्यक्ति शामिल हो तो उसका पदार्फाश हो सके। साथ ही जांच पूरी होने तक मंदिर ट्रस्ट से जुड़े संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबित करने की भी मांग की गई, जिससे जांच प्रभावित न हो। शिवसेना नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से मामले में शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## श्री राम कथा का श्रद्धा और भक्ति के माहौल में भव्य समापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के हनुमान धाम स्थित अग्रसेन भवन में श्रीराम लखन सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा का सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में भव्य समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग का रसपान किया तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कथा व्यास दीपक महाराज ने भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे, जहां भरत ने नंदिग्राम में उनका स्वागत कर चरण पादुकाएं उन्हें समर्पित कीं। इसके बाद अयोध्या में हर्षोल्लास का वातावरण छा गया और पूरे नगर को भव्य रूप से सजाया गया।उन्होंने बताया कि महर्षि वशिष्ठ ने शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम और माता सीता का राज्याभिषेक कराया। इस दिव्य अवसर पर ऋषि-



मुनि, देवगण, वानर-वीर तथा अयोध्यावासी उपस्थित रहे। भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न ने अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए समारोह को सफल बनाया। दीपक महाराज ने कहा कि राज्याभिषेक के बाद स्थापित रामराज्य धर्म, न्याय, करुणा और लोककल्याण पर आधारित आदर्श शासन व्यवस्था का प्रतीक है। उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई दैहिक दैविक भौतिक तापा, राम राज नहिं काहुहि व्यापा का उल्लेख करते हुए कहा कि रामराज्य में किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं था और सभी लोग सुखी, सुरक्षित तथा धर्मपरायण जीवन व्यतीत करते थे। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संचालन यशपाल पंवार एवं सचिन जैन भगतजी ने किया। इस अवसर पर राजकुमार तायल, अवनीश संगल, अशोक गोयल, मनोज गोयल, सचिन मित्तल, संजय एरन, सक्षम संगल, संदीप मित्तल, राजकमल मित्तल, राधेश्याम संगल, विजय गोयल, खुशीराम अरोड़ा, नवीन अरोड़ा, सुभाष तायल, अमित गर्ग, कपिल जिंदल मौजूद रहे।

## जानलेवा साबित होने लगी भीषण गर्मी और उमस

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस अब जानलेवा साबित होने लगी है। सोमवार को तेज धूप में गांव बहावड़ी में खेत पर काम कर रहे एक किसान की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि तेज धूप और उमस के बीच काम करते समय किसान को अचानक सीने में दर्द हुआ और वह खेत में ही गिर पड़ा। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।



शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहावड़ी निवासी 50 वर्षीय नीरज मलिक पुत्र वेदपाल सिंह सोमवार सुबह अपने खेत पर कृषि कार्य करने गए थे। दोपहर के समय जब तेज धूप और उमस अपने चरम पर थी, तभी काम करते-करते उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। बताया जाता है कि उन्हें अचानक हृदय गति रुकने की शिकायत हुई और वह खेत में ही गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के किसान मौके पर पहुंचे। उन्हें संभालने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। किसान की अचानक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। उधर, जिले में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों का जनजीवन प्रभावित है। दोपहर के समय तापमान और उमस के कारण खेतों में काम करना बेहद कठिन हो गया है। चिकित्सकों का भी कहना है कि अत्यधिक गर्मी में लंबे समय तक धूप में रहने से हीट स्ट्रोक और हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में लोगों को दोपहर के समय धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और आवश्यकता होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी जा रही है।

## ई रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में जिला बार एसोसिएशन का धरना जारी

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) प्रदेश सर कार द्वारा लागू की गई पेपरलेस ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में जिला बार एसोसिएशन के अधि वक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं स्टांप वेंडरों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। धरने पर पहुंचे पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल और राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव विजय कौशिक ने आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए प्रदर्शनकारियों की मांगों को जायज बताया। धरना स्थल पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था से अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं स्टांप वेंडरों के समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने सरकार से इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करते हुए संबंधित पक्षों से वार्ता कर उचित समाधान निकालने की मांग की।



धरने के दौरान संघर्ष समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि लखनऊ भेजे गए प्रतिनिधिमंडल द्वारा सरकार के साथ होने वाली वार्ता और लिए गए निर्णय के आधार पर आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट बिजेंद्र कुमार, महासचिव एडवोकेट सत्येंद्र कुमार शर्मा, एडवोकेट प्रदीप पंवार, रामकुमार वर्मा, मनोज देशवाल, केडी शर्मा, मणिकांत शर्मा, दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष ब्रह्मपाल सैनी, सचिव राजीव सहरावत, रामगोपाल सहरावत, संजीव कुमार, स्टांप वेंडर हरपाल सिंह, नरेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

## नालों से निकला कूड़ा बना दुकानदारों की परेशानी, प्रदर्शन कर उठाने की मांग

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के बाईपास मार्ग पर नालों की सफाई के दौरान निकाला गया कूड़ा कई दिनों से सड़क किनारे पड़ा होने के कारण दुकानदारों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। कूड़ा नहीं उठाए जाने से नाराज व्यापारियों ने प्रदर्शन कर नगर पालिका प्रशासन से जल्द सफाई कराने की मांग की। सोमवार को कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी दुकानदार नदीम, गुलजार, मुरसलीन, नवाब, नसीम समेत अन्य व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका ने बरसात से पहले नालों की सफाई कर उनमें से निकला कूड़ा और गंदगी दुकानों के बाहर ही डाल दी थी। कई दिन बीत जाने के बावजूद इसे नहीं उठाया गया है।



इससे दुर्गंध फैल रही है और ग्राहकों के आने-जाने में भी परेशानी हो रही है, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कूड़ा नहीं हटाया गया तो उन्हें नगर पालिका के बाहर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से कूड़ा उठवाकर क्षेत्र की सफाई कराने की मांग की है।नगर पालिका के सफाई लिपिक अमरीश कुमार ने बताया कि नालों से निकला कूड़ा गीला होने के कारण उसे तुरंत नहीं उठाया जा सकता। कूड़ा सूखते ही सफाई कर्मचारियों को लगाकर उसका उठान करा दिया जाएगा।

## 51 वे विशाल निशुल्क कांवड़ सेवा शिविर की तैयारियां शुरू

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) श्री सर्व मंगला शिवशक्ति सेवा समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले 51वें विशाल निशुल्क कांवड़ सेवा शिविर की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस संबंध में समिति की बैठक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र संगल के क्लिनिक पर आयोजित की गई, जिसमें शिविर की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छह दिवसीय विशाल निशुल्क कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन शहर के एमएसके रोड स्थित राजवाड़ा फार्म हाउस बैंक्वेट हॉल में किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ 4 अगस्त को होगा, जबकि समापन 9 अगस्त को किया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए विश्राम की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा पंखे, कूलर, स्नानघर,




शौचालय तथा मोबाइल टॉयलेट की सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिविर में 24 घंटे निशुल्क भोजन एवं चिकित्सा सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि दूर-दराज से आने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति के अनुसार छह दिनों के दौरान करीब दो लाख से अधिक कांवड़ यात्रियों की सेवा का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिदिन 20 से 25 हजार श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था की जाएगी। शिविर परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक शाम भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन होगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। शिविर का सीधा लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। बैठक में डॉ. राजेंद्र संगल, डॉ. सुशील मित्तल, रामावतार संगल, आदेश शर्मा, संजय गोयल उर्फ बोबी, प्रो. डॉ. भूपेंद्र कुमार, विवेक जैन, प्रथम संगल, आकाश गोयल, सुंदरम कुच्छल, सुशील प्रधान, शिवकुमार, पवन, दीपक गर्ग, महेश चक्की वाले, रामकुमार गोयल, संजय गोयल, मुकेश कर्णवाल, संजय जैन, काव्या आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग पुत्री की हत्या के मामले में निष्पक्ष विवेचना की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) थानाभवन क्षेत्र के गांव सोन्टा रसूलपुर निवासी शमशाद पुत्र शेर मोहम्मद ने अपनी नाबालिग पुत्री की हत्या के मामले में निष्पक्ष विवेचना कराए जाने की मांग को लेकर डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। उन्होंने मामले की जांच उच्च अधिकारी से कराने, शव को कब्र से निकलवाकर मेडिकल बोर्ड से दोबारा पोस्टमार्टम कराने तथा अन्य आरोपियों को नामजद कर कार्रवाई करने की मांग की है।



सोमवार को दिए प्रार्थना पत्र में शमशाद ने कहा कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री की गत 22 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के दौरान उनकी पुत्री के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की गई। उनका यह भी आरोप है कि मामले में केवल एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जबकि अन्य कथित आरोपितों के विरुद्ध अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दावा किया कि घटना से संबंधित एक वीडियो उनके मोबाइल फोन में मौजूद था, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त वीडियो को विवेचना में शामिल नहीं किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने शव को कब्र से निकलवाकर तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड से पुनः पोस्टमार्टम कराने, गर्भावस्था एवं अन्य तथ्यों की जांच कराने तथा डीएनए परीक्षण कराने की मांग की है। इसके अलावा प्रार्थी ने मामले की विवेचना थानाभवन से हटाकर क्षेत्राधिकारी स्तर से कराने, कथित सह-आरोपितों को नामजद कर गिरफ्तार करने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि मामले में निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

# जलीय बैटरियों को टिकाऊ और किफायती बनाने के लिए इलेक्ट्रोलाइट अभियांत्रिकी को बढ़ावा

एक नए विकसित इलेक्ट्रोलाइट संयोजी की मदद से अधिक सुरक्षित, लंबे समय तक चलने वाली और अधिक किफायती पुनर्भरणीय जिंक बैटरियों के विकास को गति मिल सकती है। जलीय जिंक आयन बैटरियां (एजेडआईबी) लिथियम-आयन बैटरियों के एक कम लागत वाले, सुरक्षित और टिकाऊ विकल्प के रूप में उभर रही हैं। हालांकि, जिंक डेंड्राइट की वृद्धि, हाइड्रोजन उत्सर्जन अभिक्रिया (एचईआर), संक्षारण और खराब चक्रीय स्थिरता के कारण इनके व्यावसायीकरण उपयोग में बाधा आ रही हैं। यह अध्ययन महंगी सामग्रियों के नए सिरे से डिजाइन के बजाय इंटरफेस अभियांत्रिकी के माध्यम से इन महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करता है। यह काम बैटरी के जीवनकाल को बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षा और कम लागत को बनाए रखने के लिए एक व्यावहारिक और बड़े पैमाने पर लागू की जा सकने वाली रणनीति प्रदान करता है, जो बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक है। शोधकर्ता लंबे समय से जिंक एनोड की स्थिरता बढ़ाने के उपायों पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विद्युत द्वि-परत की संरचना तथा उसके आंतरिक हेल्महोल्ट्ज तल के महत्व का अध्ययन किया, जहां वास्तव में विद्युत रासायनिक अभिक्रियाएं होती हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ नैनो साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएनएसटी) के वैज्ञानिकों ने एक इलेक्ट्रोलाइट संयोजी, 1,3-बीआईएस (1,3-डाइकार्बोक्सीप्रोपाइल)-1एच-इमिडाजोल-3-आईयूम क्लोराइड (बीडीआईएम) विकसित किया है। ये संयोजी जिंक धातु की सतहों पर चुनिंदा रूप से अवशोषित होता है और जलीय जिंक आयन बैटरियों (एजेडआईबी) के आंतरिक हेल्महोल्ट्ज तल (आईएचपी) को नियंत्रित करता है। उन्होंने ग्लूटामिक एसिड को सोडियम हाइड्रॉक्साइड ( NaOH) और पानी में घोला, जिसके बाद इसमें ग्लाइऑक्सल, फॉर्मेल्डिहाइड और एसिटिक एसिड मिलाया गया। इस मिश्रण को 24 घंटे के लिए नाइट्रोजन की उपस्थिति में 70 डिग्री सेल्सियस पर गर्म किया गया और फिर बीडीआईएम का क्रिस्टलीय पाउडर प्राप्त करने के लिए इसे निष्क्रषित और फ्रीज-ड्राई किया गया। चित्र : (बाएं) एसीएस इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री पत्रिका में प्रकाशित शोध के आवश्रण चित्र में दशार्या गया है कि इलेक्ट्रोलाइट संयोजी किस प्रकार जिंक की सतह को नियंत्रित करता है। (दाएं) हाईड्रोजन उत्सर्जन को रोकने में जिंक एनोड सतह पर बीडीआईएम संयोजी के प्रभाव का तुलनात्मक विवरण




बीडीआईएम में ऑक्सीजन और नाइट्रोजन के अनेक दाता स्थल होते हैं जो जिंक धातु के साथ मजबूत अंतःक्रिया करते हैं। बैटरी के संचालन के दौरान बीडीआईएम ऋणात्मक ध्रुवीकृत जिंक सतह पर प्राथमिकता से अवशोषित होकर आंतरिक हेल्महोल्ट्ज तल पर स्थान ग्रहण कर लेता है। इससे जल के अणु सतह से हट जाते है, जिसके परिणामस्वरूप जलजनित पार्श्व अभिक्रि याएं, जैसे हाईड्रोजन उत्सर्जन, संक्षारण तथा डेंड्राइट निर्माण, काफी हद तक कम हो जाती हैं। शोधकताओं ने अल्ट्रामाइक्रो इलेक्ट्रोड (यूएमई) नामक सूक्ष्म प्रयोगशाला-निर्मित इलेक्ट्रोड को फास्ट-स्कैन चक्रीय वोल्टामेट्री (एफएससीवी) तकनीक के साथ संयोजित करके जिंक के निक्षेपण तंत्र के बारे में नई जानकारी प्राप्त की। लगभग 50 माइक्रोमीटर से छोटे आकार वाले यूएमई में अत्यंत छोटे आयामों के कारण विसरण का व्यवहार रैखिक से बदलकर त्रिज्यीय अथवा अर्धगोलाकार हो जाता है, जिससे उच्च स्कैन दरों पर मापन संभव होता है। वहीं, एफएससीवी तकनीक यह दशार्ती है कि संयोजी मिलाने पर आवेश-अंतरण की प्रक्रिया कम स्कैन दरों की ओर स्थानांतरित हो जाती है। इन तकनीकों ने वैज्ञानिकों को अंतरापृष्ठीय आवेश-अंतरण तथा द्रव्यमान-अंतरण की गतिशीलता का प्रत्यक्ष अध्ययन करने में सक्षम बनाया, जिससे जिंक-निक्षेपण की प्रक्रिया की बेहतर समझ विकसित हुई। डॉ. रामेंद्र सुंदर डे, वैज्ञानिक ई, आईएनएसटी मोहाली के नेतृत्व में किया गया और जर्नल एसीएस इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री में प्रकाशित शोध का प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष उपयोग एजेड आईबी, ग्रिड-स्तरीय ऊर्जा भंडारण प्रणालियों, नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण तथा बैटरी सुरक्षा और जीवनकाल संवर्धन प्रौद्योगिकियों में किया जा सकता है। यह प्रौद्योगिकी अधिक सुरक्षित, लंबे समय तक चलने वाली और सस्ती पुनर्भरणीय बैटरियों के विकास में योगदान दे सकती है। उन्नत जिंक-आयन बैटरियों का उपयोग नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण, बैकअप विद्युत प्रणालियों तथा ग्रिड-स्तरीय ऊर्जा भंडारण में किया जा सकेगा। बैटरी के जीवनकाल को बढ़ाकर और प्रदर्शन में होने वाली गिरावट को कम करके ये प्रौद्योगिकी रखरखाव की लागत को कम कर सकती है

# युवाओं को नशे से बचाने में सामूहिक प्रयास करने की जरूरत : सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह

योग, व्यायाम के साथ एक खेल जरूर अपनाएं युवा : सांसद
गांव स्तर पर मिलकर चलाना होगा नशा मुक्ति अभियान

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**[ महेन्द्र जावला बहल ]**

बहल-भिवानी, 29 जून ।भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए गांव स्तर पर हम सबको
मिलकर सामूहिक प्रयास करने एवं अभियान चलाने की जरूरत है। नशा न केवल युवा पीढ़ी के भविष्य को बर्बाद कर रहा है, बल्कि समाज और देश के विकास में भी बाधा बन रहा है। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे योग (योगाभ्यास), व्यायाम के साथ-साथ एक खेल को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है और नशे जैसी बुराइयों से दूरी बनी



रहती है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान ( अवेयर नेस कैंपेन) चलाने की आवश्यकता है। ग्राम पंचायत,स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटीज और सामाजिक संगठनों को मिलकर गांव-गांव में नशा मुक्ति के लिए कार्य करना होगा। माता-पिता और शिक्षकों की भी यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे बच्चों पर नजर रखें और उन्हें सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ें। सांसद ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार युवाओं के लिए स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) और स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर (खेल अव संरचना) को मजबूत कर रही हैं। खेल मैदान, जिम (व्यायाम शाला) और स्टेडियम एवं क्रीड़ा स्थल के निर्माण से युवाओं को बेहतर मंच मिलेगा। भारत विश्व का सबसे युवा देश है जिसके पास लगभग 37 करोड़ से अधिक युवा शक्ति है जिसे राष्ट्र निर्माण में लगाना अति आवश्यक है। उन्होंने अपील की कि समाज के सभी वर्ग नशे के खिलाफ एकजुट हों और युवा शक्ति को सही दिशा में लगाकर सशक्त राष्ट्र का निर्माण करें।

# मानव सेवा घर में समाजसेवी ने भेंट किया वाटर कूलर

स्व. कालूराम सिधनवा वाले की स्मृति में बाबूलाल ने की सेवा, डॉ. दिलबाग ने जताया आभार

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**[ महेन्द्र जावला बहल ]**

बहल के सुरपुरा रोड स्थित मानव सेवा घर में समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए एक समाजसेवी परिवार ने वाटर कूलर भेंट किया। यह वाटर कूलर स्वर्गीय कालूराम सिधनवा वाले की पुण्य स्मृति में उनके बड़े भाई बाबूलाल द्वारा लगवाया गया, जिससे मानव सेवा घर आने वाले जरूरतमंदों एवं आगंतुकों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर मानव सेवा घर के



संचालक डॉ. दिलबाग सुरपुरा ने बाबूलाल एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के सहयोग से ही सेवा कार्य निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायी कार्य दूसरों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्व. कालूराम सिधनवा वाले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके परिवार के इस सेवा भाव की सराहना की गई।
इस अवसर पर मीरा देवी, रमेश, श्यामलाल, पंकज, राहुल, नवीन, मनोज, विनय, प्रवीण, हिमांशु सहित परिवार के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# तपोभूमि जटेला धाम से पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति जनजागरण यात्रा का शुभारंभ

पूर्णिमा महोत्सव एवं कबीर जयंती पर संगत ने लिया हरियाली और नशामुक्त समाज का संकल्प
"एक व्यक्ति एक पौधा, हर घर हरियाली - हर युवा नशामुक्त" का दिया संदेश

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**[ महेन्द्र जावला बहल ]**

जटेला धाम, 29 जून। पूर्णिमा महोत्सव एवं संत कबीर जयंती के पावन अवसर पर तपोभूमि जटेला धाम में पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति जनजागरण यात्रा का शुभारंभ पीठाधिश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज के द्वारा किया गया। इस



अवसर पर समस्त साधु-संतों, मातृशक्ति, युवा साथियों एवं श्रद्धालु संगत ने हरियाली और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए पीठाधीश्वर महंत श्री राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि हमें प्रकृति से मैत्री पूर्ण भाव रखना चाहिए। यदि धरती पर मानव जीवन को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना है तो हमें अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा हम सबके लिए एक बड़ी चुनौती है जो राष्ट्र एवं समाज के लिए घातक है। इससे निपटने के लिए हमें युवाओं को नशे से दूर रखना होगा और युवाओं को नशे से बचाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने चाहिए। आज जटेला धाम आश्रम से पर्यावरण संरक्षण की अलग जागते हुए नशा मुक्त भारत अभियान यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान ( अवेयरनेस कैंपेन) की शुरूआत की गई। अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा तपोभूमि जटेला धाम से श्रद्धालुओं एवं संगत को निःशुल्क पौधों का वितरण भी किया गया।
नशा मुक्ति जनजागरण यात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को नशे से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। संगत ने संकल्प लिया कि "एक व्यक्ति एक पौधा लगाए और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दे।" इस अवसर पर बक्शी राम सैनी चेयरमैन (दादरी), संजय अग्रवाल, लालजी, अशोक , दीपांकन , स्वरूप साहब, राजा चेयरमैन, रघबीर,

सतपाल, अभिषेक, संदीप फौजी, सूरजमल, नरेंद्र, रामावतार, भूरू एवं अशोक सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा एवं श्रद्धालु संगत उपस्थित रही। "हर घर हरियाली झ हर युवा नशामुक्त" के संदेश के साथ यह अभियान तपोभूमि जटेला धाम से पूरे क्षेत्र में जनजागरण का माध्यम बनेगा और प्रदेश भर में पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्त भारत की अलख जगाई जाएगी।

# अपराधियों के खिलाफ हावी टीम समर सिंह के जाल में फंसा शातिर वाहन चोर, तीन वाहन भी बरामद

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में भी अग्रणी बर्रा पुलिस की निरंतर सक्रियता ने एक गिरफ्तार कर उसके पास से तीन मोटर साइकिलें भी बरामद करने में सफलता प्राप्त कर ली।
यह सफलता पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अभियान के क्रम में दक्षिण के पुलिस उपायुक्त दीपेंद्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस उपायुक्त सुमित रामटेक के निर्देशन व एसीपी नौबस्ता के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक बर्रा रविंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिली। अब पुलिस के गिरोह के अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक तीन मोटर साइकिलों समेत इस शातिर वाहन चोर गणेश उर्फ चेतन वर्मा पुत्र राज कुमार वर्मा निवासी 386 के ब्लॉक पार्क के कोने पर थाना बर्रा को गिरफ्तार करने वाली इस टीम में सब इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह, संदीप कुमार सेन, कांस्टेबल , अंकुर पंवार, बबलू कुमार और गौरव कुमार आदि भी शामिल रहे। अवगत कराते चलें कि तीन मोटर साइकिलों समेत इस शातिर वाहन चोर गणेश उर्फ चेतन वर्मा को जिस चौकी क्षेत्र बर्रा में गिरफ्तार करने जैसी महत्व पूर्ण सफलता मिली। आजकल उसकी



कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल सब इंस्पेक्टर समर सिंह के हाथ में है। सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अब तक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके चौकी प्रभारी समर सिंह के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। इसी के साथ विभाग में सराहनीय सेवाओं के अनुभवी सब इंस्पेक्टर समर सिंह की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है
 कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले सरल और शालीन स्वभाव के चौकी प्रभारी समर सिंह की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। अब वह अपनी टीम के साथ अन्य अपराधियों की तलाश में भी जुटे हैं।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर श्री बालाजी धाम डोभ में विशाल भंडारा, संकीर्तन, भक्त मेला एवं नि : शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**[ महेन्द्र जावला बहल ]**

भिवानी, 29 जून। श्री बालाजी धाम, गाँव डोभ में ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर विशाल भंडारा, संकीर्तन, भक्त मेला एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः हवन-यज्ञ एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ।
धाम के संस्थापक एवं प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक माह पूर्णिमा के अवसर पर दोपहर 12:00 बजे से 3:30 बजे



तक श्री बालाजी महाराज के दरबार में संकीर्तन, भंडारा, भक्त मेला एवं स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर श्रीमती पारुल पांचाल सपरिवार विजय नगर,रोहतक ने मुख्य यजमान के रूप में सहभागिता कर श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। एवं श्रद्धापूर्वक भंडारे की सेवा की गई। भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक रतन भारती ग्रुप सोनीपत,रेखा चोपड़ा रोहतक, ललित मलिक रोहतक, प्रिंस राज रोहतक ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। रतन भारती के भजनों ने भक्तों झुमने पर मजबूर किया वहीं रिंकू महादेव द्वारा प्रस्तुत सुंदर एवं आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में आँखों, दाँतों, कान-नाक-गला रोगों की जाँच, कोरियन मशीनों द्वारा एक्यूप्रेशर सेवा, चिकित्सा परामर्श, विभिन्न प्रकार की दवाइयाँ एवं चश्मे निःशुल्क वितरित किए गए। श्रद्धालुओं ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। इस अवसर पर रमेश गुप्ता, सुरेश शर्मा,राजेन्द्र यादव,सुरेन्द्र कुमार

,सचिन गर्ग,पत्रकार नीलम आर्य, सुनील निमड़ी, अमित कौशिक, कविता निमड़ी, ममता, सारिका सहित मंडल के सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर से खेत की जोताई करते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत नदना के मझिगवां गांव निवासी युवक ट्रैक्टर से खेत की जोताई करते हुए हल्की बरसात होने लगी ट्रेक्टर से उतरकर आम के पेड़ के नीचे पंहुचा तभी बज्रपात हुआ जिससे अजय कोल गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेजा गया मतवार चौकी क्षेत्र के मझिगवां गांव निवासी गोपाल आदिवासी का 35 वर्षीय पुत्र अजय आदिवासी गांव में हि मजदूरी करने हेतु ट्रेक्टर से झदवा मजरे में खेत की जोताई कर रहा था उसी समय बारिश के साथ तड़तड़ाहट में आकाशीय बिजली पड़ने से उसकी चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गये जहां पर उपस्थित चिकित्सक अवधेश कुमार द्वारा उपचार किया जा रहा है।

# लखनऊ में करोड़ों की साइबर ठगी का भंडाफोड़, फर्जी कंपनियों के जरिए चलता था पूरा नेटवर्क

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुशांत गोल्फ सिटी थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने करोड़ों रुपये की साइबर ठगी से जुड़े एक बड़े संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में बैंकिंग और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम पर करंट बैंक खाते खुलवाते थे और उन्हीं खातों के माध्यम से देशभर में होने वाली साइबर ठगी की रकम का लेनदेन कर उसे ठिकाने लगाते थे।पुलिस के अनुसार बीते रविवार को सूचना मिली थी कि आवास विकास योजना स्थित लाइट हाउस के एक फ्लैट में कुछ लोग साइबर फ्रॉड का नेटवर्क संचालित कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी की। फ्लैट के अंदर चार



युवक लैपटॉप, मोबाइल फोन और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से संदिग्ध बैंकिंग गतिविधियां संचालित करते मिले। पूछताछ के बाद पुलिस ने उन्नाव निवासी सत्येंद्र सविता तथा बिहार के पूर्वी चंपारण निवासी निप्पु कुमार, मनीष कुमार और सन्नी कुमार को गिरफ्तार कर लिया।भारी मात्रा में बैंकिंग दस्तावेज और उपकरण बरामद पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 79 चेकबुक, 77 एटीएम कार्ड, 29 सिम कार्ड, 15 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 14 कीपैड मोबाइल, तीन लैपटॉप, छह पीओएस मशीनें तथा विभिन्न कंपनियों के दस्तावेज बरामद किए हैं। बरामद सामान से स्पष्ट है कि गिरोह लंबे समय से संगठित तरीके से साइबर अपराध को अंजाम दे रहा था।भोले-भाले लोगों के नाम पर खुलवाते थे बैंक खाते
पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने अन्य साथियों के निर्देश पर आर्थिक रूप से कमजोर और भोले-भाले लोगों को लालच देकर उनके नाम पर करंट बैंक खाते खुलवाते थे। इसके लिए फर्जी कार्यालयों के पते का इस्तेमाल कर कंपनियां और फर्म रजिस्टर कराई जाती थीं। बाद में इन्हीं कंपनियों के नाम पर बैंक खाते खोलकर साइबर ठगी की रकम उनमें जमा कराई जाती थी।
आरोपी बैंक खातों का संचालन करने, एटीएम कार्ड, चेकबुक, मोबाइल नंबर और ओटीपी उपलब्ध कराने के बदले मोटा कमीशन लेते थे। गिरोह के अन्य सदस्य देशभर में होने वाली ऑनलाइन ठगी की रकम इन खातों में ट्रांसफर कराते थे।जांच में सामने आया है कि गिरोह साइबर ठगी की रकम को छिपाने के लिए कॉर्पोरेट बैंक खातों का इस्तेमाल करता था। सबसे पहले लोगों के केवाईसी दस्तावेज जुटाए जाते थे, फिर उनके नाम पर शेल कंपनियां बनाकर करंट खाते खोले जाते थे। इन खातों के संचालन के लिए मोबाइल फोन, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड, चेकबुक और पीओएस मशीनों का इस्तेमाल किया जाता था। ठगी से प्राप्त धनराशि पहले इन खातों में जमा कराई जाती और बाद में कई चरणों में अलग-अलग खातों और माध्यमों से स्थानांतरित कर उसका स्रोत छिपा दिया जाता था।पुलिस की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपियों से जुड़े बैंक खातों के विरुद्ध राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर देश के विभिन्न राज्यों से 718 शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस अब इन सभी मामलों की कड़ियों को जोड़ते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों और पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है, जबकि फरार साथियों की तलाश जारी है।डीसीपी दक्षिण अमित कुमार आनंद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह एक संगठित अंतरराज्यीय साइबर गिरोह प्रतीत हो रहा है। गिरोह फर्जी कंपनियां बनाकर बैंक खातों के माध्यम से साइबर ठगी की रकम का लेनदेन करता था।
 बरामद दस्तावेजों, बैंक खातों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की गहन जांच कर नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधो के रखरखाव के लिए सिंचाई की भी करे व्यवस्था- शत प्रतिशत पौधो का जी 0 आई 0 एस 0 मैपिंग भी करे सुनिश्चित -जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महा अभियान- के तैयारियों की की समीक्षा



**समाज जागरण**

मीरजापुर। एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों को आवंटित संशोधित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वृक्षारोपण सुनिश्चित किया जाए तथा लगाए गए प्रत्येक पौधे की स्थलवार जीआईएस मैपिंग समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए।
जिलाधिकारी ने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और नियमित सिंचाई की भी प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि पौधों की जीवित रहने की दर अधिक रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि गड्ढों में गौशालाओं से गोबर की खाद का उपयोग किया जाए तथा क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार ही पौधों का चयन किया जाए। उन्होंने कहा कि जहां पानी की उपलब्धता कम है, वहां कम पानी में पनपने वाली प्रजातियां लगाई जाएं, जबकि अधिक नमी वाले क्षेत्रों में उपयुक्त प्रजातियों का चयन किया जाए। बैठक में अग्रिम मृदा कार्य, गड्ढों की खुदाई, पौधशालाओं में उपलब्ध पौधों, निशुल्क पौध वितरण तथा 1 से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाले वन महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोहनलालगंज में सपा का धरना, 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ। समाज वादी पार्टी विधानसभा मोहनलालगंज इकाई के तत्वावधान में सोमवार को तहसील मुख्यालय परिसर में प्रदेश महासचिव अमरपाल सिंह की अगुवाई में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरने में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, किसान, अधिवक्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। धरना समाप्त होने के बाद महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित तेरह सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव अमरपाल सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल कानून व्यवस्था की मार झेलने को मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, बिजली और खाद की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी, किसानों और मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सरकार जनता की मूलभूत समस्याओं के समाधान में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।अमरपाल सिंह ने कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार हो रहे पेपर लीक से लाखों अभ्यर्थियों का विश्वास टूट रहा है, जबकि रोजगार के अवसर लगातार घटते जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध और प्रशासनिक तंत्र के दुरुपयोग पर भी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया।पूर्व विधायक अंबरीष पुष्कर ने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही है, सिंचाई की लागत लगातार बढ़ रही है तथा फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों, युवाओं और आम नागरिकों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है।



धरने के दौरान वक्ताओं ने सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने, जनसमस्याओं की अनदेखी करने तथा प्रशासनिक मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस और तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण नहीं हो रहा है, जिससे आम जनता परेशान है।राज्यपाल को सौंपे गए तेरह सूत्रीय ज्ञापन में महंगाई पर नियंत्रण, किसानों को सस्ती खाद एवं कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराने, बेरोजगारी दूर करने, पेपर लीक की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून व्यवस्था में सुधार, पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने, तालाबों के पट्टाधारकों को कब्जा दिलाने, विद्यालयों के 200 मीटर के दायरे से शराब की दुकानों को हटाने, श्रीराम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण की सीबीआई जांच कराने, आईजीआरएस एवं तहसील दिवस की शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने तथा थानों में अधिवक्ताओं के साथ सम्मान जनक व्यवहार सुनिश्चित कराने सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों को शामिल किया गया।धरना-प्रदर्शन के दौरान सपाइयों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए जन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। अंत में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राज्यपाल से सभी मांगों पर प्रभावी कार्रवाई कराने की अपील की गई।इस अवसर पर मोहनलालगंज लोकसभा सांसद आरके चौधरी, पूर्व विधायक अंबरीष पुष्कर, केपी सिंह पूर्व अध्यक्ष, मोहनलालगंज बार एसोसिएशन श्रवण यादव पूर्व अध्यक्ष, बार एसोसि एशन जय सिंह जयंत जिलाध्यक्ष रामकिशोर यादव पूर्व विधायक, सरोजनीनगर, रामलखन यादव महामंत्री, बार एसोसिएशन दल्लू सिंह, अमरेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, अरुण यादव जिला पंचायत सदस्य, हरिशंकर रावत, सुलेमान खान, पप्पू रावत सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, अधिवक्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने 'आरोग्य सेतु 2.0' की शुरूआत की: प्रत्येक नागरिक के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य ऐप

आरोग्य सेतु 2.0 स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच के लिए एकल, नागरिक-केन्द्रित डिजिटल मार्ग प्रदान करता है। आरोग्य सेतु 2.0 किसी भी व्यक्ति और परिवार के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड के रूप में कार्य करेगा, साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सेवाओं के प्रति राष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाने और उन्हें अपनाने का मंच बनेगा सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान संपर्क निगरानी, जोखिम संबंधी जागरूकता और नागरिक सहभागिता के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल सार्वजनिक सेवा के रूप में आरोग्य सेतु एप्लिकेशन विकसित किया था। महामारी से निपटने के लिए इसकी भूमिका पूरी होने के बाद, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने इस एप्लिकेशन को भारत के डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में इसके पुनः उपयोग और दीर्घकालिक उपयोग के उद्देश्य से औपचारिक रूप से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की परिकल्पना के अनुरूप, आरोग्य सेतु को अब पूरी तरह से नया स्वरूप देकर इसे व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड ( पीएचआर) तथा नागरिकों के लिए एक डिजिटल स्वास्थ्य एप्लिकेशन के रूप में तैयार किया गया है। नये सिरे से तैयार किए गए आरोग्य सेतु 2.0 का शुभारंभ आज यहाँ केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने किया। आरोग्य सेतु 2.0 के पीछे की रणनीतिक सोच एबीडीएम के तहत भारत का डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम उल्लेखनीय रूप से परिपक्व हुआ है। आभा जैसी बुनियादी डिजिटल सुविधाएँ अब बड़े पैमाने पर सफलतापूर्वक चल रही हैं। फिर भी, इन डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने और उनका व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने के लिए एक सरल, विश्वसनीय और आसानी से सुलभ प्रवेश मंच की आवश्यकता है। आरोग्य सेतु 2.0 इसी आवश्यकता को पूरा करते हुए निम्नलिखित रूपों में कार्य करेगा: स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच के लिए एकल, नागरिक-केन्द्रित डिजिटल प्रवेश मार्ग। व्यक्तियों और परिवारों के लिए एक विश्वसनीय व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकॉर्ड। एबीडीएम सेवाओं के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता और उन्हें अपनाने के लिए मंच। लगभग 20 करोड़ डाउनलोड का विशाल उपयोगकर्ता आधार तथा लगातार जुड़ रहे नए उपयोगकर्ताओं के साथ, यह एप्लिकेशन नागरिकों द्वारा डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को तेजी से अपनाने, देश के विभिन्न क्षेत्रों में डिजिटल स्वास्थ्य के उपयोग को मुख्यधारा में लाने तथा एबीडीएम को दैनिक स्वास्थ्य सेवाओं और उपचार प्रक्रियाओं का अभिन्न हिस्सा बनाने का अनोखा अवसर प्रदान करता है।

# ढाई महीने से नर्मदा की पदयात्रा कर रहे हैं काशी के संत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। जिले के शाहंशाहपुर गांव के पंडित अवधेश मिश्रा जी महाराज ढाई महीने से नर्मदा पदयात्रा पर निकले हुए हैं। उनके साथ पदयात्रा में अन्य लोग भी काशी से गए हुए हैं। पंडित अवधेश महाराज ने बताया कि यह यात्रा वे सब सर्व कल्याण की भावना से कर रहे हैं। बताया कि मानव का कल्याण ही आध्यात्म का अभीष्ट है। मनुष्यों के साथ हर जीव वनस्पति,का भी कल्याण होना चाहिए। अपनी प्रकृति भी सुरक्षित बनी रहनी चाहिए। प्रकृति के साथ खिलवाड़ हुई तो हम सब का और आने वाली पीढ़ियों का स्वस्थ रहना मुश्किल होगा।शुद्ध वस्तुएं भी नहीं मिलेगी जिस कारण से तमाम बीमारियां होंगी। इसलिए



वे लोग अपने प्रकृति को संतुलित रखने प्रत्येक जीव के कल्याण के लिए पदयात्रा कर रहे हैं।साथ ही अपने पुरखों को धन्यवाद और कृतज्ञता भी ज्ञापित कर रहे हैं। पुरखों ने सर्वे भवन्तु सुखिनः का इतना सुंदर ज्ञान दिया था। पूर्वजों ने ज्ञान के माध्यम से वनस्पतियों की पूजा करना सिखाया।जल और अग्नि,पवन को देवता के रूप में बताया। भूमि को माता का स्थान दिया।यह सब इसलिए था कि हम अपने पृथ्वी के संसाधनों का सही, संतुलित प्रयोग करें और उन्हें अच्छे से सहेज सकें ताकि आगे आने वाली पीढ़ी को भी सुंदर और सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो।

5 अप्रैल को काशी से निकले इस दल के लोगों ने 8 अप्रैल से नर्मदा जल भरने के बाद यात्रा शुरू की है अब तक इन लोगों ने 3600 किलोमीटर की यात्रा पूरी हो चुकी है। 600 किलोमीटर की यात्रा अभी शेष है अवधेश जी महाराज ने बताया कि 20 जुलाई तक उनकी यात्रा पूरी हो जाएगी और वह लोग उसके बाद ओंकारेश्वर धाम पहुंचेंगे।इस यात्रा में उनके साथ काशी से ओमप्रकाश मिश्रा,पंडित भोलानाथ दुबे,डॉ प्रेमचंद, विंध्याचल साथ है।

# मन को साधिए जीवन स्वयं सरल हो जाएगा:श्री विज्ञान देव जी महाराज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। मन को साधिए, जीवन स्वयं सरल हो जाएगा। शांति संसार में नहीं, अपने अंतर्मन में मिलती है। जो स्वयं को जान लेता है, वही जीवन के वास्तविक सत्य को जान पाता है। यह प्रेरक संदेश संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने सद्गुरु कबीर साहेब के प्राकट्य महोत्सव के द्वितीय दिवस स्वर्वेद महामंदिर धाम में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दिया।



संत प्रवर जी ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब का संपूर्ण संदेश आत्मानुभूति, साधना और जागृत चेतना का संदेश है। केवल वाणी सुनना पर्याप्त नहीं, उसे साधना के माध्यम से जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धा है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रभावना से ओत-प्रोत वातावरण में हुआ। समस्त श्रद्धालुओं ने एक स्वर में राष्ट्रगान का सामूहिक गायन कर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा एवं समर्पण व्यक्त किया। इसके उपरांत संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने यज्ञ महिमा पर अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देने का अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपने अहंकार, स्वार्थ और दुर्गुणों का समर्पण कर लोकमंगल एवं आत्मकल्याण का दिव्य संकल्प है।"इसके उपरांत संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के सान्निध्य में सामूहिक ध्यान का आयोजन हुआ। ध्यान की क्रमबद्ध क्रिया के माध्यम से साधकों को अंतर्मुख होकर आत्मचेतना का अनुभव करने का मार्गदर्शन दिया गया। पूरे सभागार में कुछ क्षणों के लिए अद्भुत शांति, एकाग्रता एवं आध्यात्मिक अनुभूति का वातावरण व्याप्त हो गया।

कार्यक्रम के समापन सत्र में सद्गुरु आचार्य श्री स्वतंत्र देव जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि "कबीर साहेब ने बार-बार मनुष्य को अपने भीतर उतरने का आह्वान किया है। सत्य बाहर खोजने की वस्तु नहीं, वह हमारे अपने अंतःकरण में विद्यमान है। 'बीजक' केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि आत्मजागरण का दिव्य मार्गदर्शक है। जब साधक गुरु के बताए मार्ग पर साधना करता है, तभी उसका जीवन प्रकाशमय बनता है और आत्मा का वास्तविक स्वरूप प्रकट होता है।"इस अवसर पर मानव मन की शांति के लिए ब्रह्मविद्या विहंगम योग की क्रियात्मक साधना की दीक्षा नवागंतुक जिज्ञासुओं को प्रदान की गई। साथ ही योग, आयुर्वेद, पंचगव्य एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श भी दिया गया।

कार्यक्रम स्थल पर सद्गुरु कबीर साहेब के सिद्धांतों एवं विहंगम योग संस्थान के लगभग 250 आध्यात्मिक ग्रंथों की भव्य पुस्तक प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। विशाल भंडारा, शीतल जल एवं सेवा दल की समर्पित व्यवस्थाओं ने श्रद्धालुओं को विशेष सुविधा प्रदान की।महोत्सव के द्वितीय दिवस उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, दिल्ली, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त कर अपने आध्यात्मिक जीवन को नई दिशा प्रदान की।

# विधायक अजगरा हरहुआ मण्डल में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर सुनी समस्या किया समाधान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। जनता का चुना प्रतिनिधि यदि जनता के बीच नहीं जाता -आता तो असली सेवक नहीं माना जाता।ऐसे प्रतिनिधि का सम्मान व गुणगान जनता सदैव करती है।

अजगरा विधायक त्रिभुवन राम जनता के मसीहा बनकर उनके सुख-दुःख का साथी बनने का सदैव प्रयास किया है। हरहुआ मण्डल क्षेत्र में तूफानी दौरा इस बात का जीता जागता नमूना है। दिन के 2बजे अहिरौली के आपरूप शिक्षण संस्थान में सुंदर कांड में प्रसाद ग्रहण ,3 बजेग्राम अनौरा में प्रधान दीपक चौहान के यहां गृह प्रवेश व जनसम्पर्क ,4बजे काजीसराय में नीरज सिंह के आवास पर जनसम्पर्क ,5बजे सुरवा पटेल बस्ती ,6बजे चक्का गोंड़ बस्ती ,साढ़े 6 बजे पांचों शिवाला सोनकर बस्ती 7 बजे



शाहपुर पटेल बस्ती ,बसाढे सात बजे लोकापुर में चंद्रशेखर आजाद मूर्ति पर माल्यार्पण व अम्बेडकर स्थल पर जनसम्पर्क 8 बजे सैरा ब्राह्मण बस्ती , साढ़े आठ बजे नामापुर पटेल बस्ती व 9 बजे नन्दापुर दलित बस्ती में जनसम्पर्क का तूफानी दौरा किया। साथ ही समस्याओं से रूबरू होकर समाधान किया। साथ ही भाजपा सरकार की योजनाओं से हर पात्र को लाभान्वित कराने की दिशा पर चर्चा किया।

इस तूफानी दौरा में भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय ,चक्का प्रधान व जिलामहामंत्री मधुवन यादव, प्रधान दीपक चौहान, आशीष राजभर, बृजभान मरावी, पूर्व प्रधान दिनेश गोंड़ , बसंत लाल गुप्ता , रामप्रकाश सिंह 'बीरू' राणा चौहान ,बांके लाल कन्नौजिया ,राजनारायण पटेल ,भगत यादव सहित कई सम्मानितजन शामिल रहे।

# एक ही रात में दो बाइक और 20 बकरियां चोरी, एक हफ्ते पूर्व हुए चोरी का नहीं हुआ खुलासा। जांच में जुटी पुलिस।

**समाज जागरण**

मीरजापुर / राजगढ़ थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो बाइक और 20 बकरियां चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार राजगढ़ थाना क्षेत्र के नदीहार गांव निवासी उमाशंकर ने बताया कि रात मे उनकी पत्नी को बंधक बनाकर 20 बकरी चोरी कर टेंपो में भर कर ले गए। टेंपो चालक कल्लू बहेरा थाना करमा सोनभद्र अपने दोस्त साथियों के साथ सभी बकरियों को अपने साथ लेकर चला गया। टेंपो में लाद कर ले गए लेकिन पुलिस ने इसे लेनदेन का विवाद बता रही है। चोरो ने दी पुलिस को खुली



चुनौती। राजगढ़ क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाएं पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही।वही चोरी की दूसरी घटना भवानीपुर गांव में हुई राजेश अपने खेत पर बाइक खड़ा करके कुछ काम कर रहा था वापस आया तो देखा की बाइक गायब है। तीसरी घटना चित्रबिश्राम गांव की है। गांव में निवासी धीरेन्द्र चौहान ने बताया कि घर पर खड़ी बाइक करके सो गया सुबह में बाइक का कहीं आता पता नहीं चला भुक्तभोगी ने इसकी सूचना राजगढ़ थाने पर दी। इससे पहले भी 18 /19जून की रात्रि को भी पत्रकार की बाइक चोरी हो गई थी लेकिन अभी भी चोरों का खुलासा पुलिस नहीं कर पाई है। आए दिन चोरी की घटनाएं बढ़ रही है और चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। राजगढ़ थाना प्रभारी बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# विकास परियोजनाओं में वन विभाग बाधक न बने, लंबित एनओसी तत्काल जारी करें: मंडलायुक्त

**मीरजापुर, समाज जागरण।** विंध्याचल मंडल के मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने आयुक्त कार्यालय सभागार से मीरजापुर, भदोही और सोनभद्र के अधिकारियों के साथ जूम बैठक कर विकास कार्यों, सीएम डैशबोर्ड, कानून-व्यवस्था एवं राजस्व मामलों की समीक्षा की। उन्होंने वन विभाग की एनओसी के अभाव में लंबित परियोजनाओं पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर सभी लंबित एनओसी तत्काल जारी कराएं, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।

मंडलायुक्त ने कहा कि वन एवं पर्यावरण संरक्षण जरूरी है, लेकिन विकास परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड में सी और डी श्रेणी वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए अगले माह रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही चेताया कि लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# यह प्रतिज्ञा एक व्यक्ति या एक विभाग के लिए नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र के लिए: सुरेंद्र कुमार मौर्य

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। सोमवार को सहकारिता सप्ताह के शुभारंभ पर प्रतिज्ञा दिवस के अवसर पर विकास भवन मे सहायक आयुक्त सहकारिता कार्यालय के अधिकारियो व कर्मचारियो द्वारा शपथ ली गई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक वाराणसी सुरेंद्र कुमार मौर्य के नेतृत्व मे सभी कर्मियो ने सहकार से समृद्धि के सपने को तन मन धन से साकार करने की प्रतिज्ञा ली।सभी अधिकारीगण ने सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण मे अपना संपूर्ण योगदान देने की भी शपथ ली।उल्लेखनीय है कि सहकारिता सप्ताह आज 29 जून से 5 जुलाई तक मनाया जा रहा है। इस मौके पर एडीसीओ लालजी, विजयकुमार, माधवराम, संगीता वर्मा, शैलेश श्रीवास्तव, प्रदीप मौर्य,कन्हैयालाल मौर्य,बृजेश पटेल, गीता सिंह,पुष्पा देवी मौर्य इत्यादि मौजूद रहे।

# सफाईकर्मी की विधवा पत्नी को सफाईकर्मियों ने सौंपा 50 हजार सहयोग राशि

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी चिरईगांव विकास खण्ड के ग्राम पंचायत कमौली में तैनात सफाईकर्मी अशोक कुमार की आकस्मिक मौत के बाद उसकी विधवा पत्नी अनुराधा देवी को सफाईकर्मियों ने सोमवार को 50 हजार रुपये का सहयोग राशि सौंपा।

उल्लेखनीय है कि सफाईकर्मी अशोक की बीते 18 जून की रात्रि में आकस्मिक मौत हो गयी थी।उनकी विधवा पत्नी अनुराधा देवी को सफाईकर्मियों ने 50 हजार रुपये की



सहयोग राशि सौंपा। मौके पर सुनील कुमार, जितेन्द्र महामंत्री, सतीश कुमार, प्रभाकर, जितेन्द्र,चन्द्रकांत उपाध्याय आदि लोग उपस्थित थे।

# डॉ0 आंबेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया टी0 राम विधायक।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। समानता ,न्याय ,शिक्षा और संगठित होकर संघर्ष,संविधान के साथ समतामूलक भारत बनाने का कार्य कर आजाद भारत वसीयत के रूप में देशवासियों को दिया। हम उनके सदैव ऋणी हैं।बाबा साहब हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया।उन्हें भुला पाना मुश्किल है।

उक्त बातें अजगरा विधानसभा के सालिवाहन पुर में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पार्क में मूर्ति पर माल्यार्पण व अनावरण के बाद अपने सम्बोधन में विधायक त्रिभुवन राम ने व्यक्त किया।

वक्ताओं में अतिथि भाजपा नेता कपिलनारायन पांडेय ,पूर्व ब्लाक



प्रमुख अमरनाथ सिंह उर्फ मन्ना सिंह ,जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह ,प्रधान श्यामनारायण सिंह ,भाजपा नेता विनय सिंह उर्फ' हिटलर', मोहन बाबू,अजय प्रकाश (हीरू) आनन्द राव ,पवन कन्नौजिया ने बाबा साहब के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम संयोजक बृजेश भारती ,पूर्व प्रमुख अमरनाथ सिंह व प्रधान श्यामनारायण सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान राकेश मिश्रा ,सुनीता देवी ,छेदीमास्टर ,जयप्रकाश ,जितेंद्र सिंह,नरेंद्र कुमार ,गुड्डू सिंह,शांति देवी ,मंजू देवी ,ममता देवी ,सुमन देवी सहित क्षेत्र के सम्मानित जन,युवा व महिलाएं उपस्थित रहे।

# हरहुआ ब्लाक क्षेत्र में पीएचसी प्रभारी के नेतृत्व में 25750 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई गई

### *गर्मी से राहत के लिए विशेष सतर्कता बरतने का दिया निर्देश।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पल्स पोलियो अभियान की सफलता के लिए सोमवार को 0से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद जिंदगी के ड्राप 25750 बच्चों को प्रभारी के नेतृत्व में पिलाई गई।

पीएचसी प्रभारी हरहुआ डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार रविवार को 110 बूथों व 8 मोबाइल दस्ते




लगे थे । वहीं सोमवार को 79 टीमें 8 मोबाइल टीम ,22 सुपरवाइजर व 4 सेक्टर सुपरवाइजर की तैनाती की गई थी। गर्मी को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे। स्वास्थ्य टीम की लगन ने अब तक 65% लक्ष्य प्राप्त कर ली गई। फील्ड में आने वाली समस्याओं के बाबत उनसे जानकारी लेते नए अगले दिन समय से ड्राप पिलाने में सावधानियों के प्रति सचेत किया गया।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से होमगार्ड की हुई मौत पत्नी, पुत्री व पुत्रवधु झूलसी

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय थाना क्षेत्र के मगरदा गांव में रविवार की देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से होमगार्ड की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी होमगार्ड की पत्नी व पुत्री व पुत्रवधु झूलसकर अचेत हो गयी एम्बुलेंस कर्मियों ने झूलसे हुए लोगो को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस ने होमगार्ड के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है होमगार्ड के मौत से स्वजनों में कोहराम मच गया है थाना क्षेत्र के मगरदा गांव निवासी 57 वर्षीय रामदुलारे होमगार्ड है परिवार के साथ अपने कच्चे मकान में थे की आकाशीय बिजली गिरने से होमगार्ड की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि पत्नी 45 वर्षीय मानवती व 18 वर्षीय पुत्री प्रमिला व 30 वर्षीय पुत्रवधु पुष्पा आकाशीय बिजली की चपेट में आकर झूलसकर अचेत हो गयी मौके पर पहुँचे परिवार के सदस्यों ने अचेत हुए लोगो को उपचार के लिए एम्बुलेंस 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा सभी का उपचार किया जा रहा है हालत सामान्य है सूचना पर पहुँची पुलिस ने होमगार्ड के शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृत होमगार्ड की डियूटी ड्रमण्डगंज थाने में है मृत होमगार्ड को तीन पुत्र व एक पुत्री है होमगार्ड की मौत होने पर स्वजन रोने बिलखने लगे इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से होमगार्ड की मौत हुई है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

# जनपद न्यायधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बाल संरक्षण गृह एवं जिला कारागार का किया आकस्मिक निरीक्षण

### बच्चों से वार्ता कर तथा जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियो से जेल में मिल रही सुविधाओ के बारे में ली जानकारी

**समाज जागरण**

मीरजापुर / जनपद न्यायधीश अनुपम कुमार, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से राजकीय बाल संरक्षण गृह एवं जिला कारागार पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया। बाल संरक्षण गृह के निरीक्षण के दौरान एक-एक बच्चों से मुलाकात कर वार्ता की तथा उनके भोजन, पढ़ाई, चिकित्सा खेलकूद तथा देय सुविधाओ के बारे में जानकारी। निरीक्षण के दौरान रसोई घर, स्टोर, शौचालय, साफ सफाई व्यवस्था आदि को देखा गया। मौके पर उपस्थित मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चो का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराएं तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी जिन बच्चों के केस न्यायालय में लम्बित है उनकी पैरवी तेज कराए।




जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान विभिन्न बैरको तथा जेल के अस्पताल, रसोई आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ के बारे में जानकारी ली गई। कारागार में निरूद्ध बन्दियो से वार्ता कर जेल में मिल रही सुविधाओ व भोजन आदि के गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली गई तथा उनकी समस्याओ को भी सुनते हुए निराकरण करने का निर्देश दिया। जनपद न्यायधीश ने कहा कि जिन निरूद्ध बन्दियो के पास पैरवी के लिए शासकीरय अधिवक्ता की आवश्यकता पड़े तो उन्हें चिन्हित करते हुए यह सुविधा मुहैया कराया जाए। जेल के अस्पतालो में रह रहे बन्दियो से उनके उपचार व दवाईयो के बारे में जानकारी प्राप्त की। महिला बैरक में पहुंचकर उनकी समस्याओ को भी सुनते हुए निराकरण के निर्देश दिए गए।

# महिला की पिटाई, मुकदमा हुआ दर्ज

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के देवनाथपुर हरहुआं गांव में बीते 27 जून की रात पति पत्नी ने मिलकर उसी गांव की एक महिला को लाठी डंडे एवं धारदार हथियार से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।घायल महिला के पति ने हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।उपरोक्त गांव निवासी प्रदीप सिंह के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के अनुसार हरिकेश सिंह एवं उनकी पत्नी ने अकारण ही मेरी पत्नी काजल सिंह को लाठी डंडा एवं धारदार हथियार से सर पर वार करके गंभीर रूप घायल कर दिया।

# शॉर्ट सर्किट से दोना-पत्तल बनाने वाली मशीन में लगी आग

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र के परमपुर के समीप सोमवार दोपहर करीब दो बजे शॉर्ट सर्किट के कारण दोना-पत्तल बनाने वाली मशीन में अचानक आग लग गई। मशीन से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते दुकान में रखे तैयार दोना-पत्तल, कच्चा माल तथा अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में पूरी दुकान धुएं और आग की लपटों से घिर गई।

दुकान संचालक राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि उनकी फर्नीचर की दुकान में दोना-पत्तल बनाने की दो मशीनें लगी हैं। उनका बेटा मशीन पर काम कर रहा था, तभी अचानक शॉर्ट सर्किट होने से मशीन में आग भड़क उठी। आग तेजी से फैलती देख वह तत्काल बाहर निकल आया और डायल-112 तथा अग्निशमन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही जंसा पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास की अन्य दुकानों तक लपटें नहीं पहुंच सकीं और बड़ा हादसा टल गया।

आग की चपेट में आने से दोना-पत्तल बनाने वाली मशीन, तैयार दोना-पत्तल, कच्चा माल तथा दुकान में रखा अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकान संचालक के अनुसार इस घटना में लगभग एक लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। आराजी लाइन विकासखंड के सिंहोरवा गांव में सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। गोष्ठी के मुख्य वक्ता वंशी गोशाला के संचालक गोपाल भाई तुसारिया ने



किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती अपनाने से खेती की लागत घटेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने किसानों को गो-मृदा अमृत का उपयोग करने की सलाह दी तथा कच्चे गोबर की खाद का सीधे खेतों में प्रयोग न करने की हिदायत दी। साथ ही दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुओं के लिए उपयुक्त चारे की जानकारी भी दी।

उप कृषि निदेशक अमित जायसवाल ने बताया कि रुद्र काशी एवं काशीराज एग्रो के साथ अनुबंध के तहत आगामी एक वर्ष तक नेपियर घास का उत्पादन कराया जाएगा, जिसे अडानी द्वारा खरीदा जाएगा। इस योजना की शुरूआत सिंहोरवा गांव के चयनित 100 किसानों के साथ की जाएगी, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में सहायक कृषि निदेशक (मृदा) स्नेह प्रभा, जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य अमरजीत पटेल सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से पशु पालक के भैंस की हुई मौत

**समाज जागरण**

मीरजापुर /स्थानीय थाना क्षेत्र के बरी गांव में सोमवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से पशु पालक की भैंस की मौत हो गयी पशु पालक ने घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक को दे दिया है थाना क्षेत्र के बरी गांव निवासी पशु पालक विजय यादव की भैंस सिवान की तरफ चरने के लिए गयी थी की गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर भैंस की मौत हो गयी सिवान की तरफ गए पशु पालक ने आकाशीय बिजली से भैंस को मृत अवस्था में देखकर घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल व पशु चिकित्सक को दे दिया है जिससे पशु पालक को दैवीय आपदा से क्षतिपूर्ति मिल सके इस संबंध में पशु पालक ने बताया की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई है घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल के साथ पशु चिकित्सक को दे दिया गया है

# गड़बड़ा धाम में दर्शन करने आई महिला श्रद्धालु की सोने की चेन काटी गई

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमनगंज थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम स्थित मां शीतला देवी मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक महिला के चेन काटने की घटना सामने आई। हलिया क्षेत्र के ग्राम राजपुर से दर्शन-पूजन के लिए आई श्रद्धालु आरती देवी की सोने की लगभग डेढ़ तोला चेन अज्ञात उचक्कों चोरो ने भीड़ का फायदा उठाकर काट ली। वहीं लगभग ढाई तोला की चेन सुषमा सोनी निवासी खटखरी, जिला मऊगंज (मध्य प्रदेश) ने भी चेन काटे जाने की शिकायत की।घटना की जानकारी मिलते ही मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित महिलाओं ने घटना की सूचना मंदिर प्रशासन एवं पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# समस्त आहरण वितरण अधिकारी के साथ जी0पी0एफ0 अदालत की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ मुख्य कोषाधिकारी अनिल कुमार मिश्र एवं निरीक्षण अधिकारी महालेखाकार आडिट दल कि अध्यक्षता में जिला पंचायत साागार में समस्त आहरण वितरण अधिकारी के साथ जी0पी0एफ0 अदालत की बैठक आहूत की गई। बैठक में कुल 75 डी0डी0ओ0 और प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्यतः जी0पी0एफ0 से संबन्धित विसंगतियो, ए0सी0/डी0सी0 बिल प्राप्त सहायक अनुदानो के सापेक्ष उपयोगिता प्रमाण-पत्र अग्रिम आहरण बिलो के समायोजन, वेतन विसंगतियो, (जी0एस0टी0/इनकम) कटौती, और आहरण वितरण सम्बन्धित विभिन्न विषयो पर विस्तृत चर्चा एवम् दिशा-निर्देश दिये गये। समस्त आहरण वितरण अधिकारी को वित्तीय नियमो से जागरूक किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार मिश्रा मुख्य कोषाधिकारी, ए.जी के निरीक्षण अधिकारी प्रतीक राज, सहायक लेखाधिकारी रविकुमार यादव, संजीत कुमार, वरिष्ठ लेखाकार मनीष कुमार वित्तीय परार्मशदाता (लेखाधिकारी ) यादव सुनील भारत, कोषागार लेखाकार श्री सन्तोष कुमार कन्नौजिया एवम् वी0पी0आनन्द ने अपने विचार रखे।

# **41 वर्षों का इंतजार खत्म होगा या फिर बढ़ेगी शहडोल की प्रतीक्षा?

## मोदी मंत्रिमंडल विस्तार पर टिकीं निगाहें, हिमाद्री सिंह को लेकर तेज हुईं राजनीतिक चचाएँ**

**समाज जागरण**
**अनूपपुर विशेष प्रतिनिधि**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार की चचाओं के बीच मध्यप्रदेश के आदिवासी अंचल शहडोल लोकसभा संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। क्षेत्र में एक बार फिर यह सवाल प्रमुखता से उठने लगा है कि क्या इस बार शहडोल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व मिलेगा, या फिर चार दशक से अधिक समय से चला आ रहा इंतजार और लंबा हो जाएगा। शहडोल संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास भले ही प्रभावशाली रहा हो, लेकिन केंद्र सरकार में प्रतिनिधित्व के मामले में यह क्षेत्र पिछले 41 वर्षों से लगातार उपेक्षित रहा है। वर्ष 1985 के बाद से शहडोल से निर्वाचित किसी भी सांसद को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला। ऐसे में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर क्षेत्रवासियों की उम्मीदें एक बार फिर जाग उठी हैं। स्व. दलवीर सिंह के बाद नहीं मिला किसी सांसद को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान शहडोल से तीन बार लोकसभा सदस्य रहे स्वर्गीय दलवीर सिंह इस संसदीय क्षेत्र के अंतिम सांसद थे जिन्हें केंद्र सरकार में मंत्री बनने का अवसर मिला।

**उनका मंत्री पद का कार्यकाल इस प्रकार रहा—**

सितंबर 1985 से दिसंबर 1989 – केंद्रीय राज्य मंत्री (शहरी विकास मंत्रालय), तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में। जून 1991 से जनवरी 1993 – केंद्रीय राज्य मंत्री (वित्त मंत्रालय), तत्कालीन प्रधानमंत्री पी. वी. नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में। इसके बाद से शहडोल संसदीय क्षेत्र का कोई भी सांसद केंद्र सरकार में मंत्री नहीं बन



सका। दलवीर सिंह के बाद इन सांसदों ने किया क्षेत्र का प्रतिनिधित्व दलवीर सिंह के बाद शहडोल लोकसभा क्षेत्र से कई सांसद निर्वाचित हुए, लेकिन किसी को भी केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली। ज्ञान सिंह – 1996 एवं 2014 दलपत सिंह परस्ते – 1998, 1999 एवं 2004 ( लगातार तीन बार) स्व. राजेश नंदिनी सिंह – 2009 हिमाद्री सिंह – 2019 एवं 2024 (लगातार दूसरी बार) हिमाद्री सिंह को लेकर बढ़ीं उम्मीदें लगातार दूसरी बार लोकसभा पहुंचीं हिमाद्री सिंह वर्तमान में विंध्यझमहाकौशल अंचल की प्रमुख आदिवासी महिला सांसदों में शामिल हैं। आदिवासी प्रतिनिधित्व, महिला नेतृत्व और लगातार दो बार की जीत को देखते हुए राजनीतिक गलियारों में उनके नाम की चर्चा तेज है। भाजपा कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों और क्षेत्र के नागरिकों द्वारा भी उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की मांग समय-समय पर उठाई जाती रही है। मंत्री बनने से विकास को मिल सकती है नई रफ्तार शहडोल संसदीय क्षेत्र में अनूपपुर, शहडोल और उमरिया जिले शामिल हैं। खनिज संपदा, कोयला उत्पादन, वन संपदा और आदिवासी संस्कृति से समृद्ध इस क्षेत्र के लोगों का मानना है कि यदि क्षेत्र के सांसद को केंद्रीय मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व मिलता है तो रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, उद्योग, सिंचाई और रोजगार जैसी विकास परियोजनाओं को नई गति मिल सकती है।

दिल्ली के फैसले पर टिकीं लाखों लोगों की उम्मीदें संभावित केंद्रीय मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन राजनीतिक चचाओं के बीच शहडोल संसदीय क्षेत्र में उम्मीदों का माहौल है। यदि इस बार सांसद हिमाद्री सिंह को केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान मिलता है तो करीब 41 वर्षों बाद शहडोल लोकसभा क्षेत्र को फिर से केंद्र सरकार में प्रतिनिधित्व मिलेगा, जो क्षेत्र के राजनीतिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय होगा। वहीं यदि ऐसा नहीं होता है, तो शहडोल की यह प्रतीक्षा आगे भी जारी रहेगी और केंद्रीय प्रतिनिधित्व का मुद्दा क्षेत्र की प्रमुख राजनीतिक मांग बना रहेगा।

# अधिवक्ता संघ बुढार के चुनाव में सचिव पद पर बृजेश शुक्ला निर्वाचित।

**समाज जागरण**

शहडोल प्राप्त जानकारी में अधिवक्ता संघ बुढार का चुनाव दिनांक 28 जून को संपन्न हुआ जिसका परिणाम देर रात्रि तक घोषित हो चुका है अध्यक्ष पद के लिए जयकांत मिश्र 182 मत पाकर निर्वाचित हुए वहीं उपाध्यक्ष शरण मिश्रा 160 और बृजेश शुक्ला सचिव पद पर 194 मत एवं सहसचिव पर ओंकार प्रसाद गुप्ता 147 मत इसके अलावा ग्रंथपाल पद पर जितेंद्र मिश्रा 182 अध्यक्ष पर श्रीमती मंजू तोमर 183 बोट एवं कार्यकारी सदस्य पर शुभम जैन गिरीश साहू संजना श्रीवास्तव पिंकी सिंह मोनिका केवट निर्वाचित हुई है मतदान में बुढार थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस अमला भी काफी सक्रिय रहा चुनाव का भी शांतिपूर्ण




रूप से संपन्न हुआ।

सचिव पद पर बृजेश शुक्ला के धमाकेदार जीत पर उनके तमाम मित्रों ने ढेर सारी बधाई दी है जिसमें सत्येंद्र शुक्ला दीपक शर्मा विजय तिवारी अरविंद साहनी प्रदीप सिंह शैलेंद्र प्रताप सिंह ओम बहादुर ऋषि शुक्ला विष्णु शरण द्विवेदी विजय गुप्ताबृजेंद्र सोनी मोनू शुक्ला सहित सैकड़ो अधिवक्ताओं ने बधाई दिया है

# राजनगर रोड सेल यार्ड विवाद: गंभीर आरोपों पर जिम्मेदार अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी, महाप्रबंधक और सब एरिया मैनेजर ने नहीं उठाया फोन, गहराया संदेह

**समाज जागरण**

राजनगर रोड सेल यार्ड में कथित अनियमितताओं और कोयले की छंटाई को लेकर उठे गंभीर आरोपों के बीच जब जिम्मेदार अधिकारियों से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, तो उनकी प्रतिक्रिया ने मामले को और चर्चा में ला दिया। पत्रकार द्वारा सबसे पहले सब एरिया मैनेजर डी.के. रघुवंशी से मोबाइल पर दो बार संपर्क करने की कोशिश की गई,




लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद हसदेव क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई से संपर्क कर यार्ड में कथित कोयला ग्रेडिंग (कटाई-छंटाई) और ट्रकों में लोडिंग संबंधी गतिविधियों पर सवाल पूछा गया। पत्रकार ने यह भी बताया कि इस कार्य से संबंधित एक तस्वीर प्राप्त हुई है, जो भले ही उसी दिन की न हो, लेकिन ऐसी गतिविधियों की ओर संकेत करती है।

इस पर महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई ने कहा, "सब एरिया मैनेजर से पूछिए, यह काम वही देखते हैं। अगर उन्होंने फोन नहीं उठाया है तो शायद व्यस्त होंगे।" हालांकि, उन्होंने आरोपों पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी और न ही कथित अनियमितताओं पर कोई स्पष्टीकरण दिया। ऐसे में गंभीर आरोपों के बीच जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी और जवाबदेही से बचने का यह रवैया कई सवाल खड़े करता है। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि एसईसीएल प्रबंधन इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराएगा या नहीं।

# कहीं 10 फीट तक खड़ी हो गई दीवार, कहीं सिर्फ गड्ढे और चार पिलर; बरंगवा-अमलाई में रंगमंच निर्माण की धीमी रफ्तार से बढ़ी लोगों की चिंता

**समाज जागरण**

अनूपपुर। नगर परिषद बरंगवा-अमलाई के विभिन्न वार्डों में बनाए जा रहे रंगमंच (स्टेज) निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार से स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। नगर परिषद द्वारा लगभग 15 स्थानों पर रंगमंच निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन अधिकांश वार्डों में कार्य अधूरा पड़ा है। कहीं केवल गड्ढे खोदकर काम छोड़ दिया गया है तो कहीं चार पिलर खड़े कर निर्माण रोक दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड क्रमांक-4 में निर्माण अपेक्षाकृत तेज गति से हुआ है, जहां लगभग 10 फीट तक दीवार बन चुकी है, जबकि कई अन्य वार्डों, विशेषकर आदिवासी क्षेत्रों में काम शुरूआती चरण में ही अटका हुआ है। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों का आरोप है कि कई स्थानों पर निम्न गुणवत्ता की ईंटों का उपयोग किया जा रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद अर्चना अजय यादव ने भी नगर परिषद अध्यक्ष और मुख्य नगर परिषद अधिकारी से निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की है। आगामी गणेश चतुर्थी और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे धार्मिक आयोजनों को देखते हुए लोगों की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि पुराने मंच तोड़े जा चुके हैं और नए अभी तैयार नहीं हुए हैं। डुमरिया टोला में भी अधूरे निर्माण और बिखरी सामग्री से आवागमन प्रभावित हो रहा है।

## चचाई पुलिस की सक्रियता से जुआ सट्टे पर लगा लगाम

**समाज जागरण**

अमलाई। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के दिशा निर्देशन में चचाई पुलिस द्वारा अवैध कारोबार के खिलाफ मुहिम छेड़ते हुए निरंतर कार्यवाही की जा रही है जिसके कारण अवैध कारोबारी के हौसले पस्त हो गए हैं। सटोरियों एवं जुआरी के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही है जिसके कारण अवैध कारोबारी घर बैठ गए हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि अवैध कारोबारी चाहे कोई भी हो उसे बक्शा नहीं जाएगा। क्षेत्र में अमन शांति कायम के लिए पुलिस कटिबध है।

# कोतमा जनपद क्षेत्र बना अपराधियों का गढ़।

**समाज जागरण**

अनूपपुर। जिले के बिजुरी,कोतमा भालूमाडा थाना अंतर्गत केवई नदी टोल वे मुक्ति धाम. के समीप स्थित कटकोना, वैहाटोला रेत घाटो से रात भर करीब 25,30 की संख्या मे गाड़ियों के काफिले के साथ अपराधिक पृष्ठभूमि के लोग घातक हथियारो से लैस व्यक्तियों के द्वारा बिना नंबर के भारी वाहनों से अवैध खनिज रेत की चोरी कर अवैध उत्खनन, परिवहन,भंडारण बड़े पैमाने पर बरसात के पूर्व किया जा रहा है, और फिर बरसात में महंगे दामों में बेचा जाता है, खनिज और पुलिस चाहे तो कोतमा पुलिस अनुविभाग के शहरी,ग्रामीण क्षेत्रों में गली-गली रेत के अवैध भंडारण का भौतिक निरीक्षण कराया जा सकता है, रेत खरीदने और बेचने वालों के पास कोई भी वैध दस्तावेज (टीपी) मौजूद नहीं रहती है,

क्योंकि 90%रेत चोरी का रहता है,खबर है कि एक वाहन मलिक एक रात का 3000 से ₹5000 तक सेवा शुल्क जमा कर पूरी रात परिवहन करने की अनुमति दी जाती है,लेकिन इस कार्य मे शामिल अवैध सदस्यो को एंट्री कराना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह पूर्णतः "प्रीपेड,वन टाइम सेवा है" इसकी कोई गारंटी नही है,रेत माफियाओं का मानना है कि एंट्री होने के बाद चाहे कोई भी बड़े से बड़ा अधिकारी हो रेत से लोड वाहन को एक मिनट के लिये भी नहीं रोक सकता क्योंकि माफियाओं के पास अवैध परमिशन रहता है,शासन को हर वर्ष ये रेत माफिया करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे हैं,जबकि हर वर्ष शासन द्वारा ई टेंडर किया जाता है,

उसके बावजूद भी रेत माफिया पुलिस और खनिज, राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों से साठगांठ कर रेत का अवैध ठेका चला रहे हैं,और हर महीने शासन को कई लाख रुपए के राजस्व का नुकसान किया जा रहा है,जो राशि शासन के राजस्व अकाउंट में जाना चाहिए वह लोगों की जेब में जा रही है,जिले के न्याय प्रिय पुलिस कप्तान, कलेक्टर महोदय,खनिज के तेज तर्रार अधिकारी चाहे तो नदी के रेतघाट, टोलवे के समीप बैहाटोला मार्ग पर रात्रि 10 बजे से सुबह 8 बजे के वीच अपने मातहत कर्तब्य निष्ठ अधिकारियों की देशभक्ति का नजारा कभी भी देखा जा सकता है,जिले में ऐसा कोई भी जाँबाज सिपाही नहीं है जो बिहार यूपी की तर्ज पर चल रहे उक्त अवैध कार्य पर लगाम लगा सके,शिकायत8 करने के बाद भी अधिकारी पूरी तरह खामोश है,चाहे वह पुलिस, खनिज,राजस्व विभाग कोई भी हो, प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है,यहां तो लोग बिहार,उत्तर प्रदेश को पीछे छोड़ दिए, दोनों राज्यों को अनावश्यक बदनाम कर रहे हैं, यहां तो उनसे भी बड़े-बड़े माफिया हैं,और प्रशासन के कुछ अधिकारी ही मिलकर उनका पालन पोषण कर रहे हैं,यही वजह है कि फोन करने पर कार्यवाही तो दूर फोन रिसीव नहीं किया जाता, इससे बड़ा प्रमाण और क्या चाहिए,और यदि फोन रिसीव भी हो गया तो कहते हैं हमारा विभाग नहीं है, दोनों विभाग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते हैं, और अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहे हैं, ऐसी स्थिति में कार्यवाही कौन से राज्य के अधिकारी करेंगे यह प्रशासन ही निश्चित करें,पुलिस अधिनियम में चोरी अपराध नहीं तो और क्या है,ऐसे में तो हर कोई चोरी, अपराध करेगा और पुलिस कहेगी यह अपराध नहीं है, मसलन यह स्पष्ट है कि वैध और अवैध कार्यों की व्याख्या पुलिस ही कर सकती है,यहां का नियम है कि बिना अनुमति के वैध कार्य भी अवैध माना जाएगा,कोतमा जनपद व पुलिस अनुविभाग अंतर्गत संगठित गिरोह के द्वारा अवैध शराब,कबाड़,रेत खनिज का अवैध काला कारोबार धड़ल्ले से वेखोफ किया जा रहा है, उसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय कुछ अधिकारियो का हाल "गांधी जी के तीन बंदरो से भी बदतर हो गया है ?

## IGNTU मॉडल ट्राइबल स्कूल पर संकट

### 8वीं के बाद क्यों रोका जा रहा आदिवासी बच्चों का भविष्य?

### अभिभावक संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**समाज जागरण**

अनूपपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक परिसर स्थित मॉडल ट्राइबल स्कूल को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उन्नत करने की मांग को लेकर अभिभावक संघ सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गया। अभिभावकों का आरोप है कि विद्यालय आज भी केवल कक्षा 8वीं तक संचालित होने से आदिवासी विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के कई बच्चे आठवीं के बाद दूसरे स्कूलों में प्रवेश नहीं ले पाते और पढ़ाई बीच में ही छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं। अभिभावकों के अनुसार, वर्षों से आवेदन, ज्ञापन और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और खरगोन-बड़वानी सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को अनुशंसा पत्र भेजे जाने तथा राष्ट्रपति और केंद्रीय शिक्षा मंत्री तक मामला पहुंचने के बाद भी विद्यालय का उन्नयन नहीं हो सका। अभिभावक संघ ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर केंद्र सरकार को भ्रामक जानकारी देने का आरोप लगाया है। वहीं, धरना से पहले प्रशासनिक भवन और मुख्य द्वार के आसपास प्रतिबंधात्मक आदेश लगाए जाने पर भी सवाल उठाए गए हैं। अभिभावकों ने स्पष्ट किया है कि कक्षा 12वीं तक उन्नयन का लिखित आश्वासन मिलने तक उनका शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा।

# वनभूमि अतिक्रमण एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में पूर्व वनकर्मी गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया।क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व डॉ. अनुपम सहाय एवं उप संचालक श्री योहान कटारा के मार्गदर्शन तथा उप वनमंडलाधिकारी मानपुर श्री नितिन निगम के निर्देशन में मानपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण कराने एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर शासन को भ्रमित करने के गंभीर मामले में वन विभाग द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

इस संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 10688/01 दिनांक 28 जून 2026 पंजीबद्ध किया गया है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि तत्कालीन उमरिया वनमंडल के मानपुर परिक्षेत्र में पदस्थ रहे पूर्व वनकर्मी श्री तितुर सिंह धुर्वे, जिन्हें वर्ष 2009 में शासकीय सेवा से पृथक कर दिया गया था, द्वारा वनाधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का दुरुपयोग करते हुए कथित रूप से कूटरचित दस्तावेज एवं अभिलेख तैयार किए जा रहे थे। प्राथमिक जांच में यह भी पाया गया कि उक्त दस्तावेजों के माध्यम से ग्रामीणों को वनभूमि पर अतिक्रमण के लिए प्रेरित करने तथा शासकीय अभिलेखों एवं प्रक्रियाओं का दुरुपयोग कर वनाधिकार पत्र बनवाने का प्रयास किया जा रहा था, जबकि संबंधित व्यक्ति वर्तमान में किसी भी प्रकार के शासकीय पद पर कार्यरत नहीं है। इसी दौरान प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर मानपुर बफर वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री

अंकित सोनी एवं वन विभाग के स्टाफ द्वारा ग्राम बिजुरी में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी को कथित रूप से वनाधिकार पत्र बनवाने के लिए लेन-देन एवं सौदेबाजी करते हुए पकड़ा गया। इसके उपरांत आरोपी से पूछताछ की गई तथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर उसे गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण की जांच जारी है तथा संबंधित व्यक्तियों के कथनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण, कूटरचना तथा शासकीय अभिलेखों के दुरुपयोग से संबंधित मामलों में दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।उक्त कार्यवाही मे सुनील ठाकुर, वनपाल मानपुर, भाई लाल सिंह, उप वन क्षेत्रपाल, शंकर कोल वनपाल,भूपेन्द्र सिंह रावत वन रक्षक, अनीता दहायत वन रक्षक, सूर्यभान सिंह वन रक्षक, प्रदीप कुमार सिंह वन रक्षक, तेजलाल बैगा वन रक्षक,रुबीना अंसारी वन रक्षक, सतेंद्र सिंह रजावत, वन रक्षक, दीपक बर्मन, वाहन चालक, नागेश्वर सिंह, वाहन चालक, ओम प्रकाश सिंह, वाहन चालक का अद्वितीय योगदान रहा।

# बुढ़ार अधिवक्ता संघ का चुनाव हुआ सम्पन्न,

### जयकांत मिश्रा पुनः दूसरी बार भारी मतो से हुए विजयी

**समाज जागरण**

बी.पी.तिवारी- कोयलांचल क्षेत्र जिले का चर्चित न्यायालय बुढ़ार में वर्ष 2026-28 का अधिवक्ता संघ का चुनाव नियमानुसार विधि सम्वंत दिनांक 28.06.2026 को सम्पन्न हुआ वोटो की गिनती शाम से लेकर मध्य रात्रि तक भारी गहमा गहमी के बीच सम्पन्न हुआ मतगणना के बीच अध्यक्ष पद के मतो की गिनती के बीच उतार चढ़ाव आता रहा, व्यवस्था सुचारू रूप से मतगणना हो, जिस पर जिला प्रषासन से लेकर स्थानीय पुलिस भी नजर आई, विजयी अधिवक्ता संध के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा की सूझ बूझ सरल स्वाभाव नियम का पालन अपने समर्थको को सालिनता के साथ चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सही मार्गदर्षन देकर कहा कि हम सभी अधिवक्ता विधि के अनुसार चुनाव सम्पन्न कराएगे किसी भी तरह का विवाद व विरोधाभाष का उपयोग नही करेगे, बल्कि कुछ लोगों द्वारा हार की स्थिति निर्मित होने पर तरह तरह के अपषब्द व वातालाप सुनने को मिला जो अधिवक्ताओं के लिए उचित नही है। कोयलांचल क्षेत्र में यह देखा गया कि अधिवक्ता संघ अध्यक्ष का चुनाव बड़े रोचक एवं प्रतिष्ठा पूर्ण रहा, जयकांत मिश्रा को जूनियर एवं सीनियर अधिवक्ताओं के साथ हर वर्ग समुदाय से आने वाले न्याय वृत्त अधिवक्ताओं ने खुलेमन से मतदान कर भारी मतो से दूसरी बार जिताकर यह साबित किया की सभी को साथ लेकर न्याय प्रक्रिया में सहयोग की भावना जिस पर हो न्यायालयीन व्यवस्था सुचारू एवं सही के साथ विजली पानी अधिवक्ताओं की बैठने एवं अन्य सुविधाओं पर जयकांत मिश्रा सदैव खरे उतरे जिसका परिणाम इस चुनाव में देखने को मिला अधिवक्ता जयकांत मिश्रा के पुनः अध्यक्ष का चुनाव जीतने पर बुढ़ार धनपुरी अमलई पेपर मिल विक्रमपुर चिटुहला सरईकापा गोपालपुर खैरहा बंण्डी बेम्हौरी बिरूहुली जरवाही, शहडोल एवं दर्जनों ग्रामीणों के अधिवक्ताओं के साथ

व्यापारी कर्मचारी किसान छात्र एवं सभी नागरिको ने बंधाई दी। चुनाव जीतने पर विन्ध्य क्षेत्र के उजार्वान सवर्ग नेता समाज सेवी बी.पी.तिवारी ने मिलकर बंधाई एवं शुभकामनाए दी।

# शराब दुकानों के बाहर अवैध चकना सेंटरों की भरमार, नियमों को चुनौती; कार्रवाई के इंतजार में प्रशासन

### स्थानीय लोगों ने सार्वजनिक व्यवस्था पर जताई चिंता, पूर्व में दिए गए ज्ञापन के बाद भी हालात जस के तस होने का दावा

**समाज जागरण**

कटनी। जिले के शहरी क्षेत्रों में संचालित कुछ शराब दुकानों के बाहर कथित रूप से अवैध चकना सेंटर और बैठकर शराब सेवन की व्यवस्था संचालित होने के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन स्थानों पर सुबह से देर रात तक लोगों की भीड़ लगी रहती है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में अव्यवस्था का माहौल बनता है। लोगों का आरोप है कि इन गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार बरगवां, मुड़वारा, बस स्टैंड, खिरहनी, एनकेजे सहित जिले के कई इलाकों में शराब दुकानों के आसपास चकना सामग्री, पानी पाउच, डिस्पोजल आदि की दुकानें संचालित हो रही हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि इन दुकानों के माध्यम से ग्राहकों को वहीं बैठकर शराब सेवन की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है, जबकि ऐसी व्यवस्था आबकारी नियमों की भावना के विपरीत बताई जाती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि शराब दुकानों के बाहर लगातार लगने वाली भीड़ के कारण राहगीरों और आसपास के व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार शराब के नशे में विवाद, गाली-गलौज और झगड़े जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जिससे कानून-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। लोगों का यह भी कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर समय-समय पर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की बातें सामने आती हैं, लेकिन इसके बावजूद यदि ऐसी व्यवस्थाएं लगातार संचालित हो रही हैं तो प्रभावी निगरानी और कार्रवाई को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है।

ज्ञापन के बाद भी कार्रवाई नहीं होने का आरोप स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ समय पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) के अध्यक्ष अमित शुक्ला ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर अवैध अहातों और कथित पैकारी व्यवस्था पर रोक लगाने की मांग की थी। नागरिकों का आरोप है कि ज्ञापन दिए जाने के बाद भी जमीनी स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई दिखाई नहीं दी, जिससे लोगों में नाराजगी है।

निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, पुलिस एवं आबकारी विभाग से मांग की है कि शराब दुकानों के आसपास संचालित कथित अवैध चकना सेंटरों और बैठकर शराब पिलाने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि जांच में नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि सार्वजनिक व्यवस्था बनी रहे और भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को समय रहते रोका जा सके।

# उमरिया में बेलगाम अवैध कारोबार, बढ़ते अपराधों से दहशत में जनता

### शराब, कबाड़, रेत, जुआ-सट्टा पर लगाम लगाने में प्रशासन नाकाम? कानून-व्यवस्था पर उठने लगे सवाल

**समाज जागरण**

उमरिया विशेष प्रतिनिधि उमरिया जिले में इन दिनों अवैध कारोबार और बढ़ते अपराधों को लेकर आम जनता में चिंता और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से अवैध शराब, कबाड़, रेत के अवैध उत्खनन तथा जुआ-सट्टे के संचालन की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन गतिविधियों के खिलाफ समय-समय पर कार्रवाई की बातें तो होती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर इन पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। परिणामस्वरूप जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं और लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

सबसे अधिक शिकायतें अवैध शराब कारोबार को लेकर सामने आ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगरों तक शराब की अवैध बिक्री और सप्लाई की चचाएं आम हैं। लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर निर्धारित समय के बाद भी शराब बेची जाती है, जबकि कुछ इलाकों में बिना वैधानिक अनुमति के शराब उपलब्ध होने के आरोप लगते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव-गांव तक शराब पहुंचने से युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है, जिससे घरेलू विवाद, मारपीट और अन्य सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। आबकारी विभाग और पुलिस की कार्रवाई के बावजूद अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं दिखाई दे रहा। इसी प्रकार जिले में कबाड़ कारोबार को लेकर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई कबाड़ दुकानों में बिना उचित दस्तावेजों के लोहे और अन्य सामग्री की खरीद-फरोख्त की जा रही है। इससे चोरी के सामान को खपाने की आशंका जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि सभी कबाड़ दुकानों का नियमित सत्यापन, स्टॉक का मिलान और रिकॉर्ड की जांच की जाए तो कई मामलों का खुलासा हो सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से जिलेभर में विशेष जांच अभियान चलाने की मांग की है।

रेत के अवैध उत्खनन का मामला भी लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। जिले के विभिन्न नदी घाटों से रात के समय मशीनों और ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत निकाले जाने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध खनन से नदियों का प्राकृतिक स्वरूप प्रभावित हो रहा है, पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है और शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। लोगों का कहना है कि यदि खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से नियमित अभियान चलाएं तो इस अवैध कारोबार पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है।

वहीं जुआ और सट्टे का अवैध कारोबार भी जिले में लगातार बढ़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई स्थानों पर खुलेआम जुआ और सट्टे के अड्डे संचालित हो रहे हैं। इससे युवा वर्ग तेजी से इस अवैध गतिविधि की ओर आकर्षित हो रहा है, जिसके कारण आर्थिक नुकसान के साथ-साथ पारिवारिक विवाद और अपराध की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि कार्रवाई के बाद भी कुछ दिनों में यह कारोबार फिर शुरू हो जाता है, जिससे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे हैं।

इन सभी अवैध गतिविधियों के बीच जिले में चोरी, मारपीट, लूट, हत्या के प्रयास और अन्य आपराधिक घटनाओं की चचाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन किसी न किसी क्षेत्र से अपराध की खबरें मिलने के कारण जिले में भय और अशांति का माहौल बन गया है। नागरिकों का आरोप है कि अपराधियों में कानून का डर कम होता जा रहा है, जबकि आम लोग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिले के सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने जिला प्रशासन, पुलिस, आबकारी, खनिज और संबंधित विभागों से संयुक्त अभियान चलाकर अवैध शराब, कबाड़, रेत, जुआ-सट्टा जैसे अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर और निरंतर कार्रवाई नहीं की गई तो जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति और अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकती है।

# महा दानवीर भामाशाह जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ भव्य आयोजन

## भामाशाह का त्याग, राष्ट्रभक्ति और दानवीरता आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत-सदर विधायक भूपेश चौबे

जनपद के 10 सर्वाधिक करदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित ईमानदार करदाता राष्ट्र और जनपद के विकास की मजबूत आधारशिला- जिलाधिकारी चर्चित गौड़



**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ, विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में आज वीर शिरोमणि दानवीर भामाशाह जी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी चर्चित गौड़, सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद के सर्वाधिक कर (टैक्स) जमा करने वाले 10 प्रतिष्ठित व्यापारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ईमानदारी से कर अदा करने वाले व्यापारी राष्ट्र एवं जनपद के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। सदर विधायक भूपेश चौबे ने अपने संबोधन में कहा कि भामाशाह का त्याग, राष्ट्रभक्ति और समर्पण भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपना सर्वस्व महाराणा प्रताप और राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित कर अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिससे आज की पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने कहा कि भामाशाह का जीवन सेवा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित का प्रतीक है। उन्होंने सम्मानित करदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि करदाताओं के योगदान से ही विकास कार्यों को गति मिलती है और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है। भाजपा जिला ध्यक्ष श्री नंदलाल गुप्ता ने भामाशाह के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया, जबकि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद ने उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी सम्मानित करदाताओं को बधाई देते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। इस दौरान सासंकृतिक विभाग द्वारा करमा नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति की गयी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक) श्री रमेश कुमार, श्री सुनिल कुमार संयुक्त आयुक्त राज्य कर, श्री रितेश मिश्र उपायुक्त प्रशासन राज्य कर, श्री योगेश द्विवेदी उपायुक्त राज्य कर, श्री विकास कृष्ण बन्सरा उपायुक्त राज्य कर, श्री मो0 जुनैद व व्यापारी बन्धु उपस्थित रहें।

# सपाइयों ने भामाशाह की जयंती को "व्यापारिक कल्याण दिवस" के रूप में मनाया

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। सपा जिला कार्यालय पर सपाइयों ने संगोष्ठी का आयोजन कर महा दानवीर भामाशाह की जयंती को "व्यापारिक कल्याण दिवस" के मनाया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भामाशाह बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र थे । वे हमेशा व्यापारियों गरीबों नौजवानों की लड़ाई लड़ने का काम किया ।
बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आप लोग की जिम्मेदारी है कि एक-एक बूथ का भ्रमण करके यह तय करले की किस बूथ पर क्या परेशानी है जिसकी सूची बनाकर 30 जून 2026 तक अवश्य जमा कर दे जिससे जिला निर्वाचन अधिकारी को सूची दिया जा सके। संगोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह पटेल संजय यादव विजय यादव, ओबरा विधानसभा अध्यक्ष परमेश्वर यादव सुनील गौड़ वेदमणी शुक्ला अनिल प्रधान लाल बहादुर पाल रामप्यारे सिंह पटेल रामाशंकर यादव अशोक पटेल संतोष कुमार चौहान रमेश सिंह यादव सतेंद्र ओझा विवेक यादव प्रमोद फारूक अली जिलानी रामलोचन दीपक केसरी जगत पटेल दयाशंकर नामवर कुशवाहा आनंद पटेल रामेश्वर भाई पटेल रमजान अली हिदायत उल्ला खान रमजान अली दीपक केसरी विनीत सरोज चंद्रभूषण राजनाथ संजय के साथ दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित है।

# बिजली-पानी के संकट से त्रस्त ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, शाहगंज विद्युत उपकेंद्र का किया घेराव; 24 घंटे में सुधार की चेतावनी

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और जले हुए ट्रांसफार्मर न बदले जाने से नाराज ग्रामीणों का धैर्य आज जवाब दे गया। घोरावल तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्थानीय शाहगंज विद्युत उपकेंद्र पर दर्जनों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने परिसर का घेराव कर बिजली विभाग के खिलाफ उग्र प्रदर्शन और नारेबाजी की।
समस्या और आक्रोश का कारण - प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों और किसान नेताओं ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में मात्र 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल रही है। अघोषित बिजली कटौती के कारण ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट गहरा गया है और किसानों की फसलें सूख रही हैं। इसके अलावा, कई गांवों में लगे ट्रांसफार्मर हफ्तों से जले पड़े हैं, जिनकी शिकायत टोल-फ्री नंबर और स्थानीय लाइनमैन से करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई।

**ग्रामीणों की प्रमुख मांगें:**

ग्रामीण क्षेत्रों में तय रोस्टर (शेड्यूल) के अनुसार न्यूनतम 18 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाए।जले हुए ट्रांसफार्मरों को विभागीय नियमानुसार 48 घंटे के भीतर तत्काल बदला जाए।लो-वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए अतिरिक्त क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाए जाएं।

**अधिकारियों का आश्वासन:**

घेराव की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बिजली विभाग के विभागीय अधिकारी (एसडीओ/ अधिशासी अभियंता) मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। विभागीय अधिकारियों ने माना कि अत्यधिक लोड और उत्पादन इकाइयों में तकनीकी खराबी के कारण पिछले कुछ दिनों से आपूर्ति प्रभावित हुई थी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अगले 24 घंटे के भीतर जर्जर तारों को ठीक कर लिया जाएगा और जले हुए ट्रांसफार्मर बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**आंदोलन की चेतावनी:**

ग्रामीणों ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि अगले 48 घंटों के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और रोस्टर के अनुरूप सप्लाई नहीं मिली, तो उपभोक्ता बिना किसी पूर्व सूचना के जिला मुख्यालय पर बेमियादी धरना और चक्का जाम करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और जिला प्रशासन की होगी।

# वर्ष 2025 की पुलिस मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर एवं गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल मार्गदर्शन में थाना पन्नूगंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित एवं वर्ष 2025 की पुलिस मुठभेड़ में घायल पशु तस्कर को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। थाना पन्नूगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-101/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम में वांछित अभियुक्त संजय कुमार उर्फ संजय दीवाना पुत्र रामकुवर, निवासी ग्राम सरईगढ़ टोला खदरा, थाना रायपुर, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 35 वर्ष, को दिनांक 28.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर पकरहट नहर पुलिया थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।
उल्लेखनीय है कि अभियुक्त दिनांक 13.05.2026 से गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार एवं वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना पन्नूगंज एवं थाना मांची की संयुक्त पुलिस टीमों का गठन किया गया था।
गिरफ्तार अभियुक्त वर्ष 2025 में पशु तस्करी के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ था। इसके विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में कुल 13 अभियोग जनपद सोनभद्र एवं अन्य स्थानों पर पंजीकृत हैं।

# जातिसूचक अपशब्दों से अपमानित कर फिरौती मांगने के मामले में चार दोषियों को 3-3 वर्ष की कैद

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**



सोनभद्र। साढ़े 10 वर्ष पूर्व पिता को पकड़कर जाति सूचक अपशब्दों से गाली देकर अपमानित कर 80 हजार रुपये फिरौती मांगने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र गोविंद मोहन की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए चार दोषियों को दोषसिद्ध पाकर 3- 3 वर्ष की कैद की सजा सुनाई। वहीं दो दोषियों पर 16- 16 हजार रुपए अर्थदंड , जबकि दो पर 21-21 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर 3- 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के आशाताली गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र प्रेम ने 13 नवंबर 2015 को शाहगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह अनुसूचित जाति का व्यक्ति है। उसके पिताजी जमीन क्रय विक्रय का कार्य करते हैं। 11 नवंबर 2015 को शाम 8 बजे उसके पिताजी यह कहकर आवश्यक कार्य से बाहर जाने को कहकर निकले थे कि एक दिन बाद लौटेंगे। उसके पिताजी प्रायः जमीन खरीद विक्रय के वास्ते अचानक आते जाते हैं। 12 नवंबर 2015 को बाला उर्फ शंकर सरन पुत्र रामनाथ हरिजन निवासी टेढ़ी, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र ने किसी दूसरे की मोबाइल से फोन करके बताया कि तुम्हारे पिताजी शक्तेशगढ़ मिजार्पुर में रुके हैं। उसने दो मोबाइल का नम्बर दिया और कहा कि इस नम्बर पर बात कर लो नहीं तो लोग तुम्हारे पिता को जान से मार देंगे। इस बात को सुनकर वह घबड़ा गया और अपने चाचा से सारी बात बताया तो चाचा ने फोन किया तो उन लोगों ने जाति सूचक शब्दों से गाली देते हुए कहा कि 80 हजार रुपये पहुंचा दो बहुत जमीन में दलाली का पैसा कमाया है, अन्यथा जान से मार देंगे। तुम्हारे पिता को बदमाशों ने पकड़ा है। इसमें बाला भी उनसे मिला है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर मामले की विवेचना की। विवेचना के दौरान बाला के अलावा तीन अन्य लोगों का नाम प्रकाश में आया, जिनमे जोखन हरिजन पुत्र जग्गू हरिजन निवासी ग्राम टेढ़ा, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र,धर्मेंद्र पटेल पुत्र हरिशंकर पटेल निवासी खैरटिया, थाना चुनार, जिला मिजार्पुर व दिलीप कुमार पटेल पुत्र आशिक राम पटेल निवासी तेंदुआ, थाना चुनार, जिला मिजार्पुर शामिल हैं। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान तथा पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर चारों दोषियों बाला उर्फ शंकर सरन, जोखन हरिजन, धर्मेंद्र पटेल तथा दिलीप कुमार पटेल को दोषसिद्ध पाकर 3-3 वर्ष की कैद की सजा सुनाई। बाला व जोखन पर 16-16 हजार रुपए अर्थदंड व धर्मेंद्र पटेल तथा दिलीप कुमार पटेल पर 21-21 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। वहीं अर्थदंड न देने पर 3- 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सी शशांक शेखर कात्यायन ने बहस की।

# बारात में गये तीन लोगों से मारपीट व नकदी लूटने का आरोप, तीन घायल

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

जुगैल/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र में बारात से लौट रहे तीन लोगों के साथ मारपीट और कथित लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि रास्ते में कुछ लोगों ने उन्हें रोककर लाठी-डंडों से हमला किया, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और नकदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जुगैल थाना क्षेत्र के टोला उजरा निवासी दुगार्लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने छोटे भाई राजकुमार की बारात से पिपरा गांव से लौट रहे थे। द्वार पूजा की रस्म के लिए घर में रखे पैसे लेने जा रहे थे। आरोप है कि पिपरा गांव से कुछ दूरी पहले तीन बाइक पर सवार करीब नौ लोगों ने उन्हें रोक लिया।तहरीर में कुछ लोगों को नामजद करते हुए दुगार्लाल ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। उन्होंने जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया और उनके पास मौजूद नकदी छीन ली। बीच-बचाव के लिए पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। घटना के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।सूचना मिलने पर जुगैल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन भेजा, जहां उनका उपचार और मेडिकल परीक्षण किया गया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. अभय सिंह ने बताया कि घायलों को सिर और शरीर पर चोटें आई थीं।

सभी का उपचार कर मेडिकल परीक्षण पूरा किया गया है।पीड़ित पक्ष से तहरीर प्राप्त होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतिज्ञा दिवस पर सहकारिता विभाग के अधिकारियो ने ली शपथ

•~ सहकारिता सप्ताह सोमवार 29 जून से माह जुलाई तक

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। सहकारिता सप्ताह के शुभारंभ तथा प्रतिज्ञा दिवस के अवसर पर सोमवार को सहायक आयुक्त सहकारिता कार्यालय के अधिकारियो व कर्मचारियो द्वारा शपथ ली गई।इस अवसर पर सभी कर्मियो ने सहकार से



समृद्धि के सपने को तन मन धन से साकार करने की प्रतिज्ञा ली।सभी अधिकारीगण ने सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण मे अपना संपूर्ण योगदान देने की शपथ ली। सहकारिता सप्ताह 29 जून सोमवार से आगामी जुलाई माह तक जाएगा। इस मौके पर एडीसीओ निर्मल कुमार मौर्य, डाक्टर सुरेश, अवधेश सिंह, जिला प्रबंधक पीसीएफ रोहित गुप्ता, विनोद मौर्य, आलोक शेखर, महेश मौर्य, रमेश कुमार, ज्योति इत्यादि मौजूद रहे।

# पांच बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, क्रेशर प्लांट में करंट लगने से मजदूर की दर्दनाक मौत

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र में स्थित एक क्रेशर प्लांट में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। इस हादसे में पांच बच्चों के पिता ने अपनी जान गंवा दी। मृतक की पहचान 40 बर्षीय कोन निवासी प्रमोद पुत्र नवरत्न के रूप में हुई है। वह बिल्ली मारकुंडी कोठा टोला स्थित फ्रउ सेकेंड नामक क्रेशर प्लांट में काम कर रहा था, तभी बिजली की चपेट में आ गया। प्लांट में मौजूद अन्य मजदूरों ने प्रमोद को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर चोपन पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू की। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर फैज ने बताया कि प्रमोद नामक व्यक्ति को अस्पताल लाया गया था जांच करने पर पता चला की अस्पताल आने से पहले उसकी मौत हो चुकी थी, पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के लिए मेमो भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा करंट लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। वही मृतक के परिजनों ने बताया कि उन्हें प्लांट से घटना की सूचना मिली थी कि प्रमोद को चोट लगी है। परिजनों ने यह भी बताया कि उन्हें घटना की पूरी जानकारी नहीं है, क्योंकि वे घर पर थे। प्रमोद बबलू मिश्रा के क्रेशर प्लांट पर मजदूरी का काम करता था। उसके परिवार में पांच बच्चे हैं, जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें एक कक्षा 9 में, एक कक्षा 8 में, एक कक्षा 6 में और एक कक्षा 5 में पढ़ रहा है। प्रमोद की मौत के बाद परिवार के सामने बच्चों की परवरिश और शिक्षा का संकट खड़ा हो गया है। इस हादसे ने क्रेशर प्लांटों में मजदूरों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषकर बरसात के मौसम में बिजली उपकरणों और कार्यस्थल पर सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है। मजदूरों ने जोखिम भरे कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों के सख्त पालन की आवश्यकता पर जोर दिया है। यह घटना प्लांट प्रबंधन और संबंधित विभागों द्वारा सुरक्षा मानकों के पालन की जांच का विषय बन गई है। बढ़ा सवाल क्या जिस फर्म में मजदूर काम करता था

उस फर्म मालिक द्वारा ग्रुप इंश्योरेंस कराया गया था? एक मजदूर की मौत ने कार्यस्थलों पर सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा की आवश्यकता को फिर से बल दिया है नहीं तो ऐसे ही काल के गाल में मजदूर समाते रहेंगे।

# सरप्लस शिक्षकों की त्रुटिपूर्ण सूचना पर कंप्यूटर ऑपरेटर का तबादला

## जिलाधिकारी की नाराजगी के बाद बीईओ म्योरपुर के कंप्यूटर ऑपरेटर पर कार्रवाई

15 दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश, त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट पर सख्त रुख

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सरप्लस शिक्षकों के पुनःस्थापन के लिए तैयार की गई त्रुटिपूर्ण सूचना पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खंड शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त सूचनाओं के परीक्षण में विकास खंड म्योरपुर की रिपोर्ट त्रुटिपूर्ण पाई गई। जांच में सामने आया कि उक्त सूचना विकास खंड म्योरपुर में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर श्री आरिफ द्वारा तैयार की गई थी।

इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार कार्मिक के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार कंप्यूटर ऑपरेटर श्री आरिफ का तत्काल प्रभाव से विकास खंड म्योरपुर से विकास खंड कोन के रिक्त पद पर स्थानांतरण कर दिया गया है। साथ ही उन्हें त्रुटिपूर्ण सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में सभी साक्ष्यों सहित 15 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई माननीय उच्च न्यायालय के आदेश तथा शासन के निदेशों के अनुपालन में की गई है।

# मोहर्रम कार्यक्रम में शामिल सहयोगी लोगों को हैदरी अखाड़ा गुरमा ने किया सम्मानित

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। नगर पंचायत चुर्क-गुर्मा के वार्ड नंबर 9 में मोहर्रम के अवसर पर ईमाम चौक से बीते मंगलवार को जुलूस आलम साथ कर्बला मिट्टी लेने हेतु प्रस्थान, बुधवार को अली असगर का झूला (छोटी चौकी) कार्यक्रम, दिन गुरुवार ताजिया वह आलम ढोल ताशे के साथ रात्रि गश्त, दिन शुक्रवार ताजिया अलम (झंडा), ढ़ोल-ताशा,साउंड के साथ जुलूस, हैदरी अखाड़े द्वारा लकड़ी प्रदर्शन कार्यक्रम , फातिया प्रसाद वितरण व नौहा पढ़ने के



कार्यक्रम के पश्चात ताजिया के साथ कर्बला में प्रस्थान कर पहलाम (ताजिया विसर्जन)सुपुर्द-ए-खाक कार्यक्रम को शांतिपूर्वक तथा सकुशल संपन्न कराने में शामिल सहयोगी लोगों को हैदरी हैदरी अखाड़ा गुरमा के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह कार्यक्रम में हैदरी अखाड़ा द्वारा नकदी तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ताजियादार हाजी एजाज अहमद, अलमदार सभासद अशफाक कुरैशी, इद्रीश अली, महबूब खान,हाजी मंसूर खान, मैसर अली, नफीस शाह तथा सहयोगी सदस्य एकलाख खान गुलाब नबी, शहंशाह खान, सैफ पठान गुलाम मुस्तफा "पप्पू कुरैशी", इश्तियाक कुरैशी "गुड्डू", शहजाद कुरैशी "सोनू", सिराजुद्दीन अंसारी "गुड्डू", अफसर खान, अफसर अहमद, फरमान,अंशू इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# रालोद नेता सुरेन्द्र देहाती जी के निधन से पार्टी में शोक की लहरः- मुन्ना मालिक

**समाज जागरण/ अभय पटेल**



सोनभद्र। राष्ट्रीय लोकदल सोनभद्र के भूतपूर्व जिलाध्यक्ष एवं सोनभद्र सिंचाई बन्धु के भूतपूर्व पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र देहाती जी के निधन से पार्टी में शोक की लहर फैल गई। देहाती जी के निधन पर रालोद के जिला उपाध्यक्ष उदय प्रकाश पटेल (मुन्ना मालिक) ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेंद्र देहाती जी के निधन से पार्टी को काफी क्षति होने के साथ ही स्वयं को व्यक्तिगत क्षति बताया। देहाती जी के कार्यकाल में पार्टी का जनाधार काफी बढ़ गया था। इनके द्वारा 7 जून 2006 को रावट्र्सगंज के हाइडिल मैदान में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री माननीय जयंत चौधरी जी एवं तत्कालीन सिंचाई मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार स्व० मुन्ना सिंह चौहान एवं युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल का विशाल कार्यक्रम तथा 5 मई 2007 को चतरा ब्लाक के बेलौड़ी डाक बंगला पर राष्ट्रीय लोकदल के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष किसान नेता स्व० चौधरी अजित सिंह जी का विशाल कार्यक्रम कराया गया था। हमारे सोनभद्र में पार्टी का पहला झण्डा उठाने का श्रेय देहाती जी को प्राप्त है। ईश्वर देहाती जी के आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# जीवनरक्षक डायलिसिस सेवा बदहालः पांच में से सिर्फ एक मशीन चालू, घंटों इंतजार को मजबूर किडनी मरीज

**समाज जागरण**



उमरिया। जिला अस्पताल उमरिया में किडनी मरीजों के लिए बेहद महत्वपूर्ण डायलिसिस सेवा गंभीर अव्यवस्थाओं से जूझ रही है। अस्पताल में स्थापित पांच डायलिसिस मशीनों में से फिलहाल केवल एक मशीन के संचालित होने की जानकारी सामने आई है, जबकि शेष मशीनें कई सप्ताह से खराब पड़ी हैं। इसका खामियाजा उन मरीजों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें नियमित अंतराल पर डायलिसिस कराना जीवन के लिए आवश्यक है। सूत्रों के अनुसार, जिले के करीब 40 किडनी मरीज नियमित रूप से जिला अस्पताल में डायलिसिस सुविधा पर निर्भर हैं। लेकिन मशीनों के खराब होने से मरीजों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। कई मरीजों को मजबूरी में दूसरे जिलों के अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह विकल्प आसान नहीं है। सोमवार को अस्पताल में अव्यवस्था का आलम साफ दिखाई दिया। लालपुर निवासी राजभान कुशवाहा दोपहर करीब 2 बजे से डायलिसिस के इंतजार में बैठे रहे, वहीं चंदिया निवासी यार खान सुबह 11 बजे से अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। इनके अलावा नेगेटिव श्रेणी के मरीज संतोष सोनी, मीरा बाई, मुनिया बाई, हरीदीन और इंद्र कुमारी तथा पॉजिटिव श्रेणी के सुरेश कोल, संतोष सिंह और शक्ति सिंह भी डायलिसिस के लिए अस्पताल पहुंचे थे।
चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार, किडनी मरीजों के लिए निर्धारित समय पर डायलिसिस होना बेहद आवश्यक होता है। इसमें देरी मरीज की स्थिति को गंभीर बना सकती है और कई मामलों में यह जानलेवा भी साबित हो सकती है। जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में डायलिसिस सेवा का संचालन एफेक्स किडनी केयर के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब मशीनें कई सप्ताह से खराब हैं, तो उनकी मरम्मत अब तक क्यों नहीं कराई गई? मरीजों की सुविधा के लिए वैकल्पिक मशीनों या अतिरिक्त व्यवस्था की पहल क्यों नहीं की गई? सूत्रों का यह भी दावा है कि इसी माह दो डायलिसिस मरीजों की मृत्यु हुई है। हालांकि इन मौतों का मशीनों की खराबी या सेवा में हुई देरी से कोई प्रत्यक्ष संबंध है या नहीं, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इसके बावजूद बदहाल व्यवस्थाएं और मरीजों की बढ़ती परेशानियां जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग और संबंधित जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या का समाधान कितनी शीघ्रता से करते हैं, ताकि किडनी मरीजों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल सके और उन्हें घंटों इंतजार या दूसरे जिलों की दौड़ लगाने के लिए मजबूर न होना पड़े।

# आदित्यपुर-2 रेलवे कॉलोनी शिव राम दुर्गा मंदिर में हुआ विधि पूर्व देव असन्नन पूजा

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण,ब्यूरो चीफ, कोल्हान**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 जून 2026: आदित्यपुर में सोमवार को पूर्णिमा के दिन आदित्यपुर-2 रेलवे कॉलोनी शिव राम दुर्गा मंदिर में श्री श्री जगन्नाथ रथ यात्रा पूजा मंदिर समिति की ओर से जगन्नाथ प्रभु, माता शुभद्रा, बलभद्र प्रभु, सुदर्शन, माता लक्ष्मी का विधि पूर्व देव असनन पूजा किया गया '



इस पूजा में पुरोहित सरायकेला से खुसो पति, जजमान जय प्रकाश शर्मा, मोहित कुमार, संतोष बेहरा,अभिलाष मिश्रा,संजीत महतो, सत्यजीत साहू, एस.एस यादव, कृष्णा प्रसाद, शांतनु, मनीष, वार्ड नंबर 27 की पार्षद रिंकी कुमारी,अंकित, आयुष, अर्पित, बजरंगी, शिव चरण आदि प्रभु भक्त सामिल हुए पूजा में पूजा विधि विधान के साथ किया गया इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया भक्तो मे ' तारीख 14 जुलाई को नेत्र उत्सव पूजा है जिसके बाद भगवान स्वस्थ होके सभी भक्तों को दर्शन देंगे और 16 जुलाई को सुबह रथयात्रा पूजा होगी और रथयात्रा शाम का समय 4:30 बजे से शुरू होगी जो रेलवे कॉलोनी से होते हुए रोड नंबर 32 से 4 नंबर रोड से इच्छापुर ग्वालपाड़ा दुर्गा मंदिर तक जाएगी।

# आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी पर करणी सेना का फूटा आक्रोश

अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 जून 2026: बीते 27 जून की रात बिष्टुपुर स्थित डबल डॉन बार के नीचे हिमांशु सिंह एवं प्रत्युष सिंह पर हुए जानलेवा हमले को लेकर करणी सेना ने अपना कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। इस संबंध में करणी सेना के प्रतिनिधिमंडल ने बिष्टुपुर थाना प्रभारी से मुलाकात कर अब तक हुई पुलिस कार्रवाई की जानकारी ली तथा शेष बचे आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की। करणी सेना के पदाधिकारियों ने कहा कि जब घटना के सीसीटीवी फुटेज सामने आ चुके हैं और कई आरोपियों की पहचान भी हो चुकी है, तो बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी क्यों हो रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि पुलिस की मौजूदगी में चापड़ जैसे हथियार से इतना गंभीर जानलेवा हमला कैसे हो गया तथा ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई या निलंबन क्यों नहीं किया गया। हिमांशु सिंह और प्रत्युष सिंह दोनों अपने जिंदगी और मौत की जंग से जूझ रहे है । बिष्टुपुर थाना प्रभारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की जांच एवं कार्रवाई लगातार जारी है तथा शेष आरोपियों की भी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।इस अवसर पर करणी सेना के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह, प्रदेश सचिव कमलेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मानगो नगर निगम की निविदा प्रक्रिया की होगी विस्तृत जांच, मेयर ने अन्य टेंडरों और शिलान्यासों की भी मांगी जांच

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

मानगो नगर निगम की अल्पकालीन ई-निविदा (UDHD/MMC/07 /2025-26) से जुड़े कथित प्रक्रियागत, प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों पर मेयर सुधा गुप्ता ने विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं। मेयर कार्यालय द्वारा मूल संचिका और अभिलेखों की प्रारंभिक जांच में निविदा प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में नियमों के पालन पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।


उप नगर आयुक्त का कार्यालय
मानगो नगर निगम, जमशेदपुर-831012
अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

प्राथमिक जांच में अभिलेखों से महत्वपूर्ण पत्रांक के गायब होने, विधिवत लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस (एलओए) जारी किए बिना संविदा प्रक्रिया आगे बढ़ाने, निर्धारित समयसीमा में एकरारनामा निष्पादित न होने तथा अपूर्ण दस्तावेज मिलने जैसी अनियमितताओं की बात सामने आई है। साथ ही अग्रधन जब्ती एवं ब्लैकलिस्टिंग जैसी आवश्यक कार्रवाई नहीं किए जाने तथा निविदा समिति की कार्यवाही पर भी सवाल उठाए गए हैं।

मेयर सुधा गुप्ता ने कहा कि यदि जांच में नियमों की अनदेखी, लापरवाही या सरकारी प्रक्रिया में छेड़छाड़ की पुष्टि होती है तो दोषी अधिकारियों एवं संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम में पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार-मुक्त प्रशासन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

मेयर कार्यालय ने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जांच प्रतिवेदन मांगा है। साथ ही कथित "मैनेज टेंडरों" की जांच के लिए नगर एवं आवास विकास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र भेजा गया है। दिसंबर माह में बिना टेंडर प्रक्रिया, प्राक्कलन और वर्क ऑर्डर के किए गए शिलान्यासों की भी जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा चुनाव के बाद नवगठित बोर्ड की स्वीकृति से पहले जारी किए गए टेंडरों की भी जांच होगी। जांच के निष्कर्षों के आधार पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा कार्यकताओं के सुझावों से संगठन होगा और मजबूत: भानु प्रताप शाही

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर झारखंड भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही अपने दो दिवसीय जमशेदपुर प्रवास के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर लगातार सक्रिय हैं। सोमवार को उन्होंने भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेकर संगठन की मजबूती, कार्यकताओं की भूमिका और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं से संवाद स्थापित करते हुए उनके सुझावों और अनुभवों को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताया।




बिष्टुपुर स्थित परमहंस लक्ष्मीनाथ गोस्वामी मंदिर में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी बबन गुप्ता भी मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के सुझाव, अनुभव और भावनाओं का सम्मान करना भाजपा की कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्यकताओं से प्राप्त सुझावों एवं समस्याओं को प्रदेश नेतृत्व के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जाएगा, ताकि संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय और जनोन्मुख बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक ढांचे को कार्यकताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप सशक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

प्रवास के दौरान भानु प्रताप शाही ने पूर्व जिलाध्यक्षों, पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों, पूर्व जिला पदाधिकारियों तथा निवर्तमान मंडल अध्यक्षों के साथ अलग से बैठक कर संगठन की जमीनी स्थिति, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने वरिष्ठ कार्यकताओं के अनुभव को संगठन की अमूल्य पूंजी बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और अनुभव का लाभ लेकर भाजपा जनसेवा एवं संगठन विस्तार के अभियान को नई गति देगी।

बैठक में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने पिछले एक माह के दौरान जिले में आयोजित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी तथा आगामी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के सहयोग और समर्पण के बल पर भाजपा महानगर लगातार जनहित और संगठन हित में कार्य कर रही है तथा आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला प्रभारी बबन गुप्ता ने जिले में सफलतापूर्वक आयोजित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए एसआईआर से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संगठनात्मक तैयारियों को और मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर भी अपने विचार साझा किए।

संध्याकाल में भानु प्रताप शाही ने मानगो स्थित एक होटल में विभिन्न सामाजिक संगठनों और सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा उपस्थित प्रतिनिधियों के विचारों और सुझावों को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ निरंतर संवाद स्थापित करना भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल है।

अपने दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन मंगलवार को भानु प्रताप शाही विचार परिवार के वरिष्ठजनों से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे सीतारामडेरा एवं गोलमुरी मंडल का दौरा कर बूथ स्तर के भाजपा कार्यकताओं के साथ संवाद स्थापित करेंगे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों तथा बूथ स्तर पर संगठन की तैयारियों की समीक्षा भी करेंगे। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि इस प्रवास से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी तथा आगामी कार्यक्रमों के संचालन में कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

# सुधा डेयरी में कर्मचारी की मौत के बाद परिजन हत्या का केस दर्ज करने और मुआवजे की मांग को लेकर दी आंदोलन की चेतावनी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 जून 2026: जमशेदपुर डेयरी (सुधा दूध कंपनी) के एक कर्मचारी की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद परिजनों ने कंपनी प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. मृतक की पत्नी तारा देवी ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर दावा किया है कि उनके पति रविंद्र नाथ ठाकुर (59) की मौत कंपनी प्रबंधन की कथित लापरवाही के कारण हुई है. उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मामला दर्ज करने, उचित मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी देने की मांग की है.

परिजनों ने उन्हें पहले ईएसआई अस्पताल, आदित्यपुर में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए टीएमएच रेफर किया गया. बाद में चिकित्सकों ने शरीर में जहर का प्रभाव होने की बात बताते हुए उन्हें रिम्स, रांची भेज दिया. रिम्स में इलाज के दौरान 21 जून 2026 को उनकी मौत हो गई. तारा देवी के अनुसार उनके पति रविंद्र नाथ ठाकुर पिछले लगभग 30 वर्षों से जमशेदपुर डेयरी में कार्यरत थे. उनका आरोप है कि 17 जून 2026 को ड्यूटी के दौरान उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई. आरोप है कि समय पर समुचित इलाज की व्यवस्था करने के बजाय कंपनी के दो कर्मचारियों ने उन्हें टेंपो से घर छोड़ दिया. उस समय उनकी हालत इतनी खराब थी कि वे न तो ठीक से चल पा रहे थे और न ही बोल पा रहे थे।

मृतक की पत्नी का आरोप है कि घटना के अगले दिन उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्य कंपनी प्रबंधन से मिलने पहुंचे, लेकिन प्रबंधन ने यह कहते हुए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया कि कर्मचारी की तबीयत खराब होने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया था और इसके बाद कंपनी की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती.




परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती, तो संभवतः उनकी जान बचाई जा सकती थी. उन्होंने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और एक आश्रित को स्थायी नौकरी देने की मांग की है.

उन्होंने यह भी कहा कि 25 जून को समाजसेवी रश्मि भेंगरा के साथ कंपनी प्रबंधन से इस संबंध में वार्ता हुई थी. उस समय प्रबंधन ने 29 जून को आगे की प्रक्रिया के लिए बुलाया था, लेकिन परिजनों का आरोप है कि सोमवार को हुई वार्ता में भी उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया.

परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो 1 जुलाई से जमशेदपुर डेयरी के मुख्य गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना और गेट जाम आंदोलन शुरू किया जाएगा. उनका कहना है कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक उचित मुआवजा, आश्रित को स्थायी नौकरी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होती. प्रेस कांफ्रेंस में रश्मि भेंगरा भी मौजूद रहीं. फिलहाल इस मामले में जमशेदपुर डेयरी प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है.

# आदित्यपुर में राजकीयकृत उड़िया मध्य विद्यालय की नई प्रबंधन समिति गठित, शिक्षा व्यवस्था सुधारने पर जोर

**सरायकेला-खरसावां, समाज जागरण (अभय कुमार मिश्रा)।**

आदित्यपुर स्थित सुमन टावर में रविवार को राजकीयकृत उड़िया मध्य विद्यालय की प्रबंधन समिति के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति, उड़िया भाषा की पढ़ाई, शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यालय के समुचित संचालन पर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से रवि सतपथी को अध्यक्ष और जयंती दास को सचिव चुना गया।

बैठक में विद्यालय में उड़िया शिक्षक होने के बावजूद नियमित पठन-पाठन नहीं होने तथा पूर्व प्रबंधन समिति के निष्क्रिय होने पर चिंता व्यक्त की गई। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।



नई समिति में मनोज दास को कोषाध्यक्ष, संजय सतपथी एवं बिश्वजीत मोहंती को उपाध्यक्ष, माधव चंद्र साहू को संयुक्त सचिव तथा अरुण आचार्य, निर्वासित प्रधान और दिलीप प्रधान को सह सचिव बनाया गया। अलीना दास को सोशल मीडिया प्रभारी, संजय कुमार सतपथी को संस्थापक एवं संरक्षक तथा अधिवक्ता राहुल गोस्वामी को विधिक सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए कई नए सदस्यों को भी शामिल किया गया।

नवगठित समिति ने विद्यालय में नियमित उड़िया पठन-पाठन सुनिश्चित करने, शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा विद्यालय के समग्र विकास के लिए समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपील की।

# आर आई टी क्षेत्र के बिंदु मेडिकल स्टोर में चोरी, बाहर रखे फ्रिज से समान हुआ चोरी

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 29 जून 2026: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर कॉलोनी के हरि लक्ष्मी एन्क्लेव नियर वास्तु विहार गेट,साई कॉलोनी आदित्यपुर-2 में बिंदु मेडिकल से चोरों ने बीती रात चोरी की घटना को अंजाम दिया।



दुकान के मालिक का कहना है कि रोज की तरह रविवार को अपने दुकान को बंद करके घर गए और सुबह जब वापस आए तो फ्रिज का ताला टूटा हुआ पाया और पाया कि उसमें रखे हुए कोल्ड ड्रिंक चॉकलेट इत्यादि नहीं है। दुकान के मालिक सूरज शर्मा ने चोरी की घटना का लिखित शिकायत आर आई टी थाना में की है वही इस पूरे मामले कि जांच में पुलिस जुट गई है।

# पटना विशेष उत्पाद न्यायालय से डॉ. अभिषेक मुंडू सम्मानपूर्वक बरी, कहा- सत्य और न्याय की हुई जीत

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में माननीय विशेष उत्पाद न्यायालय, पटना ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए डॉ. अभिषेक मुंडू को सभी आरोपों से सम्मानपूर्वक बरी कर दिया है। न्यायालय ने मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों, दस्तावेजों और अभियोजन पक्ष के तर्कों का विस्तृत परीक्षण करने के बाद पाया कि आरोप संदेह से परे सिद्ध नहीं हो सके। इसके आधार पर अदालत ने डॉ. मुंडू को दोषमुक्त घोषित करते हुए उनके विरुद्ध लंबित आपराधिक कार्यवाही का समापन कर दिया।

न्यायालय के फैसले के बाद जमशेदपुर के एक होटल में डॉ. अभिषेक मुंडू और डॉ. मृतुन्जय सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर मीडिया को पूरे मामले की जानकारी दी। इस दौरान दोनों ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें शुरू से ही देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास था और अंततः सत्य एवं न्याय की जीत हुई है।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए डॉ. अभिषेक मुंडू ने कहा कि यह फैसला उनके लिए केवल कानूनी जीत नहीं, बल्कि संविधान, न्यायपालिका और सत्य में उनकी आस्था की जीत है। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी भी न्याय व्यवस्था पर अपना भरोसा नहीं खोया। उन्होंने कहा, "मुझे भारत की न्यायपालिका पर सदैव पूर्ण विश्वास रहा है। माननीय न्यायालय के इस निर्णय से सत्य की विजय हुई है। मैं न्यायालय के फैसले का पूर्ण सम्मान करता हूं और आगे भी अपने सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ करता रहूंगा।" डॉ. मुंडू ने कहा कि न्यायालय से दोषमुक्त होने के बाद अब उन्हें उम्मीद है कि उनके सेवा संबंधी सभी वैधानिक अधिकारों का शीघ्र निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका लंबित वेतन, अन्य बकाया देयक तथा सतर्कता (विजिलेंस) से संबंधित औपचारिकताएं भी अब बिना किसी अनावश्यक विलंब के पूरी की जानी चाहिए, ताकि वे पूरी तरह से अपने पेशेवर दायित्वों का निर्वहन कर सकें।



प्रेसवार्ता में मौजूद डॉ. मृतुन्जय सिंह ने भी न्यायालय के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न्यायपालिका की निष्पक्षता और कानून के शासन में लोगों के विश्वास को और मजबूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध लगाए गए आरोपों का अंतिम निर्णय न्यायालय ही करता है और न्यायिक प्रक्रिया पूरी होने से पहले किसी को दोषी मान लेना उचित नहीं है। उन्होंने समाज से अपील की कि वह न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करे और तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर दिए गए न्यायालय के निर्णयों पर विश्वास बनाए रखे।

डॉ. अभिषेक मुंडु ने इस अवसर पर अपने परिवार, शुभचिंतकों, सहयोगियों, अधिवक्ताओं तथा उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने पूरे कानूनी संघर्ष के दौरान उनका मनोबल बनाए रखा और उन पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि अब उनका पूरा ध्यान अपने पेशेवर दायित्वों और सामाजिक कार्यों पर रहेगा तथा वे पहले की तरह पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ समाज की सेवा करते रहेंगे।

विशेष उत्पाद न्यायालय, पटना का यह फैसला न केवल डॉ. अभिषेक मुंडू के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, बल्कि यह भारतीय न्यायपालिका की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विधि के शासन में आम नागरिकों के विश्वास को भी मजबूत करने वाला निर्णय है। न्यायालय के आदेश के साथ ही बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत उनके विरुद्ध लंबित आपराधिक कार्यवाही का औपचारिक रूप से समापन हो गया। प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. मुंडू ने कहा कि वह भविष्य में भी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए समाज और अपने पेशे के प्रति समर्पित रहेंगे।

# पोटका में मलेरिया संकट के बीच मैदान में उतरे विधायक संजीव सरदार, प्रभावित गांवों का दौरा कर राहत कार्यों का लिया जायजा

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

पोटका प्रखंड में तेजी से बढ़ रहे मलेरिया संक्रमण और ब्रेन मलेरिया से हुई बच्चों की मौतों के बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के साथ हुई आपात बैठक के बाद सोमवार को पोटका विधायक संजीव सरदार स्वयं प्रभावित गांवों के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया, अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों से स्थिति की जानकारी ली तथा अभियान को और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए।

विधायक का पहला दौरा सानग्राम गांव में हुआ, जहां हाल ही में ब्रेन मलेरिया से एक स्कूली छात्रा की मौत हुई थी। गांव पहुंचकर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे स्वास्थ्य जांच शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने घर-घर जाकर किए जा रहे डीडीटी छिड़काव अभियान का जायजा लिया और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि बुखार, सिरदर्द, उल्टी या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर इलाज में देरी न करें और तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच कराएं।



उन्होंने ग्रामीणों को मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने, घरों के आसपास जलजमाव नहीं होने देने, मच्छरदानी का उपयोग करने तथा स्वास्थ्य विभाग के अभियान में सहयोग करने की भी अपील की। विधायक ने कहा कि समय पर जांच और उपचार से मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

इसके बाद विधायक हरिणा पंचायत के कोंदर गांव पहुंचे, जिसे फिलहाल मलेरिया का हॉटस्पॉट माना जा रहा है। इस गांव में ब्रेन मलेरिया से दो बच्चों की मौत हो चुकी है, जिससे पूरे इलाके में चिंता का माहौल है। विधायक ने यहां चल रहे मलेरिया जांच अभियान, दवा वितरण और डीडीटी छिड़काव कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से प्रभावित परिवारों और गांव के सभी लोगों की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने को कहा।

कोंदर गांव में विधायक ने मृत दोनों बच्चों के पिता महावीर सरदार से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दुख की इस घड़ी में परिवार को सांत्वना दी और आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक परिवार की नहीं बल्कि पूरे समाज की पीड़ा है और सरकार तथा प्रशासन हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य टीम लगातार मौजूद रहे, प्रत्येक घर तक पहुंचकर जांच करे, आवश्यक दवाओं का वितरण सुनिश्चित करे तथा गंभीर मरीजों को तत्काल अस्पताल भेजने की व्यवस्था की जाए।

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि मलेरिया संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर डीडीटी छिड़काव और घर-घर स्वास्थ्य जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग दस वर्षों से केंद्र सरकार द्वारा संचालित डीडीटी छिड़काव कार्यक्रम बंद होने के कारण कई क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण की चुनौती बढ़ी है। उनका कहना था कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर दोबारा डीडीटी छिड़काव की आवश्यकता है, ताकि मच्छरों के प्रजनन पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि जांच अभियान, दवा वितरण, फॉगिंग और जनजागरूकता कार्यक्रमों को और तेज किया जाए। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर लोगों को बीमारी के लक्षण, बचाव के उपाय और समय पर उपचार के महत्व के बारे में जानकारी दी जाए।

विधायक ने कहा कि लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रशासन पूरी गंभीरता तथा सतर्कता के साथ स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावित गांवों में आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

ग्रामीणों ने भी विधायक के दौरे और स्वास्थ्य विभाग की बढ़ी हुई सक्रियता का स्वागत किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि लगातार निगरानी, समय पर जांच, दवा वितरण और व्यापक स्तर पर डीडीटी छिड़काव से मलेरिया संक्रमण पर जल्द नियंत्रण पाया जा सकेगा और भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

# तीन करोड़ रुपये की हेरोइननुमा मादक पदार्थ जब्त, तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



29 जून। मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत किशनगंज पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1.500 किलोग्राम हेरोइननुमा मादक पदार्थ, चार मोबाइल फोन तथा 9,950 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब तीन करोड़ रुपये है।

एसडीपीओ-1 खुसरू सिराज ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिम बंगाल के मालदा से मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप बहादुरगंज लाई जा रही है। सूचना के आधार पर एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में जिला आसूचना इकाई, एएनटीएफ और किशनगंज थाना पुलिस की संयुक्त विशेष टीम गठित की गई।

विशेष टीम ने रामपुर चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान मालदा से आई एक बस से उतरे तीन संदिग्ध युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में तलाशी लेने पर उनके बैग से 1.500 किलोग्राम हेरोइननुमा मादक पदार्थ बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोज अंसारी (22), अमजद अंसारी उर्फ इस्मता उर्फ गामा (28) तथा रहीस अंसारी उर्फ सागर साह (23) के रूप में हुई है। तीनों बहादुरगंज थाना क्षेत्र के लोहागाड़ा इस्तमा टोला के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने कथित रूप से स्वीकार किया कि वे एक संगठित गिरोह के माध्यम से मादक पदार्थों की तस्करी करते थे। प्रारंभिक जांच में इस सिंडिकेट के तार मालदा (पश्चिम बंगाल) और किशनगंज के अन्य तस्करों से जुड़े होने की जानकारी मिली है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही बैकवर्ड एवं फॉरवर्ड लिंकेज तथा अवैध संपत्ति की भी जांच की जा रही है।

इस संबंध में किशनगंज थाना में कांड संख्या 694/26 दर्ज किया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111 तथा एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 8(सी), 18(सी), 21(सी), 29 और 31 के तहत कार्रवाई की गई है।

# शिक्षा, महंगाई और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस का पैदल मार्च, सरकार का पुतला दहन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




29 जून,ठाकुरगंज। शिक्षा व्यवस्था, बढ़ती महंगाई और कानून-व्यवस्था के मुद्दों को लेकर सोमवार को ठाकुरगंज नगर पंचायत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं बिहार सरकार के खिलाफ पैदल मार्च निकालकर जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता मोहम्मद सलीम के नेतृत्व में निकाला गया यह मार्च मस्तान चौक से शुरू होकर डीडीसी मार्केट तक पहुंचा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए। डीडीसी मार्केट पहुंचने पर केंद्र सरकार, बिहार सरकार तथा बिहार के शिक्षा मंत्री का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया।

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता मोहम्मद सलीम ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम जनता का जीवन कठिन बना दिया है। रसोई गैस, खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, लेकिन सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था लगातार कमजोर होती जा रही है और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटका रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संबंधी नीतियों और निर्णयों से छात्रों तथा अभिभावकों में असंतोष बढ़ रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में अपराध की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आम लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असफल रही है और प्रशासनिक व्यवस्था भी कमजोर पड़ गई है। नेताओं ने सरकार से जनहित से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की मांग की।

पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने "महंगाई कम करो", "शिक्षा बचाओ" और "जनविरोधी नीतियां वापस लो" जैसे नारे लगाए। शांतिपूर्ण ढंग से निकाले गए इस मार्च के समापन पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और कांग्रेस जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर आगे भी संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जनता की समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सोहेल उर्फ राजा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव, पूर्व मुखिया गणेश राय, अभय सिंह, मोहम्मद सुलेमान, अनवारूल, सरफराज, मोहम्मद मुन्ना, मोहम्मद सेनू, मोहम्मद जूनेद आलम, मोहम्मद साबीर आलम, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद मकसूद आलम, फैसल रहमानी, मोहम्मद राहील, मोहम्मद शहबाज, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नजीर आलम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का धरना, केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

29 जून,टेढ़ागाछ। नीट पेपर लीक मामले के विरोध में कांग्रेस ने सोमवार को टेढ़ागाछ प्रखंड के बैगना में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जय प्रकाश गिरी ने किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



करते हुए परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि शौकत अली सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

वक्ताओं ने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाएं लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं और इससे शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए प्रभावी एवं ठोस कदम उठाने की मांग की।

कार्यक्रम में विभिन्न पंचायतों के कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में छात्रों के हितों की रक्षा, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

# दिघलबैंक में तीन सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन जारी, एक अनशनकारी की बिगड़ी तबीयत

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




29 जून,दिघलबैंक प्रखंड मुख्यालय स्थित दिघलबैंक बाजार में नागरिक एकता मंच के बैनर तले तीन सूत्री मांगों को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन आमरण अनशन के दौरान सोमवार को एक अनशनकारी की तबीयत बिगड़ गई। बीमार अनशनकारी की पहचान राहुल मंडल के रूप में हुई है।

अनशनकारी क्षेत्र में पावर ग्रिड की स्थापना, मोबाइल नेटवर्क व्यवस्था में सुधार तथा जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं नवीकरण की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हैं। उनका कहना है कि वर्षों से इन बुनियादी समस्याओं के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। मजबूर होकर उन्हें आमरण अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा है।

सोमवार को अनशन के दौरान राहुल मंडल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अनशनकारियों का आरोप है कि सूचना मिलने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग की कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची और न ही अनशनकारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इससे अनशनकारियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी गई।

अनशनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी तीनों मांगों पर ठोस आश्वासन और कार्रवाई शुरू नहीं होती, तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से अविलंब स्वास्थ्य टीम भेजने तथा उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

# आद्रा नक्षत्र में नबीनगर के सोखा बाबा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, लगा भव्य मेला

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)आद्रा नक्षत्र के पावन अवसर पर सोमवार को नबीनगर के सुप्रसिद्ध सोखा बाबा मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर के बाहर में भव्य मेले का आयोजन किया गया, जहां सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।मंदिर परिसर में प्रसाद, फूल-माला की दुकानें सजी रहीं। मेले में आए श्रद्धालु बच्चों के खिलौने, सौंदर्य सामग्री, जलेबी , चाट और पकौड़ी की दुकानों पर खूब भीड़ लगाए दिखे। पूरा माहौल भक्तिमय और उत्साह से भरा रहा।मान्यता है कि किसान आद्रा नक्षत्र में सोखा बाबा की पूजा-अर्चना कर खेती का कार्य शुरू करते हैं। भक्तों का विश्वास है कि सोखा बाबा की पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और फसल अच्छी होती है। सोखा बाबा का एक नाम माधो दास भी है। आद्रा नक्षत्र मे दूर-दराज से किसान परिवार भी दर्शन के लिए पहुंचे। स्थानीय लोगों में सोखा बाबा की महिमा को लेकर गहरी आस्था है। कहा जाता है कि विषैले जीव-जंतु के काटने पर जो भी भक्त इस मंदिर परिसर में आता है, वह ठीक होकर घर लौटता है। यही वजह है कि लोग मंदिर परिसर की मिट्टी लेकर जाते हैं और अपने घरों में छिड़काव करते हैं। मान्यता है कि इससे विषैले जीव-जंतु घर से दूर भाग जाते हैं।भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। स्वयंसेवकों ने भी व्यवस्था संभालने में सहयोग किया। 22 जून से शुरू हुए आद्रा नक्षत्र 6 जुलाई तक है। इस बीच सोखा बाबा मंदिर में किसानों सहित अन्य भक्त जन दूर दूर से आद्रा नक्षत्र में पूज अर्चना करने आते है।सोखा बाबा का मुख्य प्रसाद गुड़ है।भक्त जन प्रत्येक सोमवार को अवश्य इस मंदिर में दर्शन करने आते है।

# एनटीपीसी पुलिस की कार्रवाई: मंगाबार गांव से एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे एक आजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंगाबार गांव निवासी रोहित कुमार के रूप में हुई है।एनटीपीसी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि न्यायालय से



निर्गत गैर जमानती वारंट का आरोपी रोहित कुमार अपने गांव मंगाबार में छिपा हुआ है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित कुमार को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया । पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा था।एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी रोहित कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस फरार वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

# पटना सिटी में वनस्पति गोदाम में लगी भीषण आग

## 21 फायर यूनिट की पांच घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महुली रोड स्थित एक डालडा वनस्पति गोदाम में रविवार मध्य रात्रि भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तीव्र थीं कि आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल कायम हो गया। गनीमत रही कि समय रहते दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग हरकत में आया। आग बुझाने के लिए मौके पर 21 से अधिक छोटी-बड़ी फायर यूनिट और हाइड्रोलिक गाड़ियां तैनात की गईं। फायर अफसर अजय कुमार शर्मा ने बताया कि आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि उन्हें पूरी तरह नियंत्रित करने में दमकल कर्मियों को लगभग पांच घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि, आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन पूरी तरह बुझाने के लिए फायर कर्मी अभी भी मौके पर कार्य कर रहे हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का आधिकारिक तौर पर पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर इसे बिजली के शॉर्ट सर्किट से जुड़ी घटना माना जा रहा है। गोदाम में रखे वनस्पति उत्पाद और अन्य सामग्रियों को कितना नुकसान पहुँचा है, इसका सटीक आकलन किया जा रहा है।घटना के समय आसपास के लोग दहशत में आ गए थे। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पड़ोसी घरों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक फैलने का खतरा बना हुआ था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल की गाड़ियां समय पर नहीं पहुँचतीं, तो बड़ी तबाही हो सकती थी। मौके पर दीदारगंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार और पुलिस बल की टीम भी पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए थी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि नुकसान का आकलन होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो पाएगी। फिलहाल इलाके में स्थिति सामान्य है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात है।

# पटना के पालीगंज को मिली बड़ी न्यायिक सौगात

## उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने नवनिर्मित अनुमंडल व्यवहार न्यायालय का किया उद्घाटन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल वासियों के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा। अब यहाँ के निवासियों को न्याय के लिए दानापुर के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय ने पालीगंज अनुमंडल के नवनिर्मित अत्याधुनिक न्यायालय भवन, वकीलों के लिए भव्य हॉल, आधुनिक हजत भवन और न्यायाधीशों के आवासीय परिसर का विधिवत उद्घाटन किया। इस नए न्यायालय परिसर के शुरू होने से पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र के लाखों लोगों की बड़ी समस्या का समाधान हो गया है। दशकों से यहाँ के लोग छोटी-बड़ी कानूनी लड़ाइयों के लिए दानापुर की लंबी दूरी तय करने को मजबूर थे। अब उन्हें अपने ही अनुमंडल में त्वरित और सुलभ न्याय मिल सकेगा। इससे मुकदमों के निपटारे की गति में तेजी आएगी और न्याय प्रणाली स्थानीय स्तर पर और अधिक सुदृढ़ होगी। उद्घाटन समारोह में न्यायिक जगत की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटना उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मीनाक्षी मदन राय थीं। उनके साथ पटना न्यायपालिका के निरीक्षण न्यायमूर्ति मोहित कुमार शाह और पटना जिले के जिला सत्र न्यायाधीश रूपेश देव विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह स्थल पर पहुँचने पर मुख्य न्यायाधीश को स्थानीय पुलिस बल द्वारा पारंपरिक और सम्मानजनक 'गार्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया गया। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश और विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर नए कोर्ट परिसर के विभिन्न विंग का लोकार्पण किया। नवनिर्मित भवन में बुनियादी ढांचों का विशेष ध्यान रखा गया है। वकीलों के लिए बनाए गए भव्य हॉल से अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किलों से चर्चा करने और कानूनी दस्तावेजों के प्रबंधन के लिए एक बेहतर कार्यस्थल मिलेगा। वहीं, आधुनिक हजत भवन बनने से कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था और कैदियों की निगरानी और अधिक पुख्ता हो जाएगी। न्यायाधीशों के लिए बने नए आवासीय परिसर से उनके कार्य संचालन में भी सहूलियत होगी।पटना हाई कोर्ट के जजों के आगमन और श्श्क्द्ध कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। राजधानी पटना से पालीगंज तक पूरे रूट पर सुरक्षा बलों की पैनी नजर थी। प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील बिंदुओं पर भारी संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट तैनात रहे, ताकि समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस मौके पर पटना हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता, स्थानीय बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में न्यायिक कर्मी उपस्थित थे, जिन्होंने इस नई शुरूआत पर अपार हर्ष व्यक्त किया।

# संस्कृत भारतीय ज्ञान परंपरा की आधारशिला

## इसके संरक्षण के लिए समाज और सरकार मिलकर करें प्रयास

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी स्थित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (बीआईए) सभागार में 'समग्र संस्कृत विकास समिति, बिहार' द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मान समारोह में विद्वानों ने एक स्वर में संस्कृत भाषा के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत केवल प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि यह हमारी सभ्यता, संस्कृति और गौरवशाली ज्ञान-विज्ञान की मूल आधारशिला है। समारोह का उद्घाटन पूर्व कुलपति आर.के. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा




कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है और इसे बचाना हमारा सांस्कृतिक दायित्व है। बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार संस्कृत के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए हर संभव सहयोग देने को तत्पर है। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति का मूलाधार बताया। मुख्य वक्ता प्रो. आर.सी. सिन्हा ने भारतीय दर्शन के संदर्भ में संस्कृत की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए नई शिक्षा नीति में इसके महत्व को रेखांकित किया। विधान पार्षद प्रो. नवल किशोर यादव ने आचार्य चाणक्य के राष्ट्र-चिंतन को आज की पीढ़ी के लिए अनिवार्य प्रेरणा बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय ने की। उन्होंने समाज, शिक्षण संस्थानों और सरकार के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया, ताकि इस प्राचीन भाषा को नई ऊंचाइयां दी जा सकें। समारोह के दौरान संस्कृत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य भर के लगभग 80 विद्वानों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रमुख चेहरों में डॉ. सुबोध कुमार सिंह, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. पल्लवी, शैलेश कुमार त्रिपाठी, सुधांशु रंजन, डॉ. गौतम जितेन्द्र, डॉ. सुषमा कुमारी और डॉ. नीतू कुमारी सहित अन्य शामिल रहे। समिति की संयोजक डॉ. मिथिलेश कुमारी तिवारी ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश कुमार ओझा एवं डॉ. शिवकांत तिवारी ने संयुक्त रूप से किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ज्योतिशंकर सिंह ने प्रस्तुत किया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में शिक्षाविदों, समाजसेवियों और संस्कृत प्रेमियों की भारी उपस्थिति रही।

# पटना में सात प्रखंडों में जल्द खुलेंगे नये डिग्री कॉलेज जमीन चिह्नीकरण का काम शुरू

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राज्य के ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए सरकार ने कवायद तेज कर दी है। पटना जिले के सात प्रखंडों में नये डिग्री कॉलेजों की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए जमीन चिह्नीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुसार, यदि कॉलेज ग्रामीण इलाके में बनता है, तो उसके लिए पांच एकड़ जमीन अनिवार्य होगी। वहीं, यदि कॉलेज प्रखंड मुख्यालय से सटे नगर क्षेत्र में स्थापित होता है, तो इसके लिए 2.5 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। पटना जिले के अथमलगोला, बेलछी, दनियावां, घोसवरी, खुसरूपुर, मनेर और संपतचक प्रखंडों में ये कॉलेज खोले जाएंगे।अपर समाहर्ता के निर्देश पर संबंधित अंचल अधिकारियों (उड) को उपयुक्त सरकारी जमीन खोजने का कार्य सौंपा गया है। प्राथमिकता सरकारी भूमि को दी जा रही है, ताकि कॉलेज निर्माण में सहूलियत हो सके। यदि तय मानकों के अनुरूप सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं हो पाती है, तो ऐसी स्थिति में रैयतों (निजी भूमि मालिकों) से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। हाल ही में एसडीओ, बीडीओ और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक में इन तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। स्थायी भवन निर्माण की प्रक्रिया लंबी होती है, इसे देखते हुए सरकार ने सत्र को नियमित रखने का निर्णय लिया है। नये कॉलेजों का संचालन एक जुलाई से अस्थायी भवनों में शुरू हो जाएगा। इसके लिए अधिकांश सरकारी विद्यालयों का चयन किया गया है। अस्थायी परिसर में भी विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि चयनित भवनों की मरम्मत और रंग-रोगन के साथ-साथ वहां फर्नीचर, कंप्यूटर, वाई-फाई, शुद्ध पेयजल, आरओ और वाटर कूलर जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। वित्तीय नियमों का पालन करते हुए इन सभी व्यवस्थाओं को तत्काल पूरा करने को कहा गया है, ताकि छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों में कोई बाधा न आए।

# पटना के दानापुर मंडल में रेल ट्रैक पर रील बनाना पड़ा भारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ सोशल मीडिया पर 'रील' बनाने का क्रेज अब युवाओं के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। विशेषकर रेलवे ट्रैक और स्टेशन परिसर में रील बनाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए दानापुर रेल मंडल ने सख्ती बढ़ा दी है। मंडल प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति रेलवे ट्रैक या प्रतिबंधित स्टेशन परिसर में रील बनाते हुए पकड़ा गया, तो उसे न केवल भारी जुमार्ना भरना पड़ेगा, बल्कि छह महीने की जेल की सजा भी भुगतनी पड़ सकती है। रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और यात्रियों को संभावित हादसों से बचाने के लिए दानापुर मंडल ने एक विशेष कार्ययोजना तैयार की है। पटना जंक्शन, पाटलिपुत्र, राजेंद्र नगर, दानापुर, आरा, बक्सर और राजगीर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर निगरानी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। रेलवे पुलिस, स्टेशन मास्टर और यातायात निरीक्षकों की देखरेख में ये टीमें तैनात रहेंगी। रील बनाने वालों पर नजर रखने के लिए आठ-आठ घंटे की दो पालियों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

# सीएनएलयू में अब साइबर कानून की पढ़ाई 60 सीटों के लिए मची होड़, 150 से अधिक आवेदन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ डिजिटल युग की बदलती जरूरतों और तकनीक पर आधारित अपराधों पर लगाम लगाने के लिए चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (सीएनएलयू), पटना ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने पहली बार 'साइबर लॉ' पाठ्यक्रम की शुरूआत की है, जिसे लेकर छात्रों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस नये कोर्स के प्रति छात्रों की रुचि का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केवल 60 सीटों के लिए अब तक 150 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 जून थी। अब चयनित अभ्यर्थियों की योग्यता परखने के लिए 4 और 5 जुलाई को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और मेरिट के आधार पर ही छात्रों का चयन किया जाएगा। आज के डिजिटल दौर में साइबर अपराध, डेटा सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी कानूनों की प्रासंगिकता तेजी से बढ़ी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सीएनएलयू ने इस विशेष पाठ्यक्रम को तैयार किया है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों का मानना है कि यह कोर्स न केवल कानूनी शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा, बल्कि छात्रों को साइबर कानून के जटिल पहलुओं की गहराई से समझ प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए एक कुशल विशेषज्ञ के रूप में तैयार करेगा। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी कानूनी चुनौतियों और उनके समाधानों का व्यावहारिक ज्ञान मिलेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले समय में साइबर लॉ के जानकारों की मांग कॉर्पोरेट जगत से लेकर सरकारी संस्थानों तक में काफी बढ़ने वाली है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों के लिए करियर के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। सीएनएलयू का यह कदम पटना को कानूनी शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।